हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • रविवार • 24.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 33 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### बस से दो करोड़ के जाली नोट बरामद

**रांची** : रांची की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने न्यू मार्केट स्थित बस स्टैंड में खड़ी एक बस से भारी मात्रा में जाली नोट बरामद किया है। बरामद नोट दो करोड़ रुपये बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सह रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना से आने वाली एक बस से बड़े पैमाने पर जाली नोट लाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि एसएसपी को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में शामिल अधिकारियों ने शनिवार की सुबह बस स्टैंड में छापेमारी कर बस पर रखे बक्से में बंद जाली रुपए को बरामद किया। पुलिस इस मामले में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने एक कार भी जब्त किया है।

### कांग्रेस नहीं इंडी गठबंधन से चुनाव लड़ने हुआ तैयार : सुदर्शन रेड्डी

**नयी दिल्ली** : इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं चुनाव लड़ूंगा। यह प्रस्ताव सबसे पहले कांग्रेस पार्टी की तरफ से आया था। कांग्रेस पार्टी के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों ने इसकी शुरूआत की और मैंने अपना विचार व्यक्त किया कि मेरे लिए किसी विशेष राजनीतिक दल का उम्मीदवार बनना मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर इंडी गठबंधन के दल सहमत होते हैं और मुझे उम्मीदवार के रूप में विचार करते हैं, तो मैं चुनाव लड़ूंगा।

### भारत में अमेरिका के अगले राजदूत होंगे सर्जियो गोर

**नयी दिल्ली** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने लंबे समय से सहयोगी और भरोसेमंद राजनीतिक रणनीतिकार सर्जियो गोर को भारत में अगले अमेरिकी राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत नियुक्त करने की घोषणा की है। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए एक बयान में, ट्रंप ने गोर की निष्ठा, संगठनात्मक प्रतिभा और उनके राजनीतिक एवं सरकारी कार्यों में उनकी गहरी भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि सर्जियो गोर को भारत का अगला अमेरिकी राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत बनाया जा रहा है। ट्रंप ने बताया कि राष्ट्रपति कार्यालय में कार्मिक निदेशक के तौर पर गोर और उनकी टीम ने बहुत कम समय में करीब 4,000 लोगों की नियुक्ति की, जिससे सरकारी विभागों में 95 प्रतिशत से ज्यादा पद भर गए। सर्जियो अपनी नियुक्ति की पुष्टि होने तक व्हाइट हाउस में अपनी वर्तमान भूमिका में बने रहेंगे। ट्रंप ने गोर की भूमिका की तारीफ करते हुए कहा कि वे लंबे समय से उनके साथ काम कर रहे हैं। गोर ने उनके ऐतिहासिक चुनावी अभियानों में काम किया, उनकी किताबें प्रकाशित कीं और उनके समर्थन में सबसे बड़े राजनीतिक अभियान संगठनों में से एक को चलाया।

# झारखंड में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, अब तक पांच की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में भारी बारिश के कारण हाल के दिनों में कई हादसे सामने आए हैं। शुक्रवार और शनिवार को अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरायकेला-खरसावां जिले में शुक्रवार रात एक मकान गिरने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में हुई इस घटना में आठ लोग घायल हुए। बीडीओ मलय दास ने बताया कि एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान महिला और बच्चे की मौत हुई। संतोष लोहार नामक व्यक्ति का कच्चा मकान गिरने से भी कई लोग घायल हुए। सात अन्य घटनाओं में खरसावां थाना क्षेत्र के कोल शिमला में एक घर की दीवार गिरने से पांच साल के बच्चे की मौत और तीन अन्य घायल हुए। चतरा जिले के कटघरा गांव में उफनती नदी में दंपति बह गए, जिसमें पति का शव बरामद किया गया, जबकि पत्नी अभी लापता है। वहीं, पत्थलगडा प्रखंड के खैराटोला गांव में भी बारिश से एक व्यक्ति की मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित इलाकों में



राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन और स्थानीय टीमें सुरक्षित स्थानों पर लोगों को पहुंचाने और घायल व्यक्तियों का उपचार सुनिश्चित करने में जुटी हैं। झारखंड में मॉनसून के दौरान भारी बारिश से जुड़े हादसों की चेतावनी जारी है, और लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के पार, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ते हुए खतरे के निशान को पार कर गया है। जिला प्रशासन ने दोनों नदियों के तटीय और डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे किसी भी परिस्थिति में नदी किनारे न जाएं और सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर शरण लें। जानकारी के अनुसार, स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर आमतौर पर 121.50 मीटर पर खतरे का निशान पार करता है। शुक्रवार शाम को पर इसका जलस्तर 121.64 मीटर दर्ज किया गया। इसी तरह, खरकई नदी का सामान्य खतरे का स्तर 129 मीटर है, जबकि शुक्रवार को आदित्यपुर पुल स्थल पर इसका जलस्तर बढ़कर 130.15 मीटर तक पहुंच गया। जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव दलों को भी तैयार रहने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

### जगरनाथपुर मंदिर की सड़क धंसी, रेलिंग टूटी

बारिश के दबाव से जहां धुर्वा डैम ओवरफ्लो होने लगा है। वहीं, धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगरनाथपुर मंदिर परिसर भी प्रभावित हो गया। मुख्य मंदिर तक जाने वाली सड़क पर गहरी दरारें पड़ गई हैं, जबकि मंदिर की सीढ़ियों में लगी रेलिंग धंसकर हिलने लगी है। कई रेलिंग जमीन में घुस गई। इससे मंदिर परिसर और आसपास रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि लगातार बारिश और डैम से बढ़ते पानी का दबाव स्थिति को और गंभीर बना सकता है। जगरनाथ मंदिर न्याय समिति के प्रथम सेवक सह सदस्य एवं बड़कागढ़ स्टेट के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शहदेव ने जिला प्रशासन और सरकार से त्वरित निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू रहे, इसके लिए सड़क और सीढ़ियों की मरम्मत तुरंत होनी चाहिए।

### खूंटी में नदियां उफान पर

खूंटी जिले में भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। रांची-खूंटी मार्ग पर स्थित तजना नदी अपने रौद्र रूप में है, जिसका जलस्तर पुल तक पहुंच गया है। नदी के किनारे स्थित तजना मुक्ति धाम भी डूब गया है।

# बिहार के पटना में ट्रक-ऑटो की टक्कर में आठ की मौत



एजेंसी

**पटना** : राजधानी पटना में शनिवार सुबह 6 बजे शाहजहांपुर-दनियावां-हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास ट्रक-ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार 08 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक नालंदा जिले के हिलसा के मलावा गांव के निवासी थे। मृतकों में पांच महिलाएं हैं। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ितों का खून सड़क पर फैल गया।

पटना के ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक ऑटो में सवार सभी लोग नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावा गांव निवासी थे। जो पटना जिले फतुहा त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान के लिए आए थे। मृतकों में संजू देवी (60) पति राजेंद्र प्रसाद, दीपिका पासवान (35) पति धनंजय पासवान, कुसुम देवी (48) पति चंद्रमौली पांडेय, चंदन कुमार (30) चालक, कंचन पांडेय (34) पिता परशुराम पांडेय शामिल हैं। इसके साथ ही दुर्घटना में बीरेंद्र राउत की पत्नी, शंभू राम की पत्नी और विकास राम की पत्नी की भी मौत हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और कई शव सड़क पर बिखर गए। मृतकों में सभी 8 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

यह घटना शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाइवे 4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुई। ऑटो की ट्रक से टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि उसको सुनकर आस पास के लोग दौड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी और फिर जख्मी लोगों को बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच भेजा है। सभी लोग की पहचान नालंदा के रेरा मलामा गांव निवासी के रूप में हुई हैं। एक ऑटो पर सवार होकर ये सभी लोग गंगा स्नान करने जा रहे थे। इसी क्रम में यह घटना हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पटना के शाहजहांपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, टैंक लॉरी तेज रफ्तार में आ रही थी और ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद उसकी ऑटो से सीधी टक्कर हुई।

# ट्रंप के टैरिफ पर भारत का कड़ा रुख, डाक विभाग ने अमेरिका के लिए बुकिंग रोकी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारी-भरकम 50% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने कड़ा रुख अख्तियार करना शुरू कर दिया है। भारत के डाक विभाग ने 25 अगस्त 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की है। यह फैसला सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) और संयुक्त राज्य डाक सेवा (यूएसपीएस) की ओर से लगाए गए नए प्रावधानों और प्रक्रियाओं के चलते लिया गया है।

**किन वस्तुओं पर मिलेगी छूट**

हालांकि, डाक विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह रोक पूरी तरह से नहीं होगी। पत्रों और दस्तावेजों के साथ-साथ 100 अमेरिकी डॉलर तक मूल्य वाले उपहार इस रोक से मुक्त रहेंगे। इन वस्तुओं को पहले की तरह स्वीकार किया जाएगा और अमेरिका भेजने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

**भारत ने क्यों उठाया ऐसा कदम**

अमेरिका की सीमा सुरक्षा और डाक सेवाओं ने हाल के महीनों में आयातित वस्तुओं की सुरक्षा, वैधता और मूल्य सीमा पर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों को लागू करने के लिए भारतीय डाक विभाग ने यह अस्थायी रोक लगाई है। विभाग का कहना है कि जब तक सीबीपी और यूएसपीएस से आगे का स्पष्टीकरण और सहयोग नहीं मिलता, तब तक सामान्य वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी।

**डाक विभाग की रोक से कौन होंगे प्रभावित**

इस फैसले से वे भारतीय नागरिक प्रभावित हो सकते हैं, जो अमेरिका में रह रहे परिजनों को निजी सामान, व्यावसायिक सामग्री या पार्सल भेजते हैं। खासकर छोटे व्यापारियों और व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं को असुविधा हो सकती है। हालांकि, अध्ययन या आधिकारिक कामकाज से जुड़े दस्तावेज और सीमित मूल्य के उपहार भेजने में किसी तरह की बाधा नहीं होगी।

**क्या आगे भी जारी रहेगी रोक**

डाक विभाग ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही अमेरिकी एजेंसियों से अंतिम दिशा-निर्देश मिलेंगे, इस अस्थायी रोक को हटाने पर विचार किया जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाओं की निरंतरता और पारदर्शिता को बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है।

# कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र गिरफ्तार ईडी के छापे में करोड़ों के नकद व आभूषण मिले

एजेंसी

**बंगलूरू** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र कुमार उर्फ 'पप्पी' को कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में शनिवार को सिक्किम से धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। संघीय जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद (लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित), 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए। ईडी ने बताया कि चित्रदुर्ग के 50 साल के विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बंगलूरू की न्यायिक अदालत में पेश करने के



लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई। ईडी का बंगलूरू जोन मामले की जांच कर रहा है। एजेंसी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों के साथ एक कसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा, 'उनके अन्य सहयोगी, जैसे कि एक और भाई केसी थिप्पेस्वामी, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं।'

इससे पहले ईडी ने बीते दिन धन शोधन मामले में वीरेंद्र और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर कई जगहों पर छापेमारी की थी। केसी वीरेंद्र कुमार पप्पी चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े मामले में छापेमारी

विधायक और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े एक मामले में छापेमारी की गई। प्रवर्तन निदेशालय के बंगलूरू क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक, मामले में चित्रदुर्ग जिले (छह परिसर), बंगलूरू शहर (10 परिसर), जोधपुर (तीन परिसर), हुबली (एक परिसर), मुंबई (दो परिसर) और गोवा (पांच कैसीनो पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो सहित आठ परिसर) में 30 स्थानों पर तलाशी ली गई। एक अधिकारी ने बताया कि अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मामले में तलाशी ली जा रही है। तलाशी से पता चला है कि आरोपी King567, Raja567, Puppy's003 और रत्ना गेमिंग के नाम से कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटें चला रहा है।

# पीएम, सीएम को पद से हटाने संबंधी विधेयक पर बनी जेपीसी में नहीं होंगे टीएमसी सांसद, पार्टी ने बताया 'तमाशा'

एजेंसी

**कोलकाता** : तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने की रूपरेखा तय करने वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को 'तमाशा' करार देते हुए कहा कि वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी। केंद्र सरकार ने मानसून सत्र के दौरान केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 लोकसभा में पेश किए। विपक्ष के हंगामे के बाद इन्हें संसद की एक संयुक्त समिति को भेज दिया गया है।

तृणमूल कांग्रेस ने एक बयान में



कहा, 'हम 130वें संविधान संशोधन विधेयक का अभी प्रस्ताव के चरण में ही विरोध करते हैं और हमारे विचार से जेपीसी एक तमाशा है। इसलिए, हम तृणमूल कांग्रेस से किसी को नामित नहीं कर रहे हैं।' प्रस्तावित विधेयक में गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। दोनों सदनों ने विधेयकों को एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। समिति को संसद के शीतकालीन सत्र में सदन को अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। शीतकालीन सत्र नवंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है।

### ममता बनर्जी ने भी विधेयकों का किया था कड़ा विरोध

टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पूर्व में भी इन विधेयकों की आलोचना की और इन्हें सुपर आपातकाल से भी बढ़कर भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने की दिशा में एक कदम बताया था। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इन विधेयक का उद्देश्य एक व्यक्ति-एक पार्टी की प्रणाली को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को रौंदने वाला है।

### संसद में क्यों हुआ था तीन बिलों का विरोध

इन बिलों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति गिरफ्तार होकर जेल से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री के रूप में शासन नहीं चला सकता है। इस बिल में आरोपित राजनेता को गिरफ्तारी के 30 दिन के अंदर कोर्ट से जमानत लेने का प्रावधान भी दिया गया है। अगर 30 दिन में जमानत नहीं ले पाते हैं, तो 31वें दिन वे स्वयं ही कानूनी रूप से कार्य करने के लिए अयोग्य हो जाएंगे। या तो केंद्र में प्रधानमंत्री और राज्यों में मुख्यमंत्री उन्हें पदों से हटाएंगे।

# अनिल अंबानी के घर पर ईडी के बाद अब सीबीआई का छापा

एजेंसी

**मुंबई** : निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के प्रवर्तक निदेशक अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कथित बैंक धोखाधड़ी के से जुड़े मामले में सीबीआई ने शनिवार को आरकॉम के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मुंबई स्थित उनके ठिकानों पर छापा मारा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सीबीआई की टीमें मुंबई में आरकॉम और उसके प्रवर्तक निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी कर रही है। अनिल अंबानी पर आरोप है कि इस धोखाधड़ी से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को 2000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। हालांकि, आरकॉम की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इस पूरे मामले पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले माह लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था, 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी की सूचना दी थी। सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं। सीबीआई से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी को कथित 17,000 करोड़ रुपये के कथित बैंक लोन धोखाधड़ी केस की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया था। ईडी ने आरकॉम के प्रमोटर अनिल अंबानी से जुड़ी व्यावसायिक संस्थाओं पर, रिलायंस समूह से जुड़ी 50 व्यावसायिक संस्थाओं और 25 व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## एक नजर

### पीलर के सहारे दौड़ा दी एलटी तार ग्रामीणों में दहशत

**बरही :** बिजली विभाग की लापरवाही एवं उदासीनता की खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ सकती है। एक बिजली का पोल बचाने के लिए लापरवाह कर्मचारियों ने पीलर के सहारे एलटी तार दौड़ा दिए है। इस पीलर को देखकर ग्रामीणों में दहशत है। उन्हें आशंका सता रही है कि यदि पीलर में करंट उतरा तो बड़ी दुर्घटना तय है। यह ताजा मामला बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लस्करी गांव की है। जहां सड़क किनारे स्थित अर्धनिर्मित मकान के पीलर के सहारे एलटी तार दौड़ा दिया गया है। बता दें कि यह लाइन कभी भी लोगों के लिए मौत की लाइन बन सकती है, लेकिन बिजली विभाग ने एक खंभा बचाने के लिए ग्रामीणों के जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। खतरे की आशंका से डरे ग्रामीण बिजली विभाग से कई बार इसकी शिकायत कर चुके है लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। शायद उन्हें किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। वहीं बिजली विभाग के इस कारनामे से ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है।

### दो लोगों को जहरीले सांप ने काटा, रिम्स में चल रहा इलाज

**बड़कागांव :** बरसात का मौसम आते ही सांप सहित कई विषैले जानवर अपने बिल से बाहर आने की बात आम है। बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत की चेलंदाग गांव में महेश दो दिनों के अंतराल में दो लोगों को जहरीला सांप ने काट लिया। जिससे शरीर में जहर फैलने से दोनों बुरी तरह घायल हो गए। मामले को लेकर तत्परता दिखाते हुए आंगो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी मुनेश्वर गंझू ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए रांची रिम्स ले गया। प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझू ने बताया कि बीते शुक्रवार रात को घर पर मोहन गंझू पिता स्वर्गीय मंगलीया गंझू उम्र 38 वर्ष को जहरीला करेंट सांप ने काट लिया,जिससे वह घायल हो गया। वहीं महज दो दिन पूर्व खुशबू कुमारी पति बासुदेव गंझू उम्र 22 वर्ष को खेत की ओर जाने के क्रम में रास्ते में जहरीला सांप ने काट लिया जिससे वह भी घायल हो गई। मुनेश्वर गंझू ने सूझबूझ के साथ तत्परता दिखाते हुए इलाज के लिए अपने निजी वाहन से रांची रिम्स ले गया।जहां दोनों का इलाज चल रहा है और इलाजरत दोनों लोग ठीक (स्वास्थ्य) है। सांप काटने पर क्या करें - डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि व्यक्ति और खुद को शांत रखें। सांप को ढूंढने या पकड़ने में समय बर्बाद ना करें। जितनी जल्द हो सके व्यक्ति को अस्पताल ले जाएं। व्यक्ति को हिलने ढूलने से रोके ताकि जहर तेजी से ना फेले। क्या ना करें- अंधविश्वास और झाड़ फुंक पर भरोसा ना करें इससे सिर्फ और सिर्फ समय बर्बाद होता है।

### बादम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**बड़कागांव:** बादम में दांगी ड्रामेटिक क्लब के द्वारा दुर्गा मन्दिर प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक की गई । बैठक में सर्वसम्मति से धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव सहेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष जागेश्वर कुमार, संरक्षक उपेंद्र कुमार दांगी, ग्राम अध्यक्ष गोविंद महतो, ग्राम सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, ग्राम कोषाध्यक्ष डॉ कैलाश कुमार, नव युवा अध्यक्ष भावेश कुमार,सहयोग कर्ता वीरेंद्र कुमार दांगी, तुलसी महतो, कार्तिक महतो, रवि कुमार दांगी, दशरथ कुमार, टेकलाल महतो, नेतलाल महतो, भीम प्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र कुमार, बरजू महतो, कैलाश महतो, अनिल कुमार, कालीचरण कुमार, बालेश्वर कुमार, डालेश्वर महतो, जुगल राम सहित समस्त ग्रामीणों को बनाया गया।

# सांसद मनीष जायसवाल ने धरमपुर में ग्रामीणों से सुनी समस्याएं, विकास कार्यों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धरमपुर गाँव में स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय पहुँचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने सांसद मनीष जायसवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद वह सीधे ग्राम पंचायत धरमपुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर बातचीत की। ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल से शिव मंदिर चौक पर स्थित तालाब के गहरीकरण और धरमपुर उपस्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की। इसी क्रम में स्थानीय कलाकार शंकर राम ने अपनी बनाई पेंटिंग भेंट कर सांसद का अभिनंदन किया। इसके बाद सांसद जायसवाल ने ग्रामीणों के साथ निमार्णाधीन दुर्गा मंडप का निरीक्षण किया और मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए टाइल और मार्बल देने का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और मैं आपके विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास कर रहा हूँ। लोकसभा सत्र में व्यस्त रहने के बाद अब मैं आपके बीच हूँ और आपकी समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध हूँ। उन्होंने यह भी कहा कि वह हमेशा क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी रहेंगे। उक्त अवसर पर मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह, टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, प्रमुख सह टाटीझरिया सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, विष्णुगढ़ सांसद प्रतिनिधि दीपू भाई, राजेश यादव, कृष्णा साव, सुनील कुमार साव, रजनीकांत चौधरी, पंकज मंडल, झुनझुन गुप्ता, महेश अग्रवाल, राजा यादव, निखिल सिंह, सुशांत सिंह, धरमपुर के मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, शंकर राम, लखन विश्वकर्मा, सुरेश प्रजापति, सुरेश कुमार, जीतन कुमार, चमन साव, गजाधर प्रसाद, रवि वर्णवाल, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## महुगाई खुर्द में ताला तोड़कर एक लाख नकद और जेवरात की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम महुगाई खुर्द टोला सोती निवासी कृष्ण रविदास ने अपने घर में चोरी के संबंध थाने में आवेदन दिया। आवेदन कहा गया कि 22 अगस्त को रात में मेरे घर का मेन गेट से लेकर रूम का ताला तोड़कर गोदरेज में रखे ,नगद एक लाख रुपए एवं परिवार के जेवर कान का सोने,दो सेट झुमका, मंगलसूत्र, मांग टीका, नथिया, जितिया, गले का हार,चांदी का दो सेट पायल, हाथ कंगन बिछिया इत्यादि सारे सामान चोरी कर लिया गया। 22 अगस्त को मैं घर पर नहीं था मेरा पुत्र का तबीयत खराब होने के कारण हजारीबाग में था ।अचानक 23 अगस्त को फोन के माध्यम से मुझे बताया गया। तब मैं सुबह आकर देखा तो सभी दरवाजा का ताला टूटा हुआ है एवं रूम में रखें गोदरेज से पूरा खोलकर सभी सामान तीतर बीतर कर, अंबेडकर युवा क्लब एवं संगम किसान क्लब का दो कमेटी बक्सा मेरे ही पास था जिसमें लगभग नगद 72000 रूपए एवं मेरे पास लगभग 32000 नगद एवं जेवरात चोरी कर लिया गया। मैं एवं मेरा परिवार इस घटना से दुखी हूं। पीड़ित कृष्णा ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## नव चयनित बीडीओ आस्था रानी का सम्मान गुरुचट्टी कुशवाहा समाज ने किया अभिनंदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के पूर्व प्रमुख शिक्षा विद स्वर्गीय गुरदयाल महतो की नातनी ठाकुर गांव निवासी अनिल कांत महतो एवं सुनीता देवी की पुत्री आस्था रानी का झारखंड जेपीएससी एग्जाम पास होकर बीडीओ के पद पर चयनित हुई इसके बाद शनिवार को बड़कागांव गुरुचट्टी अपने नाना गुरुदयाल महतो का घर पहुंची। तत्पश्चात सबसे पहले जीडीएम चौक स्थित स्वर्गीय गुरदयाल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात गुरु चट्टी कुशवाहा धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के अध्यक्ष संतोष कुमार के अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन शिक्षक संतोष कुमार ने किया। सम्मान समारोह में गुरुचट्टी कुशवाहा समाज की ओर से सर्वप्रथम नव चयनित बीडीओ आस्था रानी के साथ साथ पिता अनिल कांत महतो एवं माता सुनीता देवी को बुके एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बड़कागांव हंटर ग्रुप के अध्यक्ष अभिनव उर्फ बिंटू कुमार के नेतृत्व में सभी सदस्यों की मौजूदगी में बीडीओ आस्था रानी को सम्मानित किया। मौके पर गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी बालेश्वर महतो सहित अन्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि शिक्षा एक ऐसी चीज है जिसे आपसे कोई नहीं छीन सकता। अभी जो समाज के नौजवान नशे की चपेट में आ रहे हैं हम सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को नशे से दूर करने की जरूरत है तभी हमारा सभ्य समाज का निर्माण हो सकेगा। मौके पर मुख्य रूप से गुरु चट्टी कुशवाहा समाज के संयोजक सुरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सरोज कुमार, पंसस सहेश कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजू मेहता, मानती कुमारी, पूनम कुमारी सहित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बारिश के मौसम में बढ़ती है महिलाओं में संक्रमण का खतरा, स्वच्छता ही बचाव : डॉ सुमेधा ज्ञानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही की जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुमेधा ज्ञानी सप्ताह में दो दिन रविवार और सोमवार हजारीबाग रोड स्थित संगीता पॉली क्लीनिक में अपनी सेवाएं देती है। इस दौरान उन्होंने मरीजों को बारिश के मौसम में होने वाली महिलाओं की स्त्री रोग एवं उसके बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के मौसम में महिलाओं को अपने शरीर के मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में महिलाओं को फंगल इन्फेक्शन, योनि संक्रमण (जैसे यूटीआई और यीस्ट इन्फेक्शन) के साथ साथ त्वचा से संबंधित फंगल संक्रमण (जैसे दाद खाज खुजली ) जैसी स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। यह बीमारी आस पास की नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया और फंगस को पनपने से होता है। इन संक्रमणों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, गीले कपड़ों को तुरंत बदलना, सूती ढीले कपड़े पहनना और संतुलित आहार व पर्याप्त पानी पीने से प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना आवश्यक है। यदि महिलाएं इन बातों को अच्छी तरह से अमल में लाती हैं तो बारिश के मौसम में कई संक्रमित बीमारियों से बचाव हो सकेगा। डॉ सुमेधा ज्ञानी ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को योनि में खुजली, जलन, असामान्य रक्त स्त्राव, या पेशाब करते समय दर्द जैसे कोई भी लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। क्योंकि इन संक्रमणों का समय पर इलाज न होने पर ये गंभीर रूप ले सकते हैं। जिसमें समय और धन का अधिक व्यय होने की संभावना बढ़ जाएगी।

## बरही में 129 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही + 2 उच्च विद्यालय में मध्य विद्यालय बरही के 129 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विस विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और दूरदराज के क्षेत्रों से स्कूल आने - जाने में सुविधा प्रदान करना है, जैसा कि यह झारखंड में उन्नति का पहिया और इसी तरह की अन्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से देखा गया है। यह वित्तीय सहायता, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र और छात्राओं के लिए, शिक्षा तक उनकी पहुंच को बढ़ावा देती है और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या को कम करती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मिलने से छात्रों को विद्यालय जाने में सुविधा होगी, साथ ही समय की बचत होगी। मौके पर विद्यालय प्रभारी मंजू देवी एवं समेत सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत कोबरा 203 ने निकाली साइकिल रैली

# एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी : गौरव कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत गृह मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए 203 कोबरा बटालियन की ओर से शुक्रवार को भव्य रूप से साइकिल रैली एवं उसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को वॉक थॉन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में निकाली गई साइकिल रैली 203 कोबरा परिसर से शुरू होकर पटना-रांची मार्ग होते हुए बरही चौक तक पहुंची। रैली में शामिल जवान हाथों में एक भारत श्रेष्ठ भारत से संबंधित नारे लिखे बैनर और पोस्टर लिए हुए थे। जिसके माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इसी कड़ी में शनिवार को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 203 कोबरा कैंप से पोड़ैया गांव तक संपन्न हुआ। इस वॉकथॉन में कोबरा के अधिकारियों, जवानों के साथ ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय एकता के इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान 203 कोबरा के द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को धर्म, संप्रदाय, जाति, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता का परिचय देना होगा तभी हमारा राष्ट्र सुखी व समृद्ध होगा और विश्व पटल पर एक श्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। इस मौके पर 203 कोबरा के द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी गंगवाने कैलाश शम्भाजी, उप कमांडेंट (प्रशासन) विक्रांत कुमार, अन्य राजपत्रित अधिकरियों, अधीनस्थ अधिकारियों, भारी संख्या में जवानों एवं बच्चों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### नौ साल बाद खुले तिलैया डैम के आठ फाटक, सुरक्षित रहा पानी का बहाव



**बरही :** लगातार बारिश के कारण तिलैया डैम का जल स्तर बढ़ जाने से शुक्रवार को तिलैया डैम के सभी 8 फाटक खोल दिए गए। फाटक खोलने के पूर्व प्रशासन की ओर से तिलैया डैम और बराकर नदी के किनारे बसे गांव के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया था। ग्रामीणों को सतर्क कर देने के कारण फाटक खोलने के बाद कहीं से कोई नुक्सान की जानकारी नहीं है। सफलता पूर्वक पानी का बहाव हुआ। शुक्रवार को रात 9 बजे कोडरमा एसी पूनम कुजूर, बरही के एसडीओ जोहन टुडू, सीओ चंद्रशेखर कुणाल और डीवीसी तिलैया डैम के अभियंताओं की उपस्थिति में डैम का 8 फाटक खोला गया। तिलैया डैम में पानी का दबाव कम करने के लिए यह कदम उठाया गया। डैम से प्रत्येक दिन 650 क्यूसेक पानी पनबिजली उत्पादन के लिए छोड़ा जाता है लेकिन पानी का दबाव बढ़ जाने से अतिरिक्त एक हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पानी छोड़ने से कुछ समय के लिए ग्रामीणों में दहशत का माहौल रहा। लेकिन बाद में सब सामान्य हो गया।

### 72 घंटे की लगातार बारिश से हाहारो नदी में बाढ़ पलाण्डू श्मशान घाट और विद्यालय पर संकट



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में लगातार 72 घंटे की बारिश ने लोगों के जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है ।वहीं हाहारो नदी में बाढ़ आने से नदी किनारे बसा पलाण्डू गांव का श्मशान घाट , छठ घाट और नदी के किनारे बड़े बड़े पेड़ खतरे में हैं ।वहीं सिरमा में राजकीय उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय एंव आंगनबाड़ी केंद्र सहित कई मकान खतरे में है ।लोगों का मानना है कि अगर बारिश इसी तरह लगातार होता रहा तो पलांडू के श्मशान घाट, छठ घाट, दर्जनों मचान और पेड़-पौधे बाढ़ के पानी से बह जाएंगे। इतना ही नहीं पलांडू नदी पर बना पुल भी खतरे में आ सकता है जिसका मुख्य कारण मिट्टी का कटाव है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने विभाग से गार्डवाल बनवाने की मांग की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से तलसवार पंचायत के मुखिया गीता देवी, सिरमा पंचायत के मुखिया इस्मत आरा, भाजपा अनुसूचित जाति उरीमारी पूर्वी मंडल अध्यक्ष जागेश्वर तुरी उर्फ बढ़न तुरी, पूर्व मुखिया वाजिद अली, पंचायत समिति सदस्य मेघा कुमारी, प्रतिनिधि संजय महतो, असीम अरशद, इरफान खान, मिथिलेश साव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक असरार आलम, सहायक अध्यापक आजाद आलम, मो. जहांगीर, मो. आरिफ, आमिर सोहेल, सेविका मसूदा खातून एवं संजीदा खातून, सहिया माँजहां खातून, पाकीजा खातून, अमरीन सबा, सलमा खातून आदि दर्जनों ग्रामीणों ने मांग किया है।

### मनरेगा योजना से आत्मनिर्भर बनेगा गांव, लाभार्थियों को मिला आम का पौधा



**चौपारण:** प्रखंड की चयकलां पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर ने लाभार्थियों के बीच आम के पौधे वितरित किए। सरकार पंचायतों में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मनरेगा के तहत आम बागवानी मिशन योजना चला रही है। जिसके लिए पंचायत में आम बागवानी मिशन योजना के तहत लाभार्थियों के बीच आम के पौधे उपलब्ध कराए गए। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर ने कहा कि सरकार गाँव के विकास और ग्रामीणों के स्वावलंबन के लिए कई प्रकार की योजनाएँ चला रही है। ग्रामीणों को उन योजनाओं का लाभ उठाकर गाँव में विकास को सार्थक दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। हम विकास कार्यों में ग्रामीणों का हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर ग्राम रोजगार सेवक कुलदीप कुमार पांडेय सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के चलकुसा प्रखंड अध्यक्ष बने विक्रम सिंह

**चलकुसा :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने बरही अनुमंडल में संगठन का विस्तार करते हुए चलकुसा प्रखंड के लिए विक्रम कुमार सिंह को प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इनका मनोनयन राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित एवं अनुमंडल महासचिव प्रभाकर पाठक के अनुशंसा पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने किया है। नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा ।वहीं क्षेत्र के लोगों ढेर सारी बधाई दी है।

### मुखिया रंजीत कुमार ने बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महटीकरा एवं सिंदवारी स्कूल में 30 बच्चों के बीच कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए साइकिल का वितरण किया गया ।साइकिल वितरण मुख्य अतिथि मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार के हाथो किया गया। बच्चे साइकिल मिलने पर काफी काफी खुश देखे गए। मौके पर मुख्य रूप से पंसस उर्मिला देवी, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, वार्ड सदस्य रशिम कुमारी, स्कूल के प्रधानाध्यापक रामकिशोर राम, सिंदवारी स्कूल के प्रधानाध्यापक कविता कुमारी, इत्यादि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### महानगरों की तर्ज पर विकसित होगा रांची एयरपोर्ट क्षेत्र, 45.3 करोड़ मंजूर

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एयरपोर्ट की ओर शहर के प्रवेशद्वार एयरपोर्ट रोड, हीनू चौक और बिरसा चौक मार्ग का विकास महानगरों की तर्ज पर करने का निर्देश दिया है। इस क्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने संबंधित पांच योजनाओं के लिए 45 करोड़ तीन लाख 64 हजार 500 रुपये की मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इसे लेकर जुडको को जल्द निविदा निकाल कर क्रियान्वयन शुरू करने का निर्देश शनिवार को दिया है।

### नगड़ी में रिस्स- 2 स्थल के 200 मीटर क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी स्थित प्रस्तावित रिस्स -2 क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार, रिस्स-2 के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। प्रशासन के अनुसार, रिस्स-2 के सीमांकन और फेंसिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी थी और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंदर प्रवेश करने और माहौल बिगाड़ने की आशंका जताई गई थी। इन्हीं कारणों से यह निषेधाज्ञा लागू की गई है। जारी आदेश के अनुसार, इस क्षेत्र में: पाँच या पाँच से अधिक लोगों का एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा (सरकारी कार्य, कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार के हथियार जैसे बंदूक, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी (सरकारी कर्मियों को छोड़कर)। लाठी, डंडा, तीर-धनुष, भाला आदि जैसे हरवे-हथियार ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। यह निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागू की गई है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारी एवं कर्मचारी इससे मुक्त रहेंगे।

### शराब घोटाला: प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी को एसीबी कोर्ट से मिली जमानत

**रांची :** झारखंड शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा गिरफ्तार किए गए विधु गुप्ता की जमानत याचिका पर रांची एसीबी की विशेष अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया है। अदालत ने विधु गुप्ता को जमानत की सुविधा प्रदान करते हुए उसकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। दरअसल, एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को पिछले महीने गिरफ्तार किया था। विधु मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया था। यह शराब घोटाले में एसीबी की ओर से की गई आठवीं गिरफ्तारी थी। कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में ह्यअवैध जनशक्ति मॉडलह्ण के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था। इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गई। सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाए गए वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि विधु गुप्ता के नियंत्रण में ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और जनशक्ति एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न राज्यों में एक संरक्षित नेटवर्क काम कर रहा था।

# विस्थापन को दूर करने में उपयोग हो सीएसआर फंड : फग्गन सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि कॉरपोरेट कंपनियां स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सीएसआर फंड खर्च करें। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम करने से जनहित के कई काम धरातल पर दिखेंगे। जिन योजनाओं पर कंपनियां एनजीओ के साथ सीएसआर फंड को खर्च करती हैं, तो उसमें स्थानीय लोगों की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। कुलस्ते शनिवार को स्थानीय होटल में आयोजित दो दिवसीय झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव के समापन कार्यक्रम में शनिवार को बोल रहे थे। इस कॉन्क्लेव का आयोजन मिशन ब्लू फाउंडेशन, आईडिएट इंस्पायर इग्नाइट (आई-3) फाउंडेशन और पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। सांसद ने कॉरपोरेट कंपनियों और एनजीओ के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सहित देशभर में विस्थापन एक बड़ी समस्या है। इस समस्या के निदान में सीएसआर फंड बेहतर कार्य कर सकता है। लोगों का सतत विकास के लिए इस तरह के फंड का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**सरकार के साथ भी मिलकर काम करें कॉरपोरेट कंपनियां : रवि रंजन**

आइएफएस रवि रंजन ने कहा कि चाहिए। कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां सरकार के साथ कॉरपोरेट कंपनियों की मदद की जरूरत पड़ती है। वाइल्ड लाइफ, पयार्वरण, जलवायु परिवर्तन, बायोडायवर्सिटी जैसे क्षेत्र में सीएसआर फंड बड़ा मददगार साबित हो सकता है।

**सिनेमा और डॉक्यूमेंट्री से जुडे सीएसआर फंड : राजेश**

बॉलीवुड अभिनेता राजेश जैश ने कहा कि सीएसआर को सिनेमा और डॉक्यूमेंट्री से जुड़ना चाहिए। आज के कई युवाओं के पास टैलेंट और अच्छे कंटेंट हैं, लेकिन फंड नहीं होने की वजह से उनकी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती है। जो बेहतर कार्य कर रहे हैं, कंपनियों को वहां भी सीएसआर फंड से उनको सहयोग करना चाहिए। सीएसआर में फर्ज, जिम्मेवारी और मानवता का भाव रहता है। इससे समाज को फायदा पहुंचता है। डीवीसी के डीजीएम एसके सिंह ने कहा कि जो लोग सक्षम हैं, उनको समाज के लिए कार्य करना चाहिए। सेल के सीजीएम कुंदन कुमार, यूनिसेफ के चीफ फील्ड ऑफिसर संजय सिंह, बीएसएनएल के जीएम उमेश साह, बीएयू के डॉ बीके अग्रवाल, जेएसडब्लू के प्रंशात बिसवाल सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। पॉलिसी मेकर डॉ भाष्कर चटर्जी ने झारखंड के विकास में सीएसआर फंड की महत्ता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जनहित में कार्य करने वाले गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। डॉ पंकज सोनी कहा कि झारखंड के विकास में सीएसआर कॉन्क्लेव एक बड़ा लकीर खिचेगा। झारखंड में कई ऐसे क्षेत्र है, जहां अभी भी बहुत कुछ करना जरूरी है। उन क्षेत्र के बारे में कॉरपोरेट कंपनियों को जानकारी दी गयी है। उम्मीद है कि भविष्य में बेहतर परिणाम आयेंगे।

## आप्राकृतिक यौनाचार के दोषी को 20 साल के कारावास की सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने शनिवार को नाबालिग बच्चे से आप्राकृतिक यौनाचार करने के एक दोषी को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। आदालत ने उसके ऊपर 35 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। पॉक्सो मामले की विशेष अदालत ने अप्राकृतिक यौनाचार के आरोपित साहिल अंसारी को 19 अगस्त को दोषी ठहराया था और शनिवार को अदालत ने सजा का ऐलान किया। पीड़ित के वकील विवेक कुमार आर्य ने बताया कि लोअर बाजार थाना कांड संख्या 156/23 में बादल कुरैशी (बदला हुआ नाम) के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोपित साहिल अंसारी और एक अन्य नाबालिग बालक ने 7 साल के बच्चे के साथ आप्राकृतिक यौनाचार किया था। एक आरोपित नाबालिग है। इसलिए उसका मामला किशोर न्यायालय में विचाराधीन है। साहिल अंसारी पर यह दोष सिद्ध हुआ है कि 13 मई 2023 को पीड़ित अपने नानी के घर आजाद बस्ती कांटाटोली रांची गया था। जब वह घर के बाहर खेल रहा था, तभी उसी बस्ती के साहिल अंसारी और एक अन्य नाबालिग ने उसे चाकलेट देने के बहाने बुलाया और उसे घर के पास ही बकरी बांधने वाले रूम में ले गए। दोनों ने बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया और जब पीड़ित दर्द से रोने लगा, तो दोनों आरोपित उसे चॉकलेट देकर वहां से भाग गए। बाद में मुहल्ले के लोगों को जब खबर मिली तब पीड़ित के पिता ने लोअर बाजार थाना में शिकायत की, जिसके बाद दोनों आरोपितों को पकड़ा गया था।

## कांग्रेस सेवा दल त्याग और बलिदान का ज्वलंत प्रतीक : कमलेश महतो कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शनिवार को संयुक्त रूप से प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। रांची के नामकुम बगीचा में आयोजित शिविर के पहले दिन सभी जिलों से आए कांग्रेस सेवा दल के स्वयंसेवकों ने भाग लिया तथा समाज और राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस अवसर पर कहा कि सेवा दल केवल संगठन नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और बलिदान का ज्वलंत प्रतीक है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने राष्ट्र के लिए प्राणों का बलिदान दिया। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद का त्याग कर देशहित को सर्वोपरि रखा। राहुल गांधी ने चार हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा से पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया। यही कांग्रेस की परंपरा है। उन्होंने कहा कि सेवा दल के कार्यकर्ता देशभक्ति, अनुशासन, सामाजिक सेवा, गरीब-वंचितों की मदद, युवाओं को जोड़ने, सांप्रदायिक सौहार्द और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस मौके पर कहा कि सेवा दल का मतलब ही सेवा है। कांग्रेस की राजनीति जाति-धर्म में बांटने की नहीं, बल्कि हर वर्ग की भलाई की है। कांग्रेस सेवा दल समाज को जोड़ने का काम करता है। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड अपार प्राकृतिक संपदा से समृद्ध है, लेकिन भाजपा सरकारों ने कभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ईमानदारी से काम नहीं किया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार संकल्प के साथ गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# तेजस्वी यादव पर प्राथमिकी दर्ज करना निंदनीय : राजद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को लेकर तेजस्वी यादव द्वारा किए गए पोस्ट के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की ओर से दर्ज करवाई गयी प्राथमिकी (एफआईआर) की निंदा की है। रांची स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आयोजित पार्टी नेताओं की बैठक में प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि भाजपा की ओर से की गई यह कार्रवाई निंदनीय है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बिहार के लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने बिहार में डबल इंजन सरकार के जनविरोधी नीतियों को सार्वजनिक किया है। तेजस्वी बिहार में 63 फीसदी बेरोजगार युवाओं की आवाज उठाने, बेतहाशा महंगाई, किसानों की समस्या, बाढ़ पीड़ितों की मदद करने और मतदाताओं के पुनरीक्षण अधिकार की बात मजबूती से करने के लिए हमेशा सशक्त आवाज उठाते रहे हैं। कैलाश यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव के पोस्ट का प्रदेश राजद के कार्यकर्ता समर्थन करते हैं। क्योंकि डबल इंजन की सरकार ने बिहार में एक सुई का कारखाना भी नहीं लगा सकी है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में प्रधानमंत्री मोतिहारी और चंपारण में जनसभा को संबोधित करते हुए कई वादे किए थे, लेकिन उनमें से कोई पूरा नहीं किया गया। बैठक में सुनीता चौधरी, विश्वनाथ राम, घूरा, राजेश रौशन, रामकुमार यादव, सुधीर गोप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## व्यवसायियों के लिए सिंगल कम्प्लायंस पोर्टल की महेश पोद्दार ने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आयकर, जीएसटी और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) से जुड़े सभी वैधानिक अनुपालन के लिए सिंगल कम्प्लायंस पोर्टल शुरू करने की शनिवार को मांग की है। उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में व्यवसायियों को इनकम टैक्स, जीएसटी और आरओसी के लिए अलग-अलग पोर्टल पर एक ही डेटा बार-बार दर्ज करना पड़ता है। इससे अनुपालन की लागत बढ़ती है और चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी और जीएसटी सलाहकार जैसे पेशेवरों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इस दोहराव के कारण त्रुटियों और विसंगतियों की संभावना भी बढ़ जाती है। इससे दंडात्मक कार्रवाई का खतरा कई गुना हो जाता है। पोद्दार ने कहा कि यदि एकीकृत पोर्टल बनाया जाए तो सभी वैधानिक फाइलिंग एक ही जगह पूरी हो सकेगी। इससे प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्रुटि-रहित बनेगी। साथ ही समय, मेहनत और लागत की बड़ी बचत होगी और व्यवसायी अपनी फाइलिंग और अनुपालन की स्थिति पर आसानी से नजर रख सकेंगे। पोद्दार ने कहा कि जब देश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब यह कदम उद्योग और व्यापार जगत को बड़ी राहत देगा। अलग-अलग पोर्टल के बोझ से मुक्त कर एक सिंगल कम्प्लायंस पोर्टल की शुरूआत अनुपालन का बोझ घटाने, पारदर्शिता बढ़ाने और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी लाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित होगी।

# सूर्या फर्जी इनकाउंटर के खिलाफ आदिवासी संगठनों का राजभवन मार्च, की सीबीआई जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से सूर्य नारायण हांसदा के फर्जी इनकाउंटर के खिलाफ शनिवार को राजभवन के पास आक्रोश मार्च निकाला गया। मौके पर आदिवासी संगठनों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौपकर मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सरकार और सिस्टम के खिलाफ जमकर नारे लगाए। उपस्थित लोगों ने पुलिस शासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सूर्या के लिए इंसाफ की गुहार लगाई। मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के महासचिव महादेव टोप्पो ने कहा कि गोड्डा में आदिवासी नेता सूर्यनारायण हांसदा का फर्जी एनकाउंटर किया गया। यह किसी भी स्थिति में सही नहीं है। पूरा प्रदेश आक्रोशित है। गोड्डा पुलिस प्रशासन ने संदिग्ध परिस्थितियों में सूर्या की निर्मम हत्या कर दी।

**मिशनरी संस्थाओं का विरोध करते थे सूर्या : जगलाल**

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि सूर्य नारायण हांसदा सदैव आदिवासी समाज की आवाज उठाते थे। सरकार, मिशनरी और जमीन माफियाओं की ओर से किए जा रहे गैर कानूनी कार्यों का हमेशा विरोध करते थे। वे हमेशा आदिवासी हक, अधिकार, शिक्षा, भूमि सुरक्षा, युवाओं के भविष्य, रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ आवाज उठाते थे। समाज में उनकी छवि एक स्वच्छ नेता और एक जननायक की थी। लेकिन प्रशासन और कुछ प्रभावशाली व्यक्ति उनके संघर्ष और जन समर्थन से घबराने लगे थे। सबों की मिलीभगत से उन्हें एक षड्यंत्र के तहत, फर्जी मुठभेड़ दिखाकर, मौत के घाट उतार दिया गया। ट्राई फर्स्ट की संयोजक आरती कूजूर ने कहा कि यह घटना न केवल मानव अधिकार का उल्लंघन है। बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी गहरा आघात और आदिवासी संस्कृति के जड़ों पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी आदिवासी मूलवासी, झारखंड समाज इस फर्जी एनकाउंटर का विरोध करती है। केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि सूर्या हांसदा का इनकाउंटर पूरी तरह से फर्जी है। सरकार और पुलिस प्रशासन की मिलीभगत के तहत सूर्या हांसदा की निर्मम हत्या की गई है। यह मामला केवल एक व्यक्ति या परिवार का नहीं बल्कि पूरे आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार और न्याय की लड़ाई है। यदि निर्दोष व्यक्ति की हत्या को प्रशासनिक संरक्षण दिया जाएगा तो समाज का लोकतंत्र और न्यायपालिका से भरोसा उठ जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड की मंत्री शिल?पी नेहा तिर्की पहुंची बिहार, वोटर अधिकार यात्रा में हुई शामिल



**रांची :** झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे से शामिल कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शनिवार को बिहार पहुंचीं और राहुल गांधी की अगुवाई में चल रहे वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने राहूल गांधी, तेजस्वी यादव सहित यात्रा में शामिल अन्य घटक दल के नेताओं के समक्ष अपनी जोरदार उपसथिति दर्ज करवाई। शिल्पी नेहा तिर्की ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिहार में वह आज कटिहार जिले के कुसेर्ला शहीद स्मारक चौक से शुरू हुई यात्रा में शामिल हुईं। देश के लोकप्रिय नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित गठन के तमाम वरिष्ठ नेता इस यात्रा में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार बचाने के लिए बिहार की सड़कों पर जन सैलाब उतरा है। चुनाव आयोग के खिलाफ लोगों के मन में गुस्सा और सड़कों पर समर्थन का सैलाब नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में लोकतंत्र में जनता को मिलने वाले वोट के अधिकार को छीनने नहीं दिया जाएगा। कटिहार के कोढा में मखाना बनाने वाले मजदूरों की पीड़ा को राहुल गांधी सहित दूसरे नेताओं ने विस्तार से सुना। इस दौरान कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी वहां मौजूद रहीं।

### रामदयाल मुंडा ने आजसू के आंदोलन को दी बौद्धिक दिशा : सुदेश महतो



**रांची :** आजसू पार्टी ने झारखंड आंदोलनकारी पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा को उनकी 86वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ मोरहाबादी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा ने आजसू के आंदोलन को बौद्धिक दिशा दी थी। उन्होंने झारखंडी संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया। वे झारखंड की आत्मा थे और उनके विचार आजसू पार्टी के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ मुंडा ने आजसू की स्थापना के साथ झारखंड आंदोलन को नई ऊर्जा दी थी। उनके संघर्ष और योगदान को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका रही। सरहुल पर्व को महोत्सव का स्वरूप भी उन्होंने ही दिया था। आजसू कार्यकर्ता उन्हें सदैव अपना आदर्श मानते रहे हैं। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, नजरुल हसन हाशमी, जिलाध्यक्ष संजय महतो, डॉ पार्थ परितोष, छात्र संघ के ओम वर्मा, बबलू महतो, ऋतुराज शाहदेव, सचिन महतो सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मानव विकास सूचकांक में भारत का बांग्लादेश के बराबर रहना दुखद : पंकज मिश्र



**रांची :** समग्र मानव विकास में भारत और बांग्लादेश का बराबर में रहना देश के लिए चिंता का विषय है। वित्तीय नीति निर्धारकों को इस विषय पर फिर से विमर्श करने का समय आ गया है। जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने यूएनडीपी द्वारा तैयार किए गए एचडीआर की सूची में 193 देशों में भारत का 130 वें स्थान पर रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार और वित्तीय नीति निर्धारकों से जनहित में चल रहीं योजनाओं का गहनता से अध्ययन करने का आग्रह किया है। साथ ही मानव विकास का सही पैमाना एचडीआई को बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि फाइनांशियल रिफार्म्स और मुफ्त अनाज का वितरण कर हम अपनी पीठ चाहे जितना थपथपा लें। मगर किसी देश में रहने वालों पर उसका उक्त योजनाओं से कितना विकास हुआ, उसकी सफलता परिणाम पर निर्भर करता है। यूएनडीपी द्वारा मानव विकास सूचकांक में भारत 130 नंबर पर है और बांग्लादेश उसके बराबर खडा है, यह सच्चाई है। मिश्र के अनुसार एशियाई देशों में चीन 78, श्रीलंका 89,भूटान 125 वें स्थान पर है। नेपाल, म्यांमार और पाकिस्तान हमसे पीछे हैं, इस पर संतुष्ट होना नाकाफी है। किसी भी देश का मानव विकास सूचकांक ( एचडीआई) का आधार शिक्षा, लोगों का जीवन स्तर और स्वास्थ्य माना जाता है। तीनों मूलभूत सुविधाओं की श्रेणी में आता है। रिपोर्ट से साबित होता है कि हम अपने देशवासियों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं दे पाए रहे हैं जो चिंता का विषय है। जयप्रकाश जनता दल जीडीपी के बजाए एचडीआई को विकास का पैमाना बनाने की मांग करता है।

### खाटू नरेश का भाद्रपद अमावस्या महास्नान



**रांची :** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में आज बाबा श्याम का महास्नान पर्व अनुष्ठान किया गया। प्रात: 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए। इसके पश्चात दैनिक नियमित विधि विधान के बाद मंगला आरती करके सभी मंड के पर्दे लगाए गए । अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में महास्नान अनुष्ठान संपन्न कराया गया । दूध घी गंगाजल दही शहद के मिश्रण से बाबा श्याम का महास्नान कराया गया। वैदिक मंत्रों एवं विधि विधान से मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का महास्नान करवाया। महास्नान के बाद खाटूनरेश को रूह के गुलाब से मसाज करके नवीन पोशाक बागा पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब कमल फूल तुलसी दल पीला गेंदा रजनीगंधा मुरूगन फुल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को श्यामल रूप में सजाया गया। उपस्थित सभी भक्तों ने खाटू नरेश की जय सांवले सरकार की जय जयकार करके अपने आराध्य के दर्शन किए । इसके बाद श्रृंगार आरती की गई तत्पश्चात सभी भक्तों के बीच में पंचामृत प्रसाद एवं पंचमेवा भोग प्रसाद का वितरण किया गया। विशेष श्रृंगार की सेवा तारा देवी कटारूका राजेश कटारूका प्रकाश कटारूका द्वारा निवेदित की गई थी। नवीन पोशाक की सेवा राजेश सिंघानिया सारिका देवी सिंघानिया द्वारा की गई थी। पंचमेवा भोग हर्ष सिंघानिया द्वारा निवेदित किया गया था। श्रृंगार आरती में अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया कोषाध्यक्ष मनोज खेतान श्यामसुंदर शर्मा आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित थे।

## एक नजर

### हृदय गति रुक जाने से सहायक शिक्षक कृष्णादेव पासवान की मौत



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखार गांव के रहने वाले 55 वर्षीय कृष्णदेव पासवान की मौत शुक्रवार की दोपहर 1 बजे के करीब हृदय गति रुक जाने से हो गयी। कृष्णदेव पासवान उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खरखार में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत थे। उनका पार्थिक शरीर का अंतिम संस्कार खरखार शमशान घाट पर शनिवार को कर दिया गया। शिक्षक के निधन से उनके परिजनों के साथ-साथ शुभचिंतको ने शोक व्यक्त किया है।कृष्णदेव पासवान अपने पीछे पत्नी सहित एक बेटी, दो बेटा व पूरा परिवार को छोड़कर गए है। दिवंगत कृष्णदेव के आकस्मिक निधन हो जाने से उनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। साथ ही पत्नी व बच्चों के चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मौके पर जिप सदस्य शांति प्रिया, समाजसेवी महाबीर यादव, डोमचांच नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, संजय पासवान, किशोर गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि पिंटू यादव,सुबोध यादव,शिक्षक सुदामा पासवान, पिंटू गुप्ता, बिरजू शर्मा, राजू पासवान, शिक्षक देवा दास, मुन्ना राणा, राजेश गुप्ता सहित आसपास के सैकड़ो गणमान्य लोग अंतिम शव यात्रा में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नवाडीह में 17 वर्षीय सूरज महतो की एसिड से जलाकर हत्या जंगल से मिला शव



**बोकारो :** नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराडीह गांव में 17 वर्षीय छात्र सूरज महतो की हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी है। शुक्रवार शाम उसका शव गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में मिला। शरीर पर जगह-जगह एसिड से जलने के गहरे निशान पाए गए हैं। बताया गया कि सूरज बुधवार शाम से ही लापता था। शुक्रवार शाम को जब ग्रामीण मवेशी चराने जंगल पहुंचे, तब उन्हें शव दिखा। पहचान होने पर परिजनों और गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही बेरमो डीएसपी बशिष्ठ नारायण सिंह, नावाडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी एवं पेंक थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने छात्र का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

### सीपीआई के पूर्व महासचिव एस सुधाकर रेड्डी के निधन पर माकपा ने शोक व्यक्त किया



**कोडरमा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सीपीआई के पूर्व महासचिव 83 वर्षीय कॉमरेड सुरवरम सुधाकर रेड्डी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि जीवन भर मजदूर वर्ग और शोषितों के पक्षधर रहे सुधाकर रेड्डी ने अपना जीवन न्याय, समानता और समाजवाद के आदर्शों के लिए समर्पित कर दिया। कुरनूल और उस्मानिया विश्वविद्यालय में छात्र नेता के रूप में अपनी प्रारंभिक सक्रियता से लेकर ऐतिहासिक युवा और छात्र संघर्षों में एआईएसएफ और एआईवाईएफ का नेतृत्व करने तक उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक परिवर्तन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

# सिविल सर्जन कार्यालय में एएनएम कर्मियों का हंगामा अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने से नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिले के सिविल सर्जन कार्यालय में शनिवार को एएनएम कर्मियों का जमावड़ा देखने को मिला। जिले के विभिन्न प्रखंडों के अस्पतालों में वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत एएनएम कर्मी अपने अनुभव प्रमाण पत्र की मांग को लेकर सुबह से ही कार्यालय पहुंचे थे। लेकिन शाम तक भी प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने पर उनका धैर्य जवाब दे गया और कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। एएनएम कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से वे लगातार यह मांग कर रहे हैं कि अनुबंध पर कार्य कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों को स्थाई किया जाए। सरकार की ओर से हाल ही में बहाली प्रक्रिया निकाली गई है, जिसमें आवेदन करने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र अनिवार्य है। कर्मियों का आरोप है कि आवश्यक अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत करने के बजाय उन्हें बार-बार सिविल सर्जन कार्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि समय पर प्रमाण पत्र नहीं मिला तो वे आवेदन भरने से वंचित रह जाएंगे। कई एएनएम कर्मियों ने अफसोस जताया कि इससे उनके स्थायी नियुक्ति का सपना अधूरा रह सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि शुक्रवार को भी कई कर्मियों को देर रात तक प्रमाण पत्र का इंतजार करना पड़ा था। गांव और प्रखंड मुख्यालयों से आए एएनएम कर्मियों को आवागमन में भी भारी दिक्कतें झेलनी पड़ी। उनका कहना था कि वे गोमिया और कसमार जैसे दूरस्थ इलाकों से आए हैं, लेकिन प्रमाण पत्र निर्गत की प्रक्रिया में हो रही देरी से उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, सिविल सर्जन के कार्यालय से इस संबंध में आधिकारिक बयान अब तक नहीं मिल पाया है।

## स्टेशन पर लापता नाबालिग बरामद, आरपीएफ ने सुरक्षित चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शनिवार को सुबह करीब 10:17 बजे एससीएनएल आद्रा से रेल मदद संदर्भ संख्या 2025082303035 पर मिली सूचना के आधार पर दुमका रांची इंटरसिटी 13319 एक्सप्रेस ट्रेन में एक बच्चे के लापता होने की खबर सामने आई। सूचना मिलते ही एसआई रोजमत अंसारी के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट बोकारो की टीम ने तत्काल कार्रवाई की और संबंधित ट्रेन में सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि ट्रेन से बच्चा नहीं मिला। इसके बाद स्टेशन परिसर की गहन छानबीन की गई, जहां एक नाबालिग लड़का स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में घूमता पाया गया। बच्चे की तस्वीर को एससीएनएल आद्रा से भेजे गए विवरण से मिलाने पर पुष्टि हुई कि वही लापता बच्चा है। टीम ने तुरंत उसे सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम पांडे (14 वर्ष), पुत्र छोटू पांडे, निवासी कुंडू बांग्ला, थाना मधुपुर, जिला देवघर (झारखंड) बताया। बच्चे ने बताया कि उसकी मां का कल ही निधन हो गया था और इस दुखद घटना से आहत होकर उसने घर से बिना बताए घर छोड़ दिया। मामले की सूचना तत्काल उसके पिता छोटू पांडे को दी गई। बच्चे को सभी आवश्यक देखभाल व सुविधाएं प्रदान करने के बाद, कानूनी औपचारिकताओं की पूर्ति कर, उचित फोटोग्राफी सहित उसे चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क, बोकारो को सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया। आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई से न केवल बच्चे की सकुशल बरामदगी संभव हुई, बल्कि संवेदनशील स्थिति में एक नाबालिग को समय पर संरक्षण भी मिल पाया।

## पंचायत का उप विकास आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, सेवकों को मिली फटकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चास :** प्रखंड के बिजुलिया पंचायत में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजुमदार ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व पंचायत भवन में बैठक कर डीडीसी ने मनरेगा समेत पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पंचायत सेवक होरो सिंह और रोजगार सेवक आनंद लाल के कार्यों से उप विकास आयुक्त असंतुष्ट दिखीं। डीडीसी ने दोनों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि निरीक्षण को देखते हुए आनन-फानन में अधूरे और त्रुटिपूर्ण रजिस्टर तथा योजना संबंधी अभिलेख प्रस्तुत किए गए हैं, जिससे कार्यशैली की स्पष्ट कमी झलकती है। उन्होंने तत्काल बीडीओ से जांच कर सुधार कराने का निर्देश दिया और कहा कि पुनः बिजुलिया पंचायत का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र बिजुलिया का भी जायजा लिया, जहां कई त्रुटियां पाई गईं। वहीं चिकनटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका को अनियमितता बरतने पर फटकार लगाई गई। नव-प्राथमिक विद्यालय गोपीडीह का निरीक्षण करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन रास्ता नहीं होने के कारण डीडीसी को लौटना पड़ा। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान चास बीडीओ डॉ. प्रदीप कुमार, पंचायत मुखिया बासुदेव राजवार, बीपीओ पवन कुमार गुप्ता, जेएसएस मुंशी लाल महतो, श्रेणीपंसस यशोमति देवी, पंचायत सहायक अशोक गोप, संतोष गोप, रणजीत महतो, वार्ड सदस्य चितरंजन पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान, 25 यूनिट रक्त से समाज को दिया जीवनदान





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** हजारीबाग ग्रुप मुख्यालय के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमान अधिकारी विजय कुमार (सेना मेडल) के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्लड बैंक, सदर अस्पताल कोडरमा के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अभियान में 45 झारखंड बटालियन के अंतर्गत सीएच प्लस टू हाई स्कूल, आरएलएसवाई कॉलेज, जे.जे. कॉलेज झुमरी तिलैया तथा आ.के. प्लस टू हाई स्कूल के कुल 50 एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स रोशन कुमार अंडर ऑफिसर ,अनिल राणा, प्रशांत यादव के सुहानी शर्मा, पीआई सूबेदार चंपा मुरमू , सूबेदार चंद्रहास हवलदार अजीत, हवलदार एके मिश्रा बटालियन स्टाफ राम उचित यादव ने रक्तदान देने का काम किया। इस अभियान के दौरान कुल 25 यूनिट रक्तदान कर समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। कमान अधिकारी विजय कुमार ने अपने संदेश में कहा कि–ₑरक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। राष्ट्र सेवा की इस कड़ी में एनसीसी कैडेट्स का उत्साह और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। हमें हमेशा समाजहित के कार्यों में अग्रसर रहना चाहिए। रक्तदान अभियान की इस पहल से न केवल युवाओं में सामाजिक दायित्व का बोध हुआ बल्कि इससे अन्य लोगों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक करने का संदेश प्रसारित हुआ।

## डीएवी कोडरमा में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल, कोडरमा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अंतरिक्ष की अद्भुत दुनिया को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत नन्हे-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुति से हुई। बच्चे ग्रह, अंतरिक्ष यात्री, रॉकेट, चाँद और अंतरिक्ष मिशनों का रूप धरकर विद्यालय आए। इनमें रजत रंजन सिंह, अनिक देव, दर्षित, पुनित और सर्वोत्तम असीम एस्ट्रोनॉट बने। सम्पूर्णा राजपूत, सान्या सोनी और अंशुमान ने चंद्रयान-3 का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। श्रीहन सान्डिल्य आदित्य छ1, प्रियांश राज गगनयान, हर्षित निराला चंद्रयान-2, निहाल मेहता रॉकेट और आरव साइंटिस्ट बने। शिवान्स ने एलियन और रॉकेट दोनों रूपों में सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसी तरह अधिराज और लक्ष्य मंगल ग्रह, विराट सिन्हा शनि, शिखा नेप्च्यून (अरुण), जबकि अनेक बच्चों ने चाँद, तारे और सूर्य का रूप धरकर कार्यक्रम में रंग भर दिए। बच्चों ने अंतरिक्ष विषय पर आकर्षक मॉडल और पेंटिंग्स प्रस्तुत कीं। कविता आरोही गुप्ता और खुशी तिवारी द्वारा गाई गई, जबकि कुमुद सिंह ने हिंदी और शाम्भवी ने अंग्रेजी में प्रभावशाली भाषण दिया। मंच संचालन आभ्या श्री ने किया। सीनियर वर्ग में शुभांशु शुक्ला, अंतरिक्ष यात्री की उपलब्धि की सराहना की गई।चंद्रयान-3 की अंतरिक्ष यात्रा का वर्णन किया तथा शिवांग आयुष ने भविष्य के गगनयान मिशन पर प्रस्तुति दी। प्रेरणा ने अंतरिक्ष विषयक प्रश्नोत्तरी का संचालन किया। रुद्र प्रताप सिंह चंदेल ने बच्चों को रोचक विज्ञान तथ्य बताए। अंग्रेजी भाषण में अरुणेश रंजन ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## संस्कार भारती का भव्य आयोजन, कृष्णा-राधा बने नन्हें प्रतिभागी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो :** संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई द्वारा शनिवार को सेक्टर 4 एफ स्थित एमजीएम हायर सेकंडरी स्कूल में बालकृष्ण रूप सज्जा, नृत्य व नाट्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एमजीएम स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस, जीजीपीएस, बोकारो के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती, संस्कार भारती के राष्ट्रीय मंत्री डॉ संजय कुमार चौधरी, संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष अमर जी सिन्हा, महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय, कला विधा प्रमुख अरुण पाठक, मंत्री अर्चना चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अमरजी सिन्हा, रचना सिंह, आनंदिता पाठक, रुपक पांडेय, श्यामल दास व अश्विनी कुमार द्वारा प्रस्तुत संस्कार भारती के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती भारते नवजीवनम..' की सुमधुर प्रस्तुति से हुई। संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई द्वारा एमजीएम स्कूल की मेजबानी में सफलतापूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में डीपीएस, चिन्मय विद्यालय, एमजीएम स्कूल, श्रीअय्प्पा पब्लिक स्कूल, जीजीपीएस, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बालकृष्ण व राधा का रूप धरे प्रतिभागियों ने आकर्षक परिधान व अदायगी से सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शुभ्रा मुखोपाध्याय, सीमा मिश्रा, चमचम कुमारी व श्रीपर्णा घोष शामिल थीं। एमजीएम के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति बच्चों में अनुराग बढ़ाने हेतु संस्कार भारती द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बहुत ही प्रशंसनीय हैं। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में संस्कार भरने का कार्य बहुत ही सराहनीय व अनुकरणीय हैं। संस्कार भारती के राष्ट्रीय मंत्री डॉ संजय कुमार चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण एक जीवन दर्शन हैं। श्री कृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामी है। बहुत बड़े मैनेजमेंट गुरु होने के साथ ही जीवन के विभिन्न आयामों को जिसतरह से श्री कृष्ण ने दशार्या है वह अद्भुत है। बच्चों के साथ ही हम सभी को भी उनसे बहुत कुछ सीखना है। डॉ चौधरी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को कृष्ण से परिचित करवाएं। कृष्ण जो किसी के शील की रक्षा करते हैं। युद्ध में संदेश देते हैं। न्याय के लिए लड़ते हैं। धर्म की स्थापना करते हैं। कृष्ण का जीवन हमें अच्छा नागरिक बनाते हैं। आज पांच प्रण लेले की आवश्यकता है। स्वदेशी, सामाजिक समरसता, पर्यावरण की रक्षा, नागरिक कर्तव्य का गुण बच्चों में डालें। आज मुरलीधारी कृष्ण से अधिक सुदर्शन धारी कृष्ण की जरूरत है। संस्कार भारती के अध्यक्ष अमरजी सिन्हा व महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए एमजीएम स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन रचना सिंह ने किया। आयोजन में संस्कार भारती के रुपक पांडेय, रजनी पाढ़ी, अर्चना चौधरी, राजेश चौधरी, बबलू, शुभम, सुभाष, अश्विनी, प्रसेनजीत, नागेन्द्र सिंह आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### नवलशाही, डोमचांच एवं मरकच्चो थाना प्रभारी के द्वारा थाना परिसर में किया गया पौधरोपण



**कोडरमा :** अनुदीप सिंह (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक ,कोडरमा के द्वारा कोडरमा जिला के विभिन्न थाना/ओ0पी0 में प्राप्त कराये गये 1800 फलदार पौधों का शनिवार को नवलशाही, डोमचांच एवं मरकच्चो थाना प्रभारी के द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण किया गया तथा थाना क्षेत्र के आम लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया । पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारियों ने स्वंय पौधा लगाकर हरियाली और पर्यावरण संरक्षरण कर संदेश दिये तथा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियो/ कर्मियों एवं मौके पे उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है । वनों और वृक्षों क संरक्षण से ही स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण संभव है । वर्तमान बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पौधारोपण जैसी पहलें अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष हमें प्राणवायु, छाया और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में कम-से-कम एक वृक्ष अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करें। यह संदेश दिया कि पुलिस विभाग केवल कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी ही नहीं निभाता, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाता है । इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना और नागरिकों को पार्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना ही हमारा उद्देश्य है । सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों सामूहिक रूप से परिसर में पौधारोपण किया तथा वृक्षों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। पूरे परिसर में सौंदर्य और हरियाली बढ़ाने की दृष्टि से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए । थाना प्रभारीयो के द्वारा आम जनता के बीच पौधा का वितरण किया एवं पर्यवरण को बचाने का आग्रह किया ।

### 25 को भारी संख्या में लोग जुड़ेंगे आपकी विकास पार्टी से : गुलाम मुस्तफा



**कोडरमा :** आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आपकी विकास पार्टी लगातार जनमुद्दों पर कार्य कर रही है। साथ ही तमाम शोषित दलित एवं पिछड़ों की आवाज बनने का भी काम की है।जिसका फलस्वरूप लगातार आपकी विकास पार्टी से लोग जुड़ते चले जा रहे हैं। वहीं आगामी 25 अगस्त को केंद्रीय कार्यालय कोडरमा के छतरबर में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो की संख्या में आपकी विकास पार्टी का दामन लोग थामेंगे। साथ ही आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि जब से झारखंड का गठन हुआ है। तब से अब तक मॉब ब्लीचिंग के जो भी लोग शिकार हुए हैं। उनके पीड़ित आश्रित परिवारों के लिए सितंबर माह में रांची में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करके उनकी समस्याओं को सुनेंगे। साथ ही उन्होंने कहा की मॉब ब्लीचिंग के पीड़ित परिवारों की हम आवाज बनने का हम काम कर रहे हैं। मेरे द्वारा उन पीड़ित परिवारों को आर्थिक रूप से सहयोग किया जाता रहा है। और आगे भी किया जाता रहेगा।

### बोकारो में गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू सांसद- विधायक को दिया गया आमंत्रण



**बोकारो :** आने वाली 27 अगस्त को भगवान गणपति बप्पा का आगमन हमेशा की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ बोकारो होने जा रहा है। गणेशोत्सव को लेकर जिले भर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस कड़ी में सेक्टर 4 स्थित सिटी सेंटर गणेश मंडली के सदस्यों ने धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुलू महतो जी, धनबाद के विधायक राज सिन्हा जी तथा बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो जी से मुलाकात की। गणेश मंडली की ओर से आयोजित इस शिष्टाचार भेंट में उन्हें मंडप पर आने और उत्सव में शामिल होने का सादर निमंत्रण दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने मंडली सदस्यों को विश्वास दिलाया कि वे इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर भगवान गणपति की आराधना करेंगे और श्रद्धालुओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह, गणेश मंडली पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार जी, डब्बू सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। गणेश मंडली के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन और भी भव्य होगा तथा इसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। बोकारो समेत पूरे क्षेत्र में गणेश बप्पा के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### अब ठेकाकर्मी शोषण बर्दाश्त करने को तैयार नहीं : बि के चौधरी



**बोकारो :** शनिवार को कोक ओवेन एन्ड कोक केमिकल बिभाग के ठेकाकमीर्यों ने जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के नेतृत्व मे बैटरी नम्बर-4 सेभारी बरसात में भी लगभग 500 की संख्या मे उपस्थित होकर आर्थिक और मानसिक शोषण के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रर्दशन करते हुए मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय तक जुलूस के साथ पहुंचकर गगनभेदी नारेबाजी किया। फिर एक सभा हुआ जिसकी अध्यक्षता बिभागीय नेता और युनियन के संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार ने किया। अनेक मजदूरों ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन मे प्रबंधन को खुली चूनौती देते हुए कहा कि अब किसी भी परिस्थिति मे शोषण बर्दाश्त नही करेंगे जो बर्षो से होता रहा है क्योंकि मजदूरों के साथ जय झारखंड मजदूर समाज है। अपने संक्षिप्त संबोधन मे युनियन के महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुऐ कहा कि मजदूरों के इस आक्रोशभरे चेतावनी को हल्के मे लेने का गल्ती नहीं करें क्योंकि कोक ओवेन के तरह प्लांट के हर बिभाग मे कार्यरत ठेकाकमीर्यों मे प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है जो कभी भी प्लांट का चक्का जाम करने मे सक्षम है ।

# दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति की वार्षिक आम सभा संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों को लेकर जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक शनिवार को सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर की 317 दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव आशुतोष सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव रामबाबू सिंह ने किया। सर्वप्रथम ओमयो ओझा द्वारा स्तुति पाठ कर बैठक की शुरूआत की गई। वहीं, द्वीप प्रज्वलन कर आम सभा की विधिवत शुरूआत की गई। बैठक में उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष नंद जी सिंह ने आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा रखा, जिसे चर्चा के बाद सभा ने पारित कर दिया। प्रदीप दास ने ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे आम सभा ने सर्वसम्मति से हाथ उठाकर अनुमोदित किया। आम सभा को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि समिति सभी पूजा समितियों के परस्पर सहयोग से आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न करेगी। किसी भी परिस्थिति में जिला प्रशासन के साथ तालमेल स्थापित कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा उत्सव 22 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को विजयदशमी के साथ संपन्न होगा। इसके लिए अगले 20 दिनों के अंदर सभी जोनल पदाधिकारियों को जोनल बैठक कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जोनल बैठकों से निकलने वाली समस्याओं का केंद्रीय समिति द्वारा तत्काल निदान कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। समिति के मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि हमें सनातन धर्म की मूल भावना को आगे बढ़ाना है। किसी भी प्रकार की जातीय भावना या विवाद में उलझने के बजाय केवल सनातन संस्कृति और उसके आदर्शों को केंद्र में रखकर कार्य करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष 2024 में दुर्गा उत्सव को अनुशासन और समन्वय के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया था, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी उत्सव को और अधिक सफल एवं भव्य रूप में आयोजित करना है। चंद्रगुप्त सिंह ने विशेष रूप से आग्रह किया कि पूजा पंडालों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भक्तजन निर्बाध और सुरक्षित वातावरण में दुर्गा उत्सव की भव्यता का अनुभव कर सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक सहयोग और अनुशासन से यह वर्ष का दुर्गा उत्सव शहर में एकता, भव्यता और संस्कृति का अद्भुत उदाहरण बनेगा। समिति के संरक्षक ब्रजभूषण सिंह ने अपने संबोधन में समिति के कार्यों और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस बार की ऑडिट रिपोर्ट अत्यंत व्यवस्थित और सीमित खर्च के साथ प्रस्तुत की गई है, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि पूजा समितियाँ प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य कर रही हैं और किसी प्रकार की शिकायत की गुंजाइश नहीं है। कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा स्वयं करनी है। प्रशासन हर वर्ष दुर्गाउत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऐसे में सभी पूजा समितियों को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से समझते हुए अनुशासन, सहयोग और समर्पण के साथ इस महापर्व को सम्पन्न करना है। संरक्षक भीष्म सिंह ने कहा कि प्रत्येक पूजा समिति इस महापर्व की आत्मा है, जिनके सहयोग और समर्पण से ही यह उत्सव भव्य और सफल रूप में संपन्न होता है। शहर के विभिन्न पूजा समितियों की सक्रिय भूमिका और प्रशासन के सहयोग से हर वर्ष दुर्गा पूजा सफलतापूर्वक सम्पन्न होती है।




## संक्षिप्त खबरें

### बलीडीह मोहल्ला फिर से रोशनी से जगमगाया पूर्व विधायक के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर स्थापित



**सरिया :** सारिया अनुमंडल के स्टेशन रोड के समीप बलीडीह मोहल्ला, जो बीते तीन दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरे में डूबा था, शनिवार को फिर से रोशनी से जगमगा उठा। स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। इस कार्य में बिजली विभाग के दो कर्मचारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। शनिवार सुबह 11:00 बजे भाकपा माले नेता भोला लाल मंडल एवं जिला परिषद सदस्य लाल मनी यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ट्रांसफार्मर चालू होते ही मोहल्ले में बिजली की आपूर्ति बहाल हुई, जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस कार्य में देव कुमार मंडल, चंदन मंडल, छोटन मंडल आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर जिम्मी चौरसिया,प्रमोद मंडल,विनोद मंडल,मुकेश पासवान,राजा अंसारी,मुबारक अंसारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सूर्या हांसदा फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच हो : मनोज कुमार चौधरी



**अनगड़ा :** सूर्या हॉसदा उर्फ सूर्य नारायण हांसदा के फर्जी एनकाउंटर के मामला में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि सूर्या हांसदा सामाजिक न्याय के लिए प्रखर थे। कंपनी और सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ संघर्षरत रहे हैं। जल जगल जमीन की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे और गरीब अनाथ बच्चो को निशुल्क शिक्षा देने का काम करते थे कई बार संवैधानिक चुनाव में हिस्सा लेकर यह साबित किया कि वह समाज के मुख्य धारा से जुड़े हुए थे। फिर भी शासन व प्रशासन ने गलत तरीके से उन्हें जबरन सरकार उनका फर्जी एनकाउंटर कर जनसाधारण में भय का माहौल पैदा करना चाहती है। 10 अगस्त को गिरफ्तार के बाद 11 अगस्त को एनकाउंटर आदिवासी अस्मिता, प्रशासन के प्रति न्याय और सुरक्षा के प्रति गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है, वर्तमान समय में हांसदा के परिजन दु:ख, पीड़ा और अन्याय के वेदना में हैं। मै सरकार से मांग करता हूं कि सूर्या को इंसाफ मिले। पूरे मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच हो। दोषियों पर ठोस रूप से त्वरित कार्रवाई हो। पीड़ित परिवार के आश्रितों को समुचित मुआवजा के साथ सुरक्षा प्रदान किया जाए। जिन 500 बच्चो को निशुल्क शिक्षा देते थे उन बच्चों को झारखंड सरकार जिम्मा ले ।

### सीबीएसई क्लस्टर अंडर-14 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में ग्रिजली विद्यालय, कोडरमा ने जीता कांस्य पदक




**धनबाद :** बड्स गार्डन स्कूल, धनबाद में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-III अंडर-14 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 में ग्रिजली विद्यालय, कोडरमा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।टीम का नेतृत्व कोच अमित दास और टीम मैनेजर नेहा कुमारी ने किया। विद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों – स्वस्तिक , अनिषा कुमारी, आणवि मोदी, प्रकृति सिंह, आर्य कुमारी, क्षिति राज, हनीफा अनाम, परिधि बरनवाल और हेमाश्री – ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया।विद्यालय परिवार की ओर से निदेशकद्वय मनीष कपसिमे एवं अविनाश सेठ, सीओओ तनिष्क सेठ, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी.डी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल संयोजक सुधांशु कुमार, तथा सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह सहित पूरे विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों और उनके कोच को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी में प्रयाप्त भवन नहीं, पुराने जर्जर भवन में ही चल रही कक्षाएं



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के गोबरघुसी स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी, वर्ष 2011 में मध्य विद्यालय गोबरघुसी से हाईस्कूल में उत्क्रमण किया गया था। लेकिन विडंबना कहिए 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी विद्यालय को उच्च विद्यालय का अपना भवन अभी तक नहीं मिला। मध्य विद्यालय के भवन में ही माध्यमिक कक्षाओं का संचालन होता है। जिसका खामियाजा नीचली कक्षाओं के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है ।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र बेसरा ने बताया कि कमरों के अभाव में कक्षा एक से तीन की 36 विद्यार्थियों को एक कक्षा में और चौथी से पांचवीं 38 विद्यार्थियों को एक कक्षा में संयुक्त रूप से बैठा कर कक्षा चलाई जाती है। सत्र-2025-26 में कक्षा एक से आठवीं तक 225 विद्यार्थी तथा नवीं-दशवीं कक्षा में कुल 320 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी, संसद विद्युत वरण महतो एवं तत्कालीन उपायुक्त को भी गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विद्यालय में कुल 545 विद्यार्थी नामांकित है ।विद्यालय में भवनों के कमी के साथ-साथ बैंच डेक्स की कमी और चाहरदीवारी एवं विद्यार्थियों के अनुपात में पर्याप्त शौचालय की भी कमी है। कक्षा 10वीं के छात्रा आयुषी चटर्जी ने बताया कि भारी वर्षा के कारण विद्यालय भवनों के छत से पानी की रिसाव कक्षा के अंदर हो रही है जिससे बेंच-डेक्स के साथ- साथ बच्चें भी पानी से भींग जा रही है। जिसके कारण शिक्षकों को कक्षाओं का संचालन करने मे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रही है ।कक्षा 10वीं के छात्र रोहित कुमार ने बताया कि भवनों की जर्जर स्थितियों के कारण हमलोग को पढ़ाई में समस्या होती है, जर्जर भवनों की तरफ ही सभी विद्यार्थियों का ध्यान लगा रहता है सभी विद्यार्थियों के मन में डर लगा रहता है कि कहीं अनहोनी न घट जाए।

## पंचायती राज विभाग से वार्ड सदस्यों को मिला प्रशिक्षण




**पटमदा :** पंचायती राज विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ।इस दौरान पटमदा प्रखंड के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए पेशा कानून के विषय में भी बताया गया। कार्यशाला में मास्टर सह मुखिया राकेश मुर्मू, कानूराम बेसरा ने उपस्थित थे। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम सभा और स्थाई समिति की बैठक की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य को कई बैच में परीक्षण दिया गया।

## बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में जल्द शुरू होगा विकलांगों के लिए शिविर

**सिल्ली :** सिल्ली बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में विकलांग तीरंदाजो का जल्दी ही शिविर का उद्घाटन किया जाएगा। इस शिविर में दूर दराज से आए हुए विकलांग भाग लेंगे। बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में पहली बार विकलांगों के लिए हर एक सुविधा उपलब्ध किया जाएगा वही विकलांग सिल्ली प्रखंड एवं रामगढ़ जिला से आना शुरू कर दिया है जिनका स्वागत कोच प्रकाश राम एवं सुशीर महतो ने किया। दूसरी और झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि तीरंदाजी के सहारे बच्चे अपने भविष्य को उज्वल बना सकते हैं विकलांग जहां जिनका कोई सहारा नहीं होता है वही तीरंदाजी के सहारे अपने भविष्य को उज्वल बना सकते हैं।

# जिला कल्याण पदाधिकारी अपने आवास पर गिरी, स्थिति गंभीर ड्रीम्स रिम्स रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के दूधिमाटी में रह रहीं जिला कल्याण पदाधिकारी को बेहोश हालात में पाया जाने का मामला सामने आया है। जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी देते हुए कल्याण पदाधिकारी शीतल उषा किरण कांडील के वाहन चालक शंकर कुमार ने बताया कि कल्याण पदाधिकारी कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधिमाटी में किराए पर रहती हैं। शंकर ने बताया कि हर दिन की भांति वे आज भी मैडम को कार्यालय ले जाने हेतु 9 बजे दूधिमाटी स्थित उनके आवास पर गए। वहां जाकर उनको आवाज लगाया तथा फोन भी किया तो कोई जवाब नहीं मिला। जिससे मुझे लगा कि शायद वो ऑफिस जाने की तैयारी कर रही होंगी, इसलिए फोन नहीं उठाया। करीब एक घंटा इंतजार करने पर मैने दुबारा से उन्हें फोन किया, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं मिला। जिसके पस्चात मैंने उन्हें आवाज लगानी शुरू की, इसपर मकान मालिक ने कहा कि मैडम आज सुबह से ही घर से बाहर नहीं निकलीं हैं। जिसपर मुझे शक हुआ और मैने मकान मालिक को नीचे बुलाकर उनके दरवाजे को काफी पीटा, कोई जवाब नहीं मिलने पर हमने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जैसे ही हमलोग अंदर प्रवेश किए तो देखा कि वो जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थीं। इसके पश्चात हमने एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। इधर सदर अस्पताल में उनकी स्थिति नाजुक ही बनी हुई है। बताते चलें कि कल्याण पदाधिकारी इसी माह के 8 अगस्त को कोडरमा में बतौर कल्याण पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जिले के आला अधिकारी सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

# पुलिस ने अवैध शराब भट्टी को किया ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ शनिवार के दिन अभियान चलाया। प्रभारी थाना अध्यक्ष दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में छापामारी दल ने लगभग 30 लीटर अवैध शराब और 6 किलोग्राम महुआ जावा को मौके पर नष्ट करते हुए शराब बनाने वाले उपकरण को भी नष्ट किया। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई में बुधराम नामक धंधेबाज पर मामला दर्ज किया गया। छापा मारने के दौरान थाना प्रभारी लोगों को शराब के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और साथ ही आम लोगों की जागरूकता और सहयोग की अपील भी की। उन्होंने लोगों से कहा कि इस तरह की गतिविधियों की सूचना आवश्यक रूप से पुलिस को दे ताकि कार्रवाई की जा सके। अभियान में अवर निरीक्षक उदय कुमार सिंह,अरुण कुमार यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## स्कूटी और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर, दो घायल



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत अंचल आवास के निकट शनिवार शाम को एक स्कूटी और सीएनजी ऑटो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए हैं, जिनमें स्कूटी सवार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वही घटना की जानकारी मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल भेजवाया। इधर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों की गति तेज होने के साथ ही नशे की हालत में था। जिसके कारण टक्कर काफी जोरदार हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## छात्राओं को सिखाया गया आत्म रक्षा कैसे करे



**सिल्ली :** शनिवार को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विधालय चातमबाड़ी में अध्ययनरत छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा व्यायाम के माध्यम से कक्षा, 01 से कक्षा 08 तक के छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पंचेस, ब्लॉक्स, किकस, एल्बोस इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि कराटे एक ऐसी कला है कि जिसके माध्यम से शारिरिक सुरक्षा के साथ - साथ आत्मरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार शिक्षिका रीता साहु एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 तीसरे दिन भव्य समापन, प्रतिभागियों को मिला सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** परिचित फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का तीसरा और अंतिम दिन भव्य समापन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कला मंडपम हॉल में आयोजित इस अवसर पर हजारों युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्य अतिथि बाबू लाल मरांडी, माननीय भाजपा अध्यक्ष, झारखंड आदित्य साहू, माननीय सांसद, राज्यसभा विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, माननीय सांसद, झारखंड समापन दिवस पर आयोजित फेलिसिटेशन सेरेमनी में एक्सपो से जुड़े प्रतिभागियों, सहयोगी संस्थाओं और प्रदर्शनकारियों को सम्मानित किया गया। आकर्षक स्टॉल पुरस्कार प्रथम स्थान : जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वितीय स्थान : इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च तृतीय स्थान : इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन माननीय अतिथियों के विचार बाबू लाल मरांडी ने कहा स्वर्णिम भारत एक्सपो ने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को राष्ट्रीय मंच दिया है। इस तरह के आयोजनों से न केवल युवाओं को अवसर मिलता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में ठोस कदम भी बढ़ते हैं। यह आयोजन झारखंड के लिए गौरव का विषय है और आने वाले समय में इसे और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाना चाहिए। आदित्य साहू ने कहा : हजारों युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल हाथों में है। यहां प्रदर्शित नवाचार, तकनीकी विकास और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रेरित किया। डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा परिचित फाउंडेशन को बधाई कि उन्होंने इतने बड़े स्तर पर युवाओं और संस्थानों को एक साथ लाने का प्रयास किया। स्टॉल और प्रस्तुतियां दर्शाती हैं कि हमारे युवा नई सोच और शोध के माध्यम से भारत को विश्व पटल पर अग्रणी बनाएंगे। आयोजन की प्रमुख झलकिया तीन दिनों तक चले इस एक्सपो में नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक धरोहर को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। स्टार्टअप्स, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी विभागों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और प्रभावी बनाया। विजेता स्टॉल्स को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पत्रांक..................(ii)/खेल
जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
sportofficesimdega@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर 29 अगस्त 2025 को बैडमिंटन, वुशु तथा दिनांक–30 अगस्त 2025 को जिला स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जाना है।

ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता योजनान्तर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | खेल प्रतियोगिता का विवरण | जिला स्तर खेल आयोजन की तिथि, समय एवं स्थान | आयुवर्ग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैडमिन्टन | 29 अगस्त 2025, 03 बजे, स्पोट्स कॉम्पलेक्स बाजारटांड़, (इण्डोर स्टेडियम) सिमडेगा | U-16 | – |
| 2 | वुशु | | U-18 | |
| 3 | गुलेल | 30 अगस्त 2025 10:00 बजे,अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा। | 14 से 30 वर्ष | खेल प्रतियोगिता में आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेंगें। |
| 4 | मटका दौड़ | | | |
| 5 | गेड़ी दौड़ | | | |
| 6 | स्केोर | | | |

- उपरोक्त विभिन्न खेल प्रतियोप्रिताओं में जिला स्तर पर सीधे इच्छुक प्रतिभागी/टीम का निबंधन जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बाजारटांड़, सिमडेगा में दिनांक– 28.08.2025 तक करा सकते हैं।
- क्रमांक– 03 से 06 तक के स्पर्धा में अपने संस्था/विद्यालय/महाविद्यालय/पंचायत/प्रखण्ड से 02–03 खिलाड़ी भाग लेंगे एवं क्रमांक–04 के सेकोर खेल में प्रत्येक प्रखण्ड से 01 बालक एवं 01 बालिका टीम भाग लेंगी, जिसमें एक टीम में 07 खिलाड़ी होंगे।
- जिला स्तर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल पर आने–जाने का मार्ग व्यय स्वंय या संबंधित संस्था द्वारा वहन किया जायेगा।
- सभी खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड की प्रति लाना अनिवार्य होगा।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 360230 (Simdega)25-26*D

# सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता का विषय

तमाम प्रयासों के बावजूद संसद ठीक से नहीं चल रही है। इसी तर्ज पर राज्यों के विधान मण्डल भी हल्ले-गुल्ले का शिकार हो रहे हैं। बीते बुधवार व गुरुवार को संसदीय कार्यवाही में बाधा डाली गई। कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों ने सदन में विधेयकों की प्रतियां फाड़ दीं। बाधा-व्यवधान के कारण संसद और विधान मण्डल में कार्य दिवस घटे हैं। शांतिपूर्ण बहसें नहीं होतीं। पूरा मानसून सत्र घोर अव्यवस्था का शिकार हुआ। मानसून सत्र में लोकसभा सिर्फ 37 घंटे ही चली और राज्यसभा में कुल 41 घंटे 15 मिनट काम हुआ। मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय संसदीय व्यवस्था पूरी तौर पर असफल हो गई है? क्या इसको बचाने के लिए कोई उपाय हैं? सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता है। समय-समय पर लोकसभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में इस विषय पर गंभीर चर्चा होती रहती है। पिछली लोकसभा के समय देश के सभी विधानसभा अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों का एक सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में हुआ था। गंभीर चर्चा हुई थी। इसके पहले भी लगभग हर साल सदनों के व्यवधान पर पीठसीनों के सम्मेलनों में गंभीर चर्चा हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदनों के व्यवधान की समस्या पर विचार-विमर्श के लिए समिति बनाई थी। मैं इस समिति का संयोजक बना था। एक विधायक के रूप में मैंने 6 कार्यकाल सदन की कार्यवाही को निकट से देखा है। सदनों में अव्यवस्था व व्यवधान की समस्या को आसानी से नहीं सुलझाया जा सकता। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श जरूरी है। संसद और विधानमण्डल अपने कार्य संचालन की प्रक्रिया के स्वामी हैं। संविधान में संसद परिपूर्ण विचार स्वातंत्र्य है। कार्यवाही की विधि मान्यता प्रक्रियागत त्रुटि के आधार पर चुनौती न दिए जाने के अधिकार हैं। संसदीय कार्यवाही में अध्यक्ष, पीठासीन का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है। अध्यक्ष की एक विशेष गरिमा है। इस गरिमा का मूल आधार तटस्थता और निष्पक्षता है। दलबदल कानून को लेकर अध्यक्षों पर कई सवाल उठे हैं। बात सर्वोच्च न्यायपीठ तक पहुंची है। यह गरिमा का विषय ही था कि एक समय लोकसभा अध्यक्ष आयंगर ने कहा था कि, मैं एक दल और दूसरे दल में भेद नहीं करता। लेकिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के सदस्य बने रहे। संसदीय प्रणाली में आत्म रूपांतरण की शक्ति होती है, लेकिन आत्मसुधार बहुत आसान नहीं होता। स्वयं को अनुशासित बनाए रखना अग्नि पर चलने जैसा कष्ट साध्य है। कुछ परिस्थितियां ऐसी हैं, जिनमें अध्यक्ष, पीठासीन के सामने चुनौती होती है। सरकार सदनों में बजट के सारे बिन्दु रखती है। बजट का पारण महत्वपूर्ण संसदीय कार्य है, लेकिन सदनों के भीतर होने वाले शोरगुल और व्यवधान बहस का समय खा जाते हैं। तब भारी व्यवधान के बीच ही बजट का पारण होता है। बजट के महत्वपूर्ण प्रावधान भी बिना बहस पारित होते हैं। यह अच्छी परंपरा नहीं है, लेकिन इसका विकल्प भी नहीं है। विधेयक पारित कराना सरकार की प्राथमिकता है। अव्यवस्थित सदन में बजट पर विचार नहीं हो पाता। समाज को प्रभावित करने वाले विधायकों पर चर्चा नहीं होती। व्यवस्थित सदन में बिना बहस बजट का पारण होता रहा है। ऐसे ही संसदीय व्यवस्था पिटती रही है। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप बहुत खतरनाक होते हैं। असहमति के अधिकार बेशक प्रत्येक के पास होते हैं, लेकिन असहमति और शत्रुता में फर्क करना चाहिए। देश के प्रायः सभी सदनों में व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप लगते हैं। शब्द का अपना सामर्थ्य होता है। शब्द की मार बड़ी है। शब्द को गाली गलौज के लिए उपयोग करना निंदनीय है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में लिखा है कि, शब्द को निश्चित स्थान पर रखने से भाव बदलते हैं। लेकिन मान्यवर नहीं सुनते। संकट बड़ा है। इसे राष्ट्रीय शर्म, निन्दनीय और लज्जाजनक बताने मात्र से परिवर्तन नहीं होगा। दलतंत्र शब्द आक्रमण से नहीं डरता। आरोप-प्रत्यारोप ही उसका मुख्य कौशल है। लोकसभा चुनाव में हजारों प्रत्याशी टिकटार्थी कतारबद्ध रहते हैं। पार्टी के टिकट पर सांसद विधायक बनने के प्रत्याशी होते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7531

✱✱✱✱✡ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7530 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# विकराल होते आनलाइन गेम पर नियंत्रण का कानून सराहनीय

ललित गर्ग

इंटरनेट के विस्तार ने आधुनिक दौर में जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ नए गंभीर संकट भी पैदा किए हैं। इनमें सबसे गंभीर संकटों में से एक है ऑनलाइन गेमिंग या कहें तो मनी गेमिंग की बढ़ती लत। यह सच है कि गेमिंग मनोरंजन का साधन हो सकती है, पर जब इसमें धन का जुड़ाव होता है, तब यह सीधा-सीधा जुए एवं सट्टे के रूप में बदल जाती है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति एवं परिवार को भी कंगाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में एक साल में 45 करोड़ लोगों ने बीस हजार करोड़ गवां दिये हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते रहे हैं। सवाल इन लालच बेचने एवं जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं एवं त्रासद विडम्बनाओं के बाद ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण का एक विधेयक भारत सरकार इसी मानसून सत्र में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। यह स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि गेमिंग के नाम पर अरबों रुपए का लेन-देन और करोड़ों युवाओं की मानसिक शांति को नष्ट करने वाली प्रवृत्ति दिनोंदिन विकराल रूप ले रही है।

आज स्थिति यह है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत केवल समय और धन की बबार्दी ही नहीं कर रही, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी तनाव और विघटन का कारण बन रही है। स्कूल और कॉलेज के छात्र अपनी पढ़ाई की उपेक्षा कर इस आभासी दुनिया में डूबते जा रहे हैं। युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा रात-दिन गेमिंग में डूबा रहता है, जिससे उनके व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है। यह संकट केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। दिन-रात स्क्रीन से चिपके रहने वाले युवक चिड़चिड़ापन, अवसाद और एकाकीपन का शिकार हो रहे हैं। उनमें हिंसक प्रवृत्तियां भी उभर रही हैं। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी है, जिनमें लगातार आनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी लत रिश्तों को तोड़ रही है, दोस्ती और पारिवारिक बंधनों को कमजोर कर रही है। एक पूरी पीढ़ी, जिसे राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए था, अपनी ऊर्जा और रचनात्मकता इस आभासी जुए में गँवा रही है।

सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये अवश्य उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने राजस्व की परवाह न करते हुए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या केवल कानून से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकेगा? इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। यह नितांत अपेक्षित है कि वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतः छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं।

भारत सरकार का यह कदम इसलिए भी जरूरी एवं प्रासंगिक है कि इस उद्योग का टर्नओवर कई आर्थिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों के साथ कई हजार करोड़ तक पहुंच गया है। विदेशी कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय होकर भारतीय युवाओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के विज्ञापन और प्रलोभन दे रही हैं। इन मंचों पर जीतने की लालच में फंसकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन नहीं बिगाड़ती, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है, क्योंकि जिन युवाओं को शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए, वे अपना समय और ऊर्जा इन आभासी खेलों में गवां रहे हैं। आज जरूरत है कि ऑनलाइन गेमिंग की इस समस्या को केवल कानूनी दायरे में ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गंभीरता से लिया जाए। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समय पर समझाएं, उनका मार्गदर्शन करें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। समाज को भी मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि मनोरंजन के नाम पर फैल रहे इस जुए की घातक एवं विध्वंसक संस्कृति को बढ़ावा न दिया जाए। यह ठीक है कि सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने का प्रस्ताव पारित कर एक सही दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है, लेकिन कानून से भी अधिक जरूरी है जागरूकता। जब तक लोग स्वयं यह नहीं समझेंगे कि गेमिंग का यह जुआ उनके भविष्य को तबाह कर रहा है, तब तक समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम मनोरंजन के नाम पर छल रही इस प्रवृत्ति का पदार्फाश करें और अपने युवाओं को सुरक्षित, रचनात्मक और सकारात्मक भविष्य की राह पर अग्रसर करें। असंख्य परिवारों को आज अपने बच्चों की इस आदत के कारण कर्ज और बबार्दी में अंधेरों में जाने से बचाये। खेल के नाम पर ऑनलाइन मंचों पर पैसा लगाना दरअसल सट्टेबाजी ही है, जिसमें जीत की संभावना क्षणिक होती है और हार की संभावना लगभग निश्चित। लाखों युवक अपने खून-पसीने की कमाई या माता-पिता की मेहनत की कमाई को इन कंपनियों की तिजोरियों में डाल रहे हैं। यह समस्या अब जुए की लत से भी अधिक खतरनाक हो चुकी है, क्योंकि इसमें तकनीक की चकाचौंध और आसानी से उपलब्धता ने युवाओं को पहले से ज्यादा असुरक्षित बना दिया है।

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग का बाजार बीते कुछ वर्षों में तेजी से फैला है। विज्ञापनों, प्रलोभनों और चमकदार ऑफरों ने युवाओं को अपने शिकंजे में इस तरह जकड़ लिया है कि लाखों लोग इसमें डूबकर अपनी शिक्षा, करियर और परिवार तक को दांव पर लगा बैठे हैं। जब खेल केवल मनोरंजन तक सीमित रहता है तब तक उसकी उपयोगिता है, पर जैसे ही इसमें धन और लालच का तत्त्व जुड़ता है, यह जुए में बदल जाता है। और यही वह बिंदु है जहां से विनाश की शुरूआत होती है। सच्चाई यह है कि ऑनलाइन गेमिंग का जाल इतना व्यापक हो चुका है कि इसे रोकने के लिए कानून की सख्ती के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक हस्तक्षेप भी उतने ही जरूरी हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान होगा। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की भी जरूरत है। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाना एवं बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी होते हुए दिखनी चाहिए, तभी यह कानून कारगर एवं प्रभावी बन पायेगा।

# हरियाणा की शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी, कोर्ट में उलझाने की रणनीति

डॉ सत्यवान सौरभ

हरियाणा में शिक्षकों की तबादला नीति लंबे समय से विवादों का विषय रही है। सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन हर सरकार शिक्षकों को पारदर्शी और न्यायपूर्ण तबादला नीति का आश्वासन देकर भी उसे लागू करने में विफल होती रही है। नई शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी भी उसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है। इसमें कुछ ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो देखने में तो सुधारवादी लगते हैं, लेकिन गहराई से अध्ययन करने पर स्पष्ट हो जाता है कि यह नीति शिक्षकों के हितों को साधने के बजाय उन्हें कोर्ट-कचहरी के चक्कर में उलझाने के लिए बनाई गई है। यह नीति न केवल शिक्षकों की व्यावसायिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात करती है बल्कि उनके पारिवारिक जीवन और सामाजिक स्थिरता को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करती है।

### पॉलिसी की रूपरेखा और घोषित प्रावधान

नई नीति में सरकार ने घोषणा की है कि किसी भी शिक्षक का एक ही विद्यालय में अधिकतम ठहराव पाँच वर्ष तक ही रहेगा। इसके साथ ही यह भी तय किया गया है कि ब्लॉक स्तर पर पंद्रह वर्ष से अधिक समय तक कोई शिक्षक नहीं रहेगा। सरकार का दावा है कि यह प्रावधान शिक्षकों को स्थानांतरण का समान अवसर देने और एक ही स्थान पर लंबे समय तक टिके रहने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए है। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया है कि बाल देखभाल अवकाश अर्थात चाइल्ड केयर लीव की अवधि को ठहराव की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।

सरकार ने तबादलों को पाँच चरणों में विभाजित किया है। पहले चरण में प्राथमिक और जेबीटी शिक्षकों के अंतरजिला तबादले होंगे। दूसरे चरण में मॉडल संस्कृति स्कूलों के लिए तबादले किए जाएंगे। तीसरे चरण में प्रिंसिपल, हेड मास्टर और ब्लॉक स्तर के प्रमुख अधिकारियों के तबादले होंगे। चौथे चरण में पीजीटी और टीजीटी सहित अन्य रेगुलर शिक्षकों के तबादले होंगे और अंत में पाँचवें चरण में गेस्ट टीचर्स को स्थानांतरित किया जाएगा।

कागज पर यह व्यवस्था सुव्यवस्थित और सुनियोजित प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इसमें कई विरोधाभास और असंगतियां हैं, जो न केवल शिक्षकों को निराश कर रही हैं बल्कि नीति की पारदर्शिता और सरकार की नीयत दोनों पर सवाल खड़े कर रही हैं।

### कपल केस अंक हटाने का असंवेदनशील निर्णय

इस नीति की सबसे बड़ी और विवादास्पद खामी कपल केस अंक को पूरी तरह हटा देना है। अब तक की नीतियों में यह व्यवस्था थी कि यदि पति और पत्नी दोनों सरकारी कर्मचारी हों तो उन्हें एक ही जिले या समीपस्थ स्थान पर तैनात करने के लिए अतिरिक्त अंक दिए जाते थे। इसका उद्देश्य केवल सुविधा देना नहीं बल्कि परिवार को एक साथ रखने और पति-पत्नी के संयुक्त पारिवारिक जीवन की रक्षा करना था।

मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी विभागों को यह निर्देश दिए थे कि कॉमन ट्रांसफर पॉलिसी में कपल केस को मान्यता दी जाए और अंक दिए जाएं। अन्य विभागों ने इस दिशा-निर्देश का पालन भी किया, लेकिन शिक्षा विभाग ने इसे नजरअंदाज करते हुए कपल केस अंक को ही समाप्त कर दिया। यह न केवल विभागीय अवमानना है बल्कि शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों के साथ भी खिलवाड़ है।

पति-पत्नी को दूर-दूर नियुक्त करने का सीधा अर्थ है परिवार को तोड़ना, बच्चों के पालन-पोषण को प्रभावित करना और सामाजिक जीवन को अस्त-व्यस्त करना। यह निर्णय शिक्षकों के पारिवारिक अधिकारों पर कुठाराघात है और इसे पूरी तरह से संवेदनहीन कहा जा सकता है। निश्चय ही यह प्रावधान न्यायालय में चुनौती पाएगा और शिक्षकों को अपने अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

### पाँच वर्ष और पंद्रह वर्ष का विरोधाभास

नीति में दूसरा बड़ा विरोधाभास यह है कि विद्यालय में अधिकतम ठहराव पाँच वर्ष का है जबकि ब्लॉक में पंद्रह वर्ष का। जब एक शिक्षक को हर पाँच वर्ष में विद्यालय बदलना ही है तो उसे पंद्रह वर्ष तक एक ही ब्लॉक में बाँधकर रखने का औचित्य क्या है। यह प्रावधान न तो प्रशासनिक दृष्टि से तर्कसंगत है और न ही शिक्षक हितैषी है।

यदि सरकार का उद्देश्य शिक्षकों को समान अवसर देना है तो ब्लॉक स्तर पर भी ठहराव की अवधि पाँच या अधिकतम सात वर्ष तय की जानी चाहिए। पंद्रह वर्ष तक किसी को एक ही ब्लॉक से बाँधे रखना शिक्षकों की पेशेवर स्वतंत्रता और कैरियर विकास पर गंभीर आघात है। यह नियम केवल औपचारिकता प्रतीत होता है, जिसका वास्तविक लाभ न तो विद्यार्थियों को मिलेगा और न ही शिक्षा व्यवस्था को।

### कोर्ट में उलझाने की रणनीति

नई ट्रांसफर पॉलिसी के प्रावधान इस प्रकार बनाए गए हैं कि यह निश्चित रूप से न्यायालय में चुनौती पाएंगे। कपल केस अंक हटाना, ब्लॉक स्तर पर अव्यावहारिक ठहराव, तबादला चरणों की जटिलता और चयन प्रक्रिया की अस्पष्टता झ ये सभी ऐसे बिंदु हैं जो किसी भी समय कानूनी विवाद का कारण बन सकते हैं।

यह स्पष्ट है कि सरकार जानबूझकर ऐसी नीतियां बना रही है जिन्हें अदालत में चुनौती मिले और मामला वर्षों तक लंबित रहे। इस तरह सरकार एक ओर तो दावा करती रहेगी कि उसने पारदर्शी नीति बनाई है, वहीं दूसरी ओर अदालत में मामला लंबित होने के कारण वह वास्तविक तबादले करने से बच निकलेगी। इसका सबसे बड़ा नुकसान शिक्षकों को होगा, जिन्हें वर्षों तक तबादले का इंतजार करना पड़ेगा।

### शिक्षकों की पीड़ा और असंतोष

शिक्षकों के बीच इस नीति को लेकर गहरा असंतोष है। लंबे समय से शिक्षक संगठन सरकार से पारदर्शी नीति की मांग कर रहे हैं। लेकिन हर बार सरकार या तो वादाखिलाफी करती है या ऐसी नीति बनाती है जो शिक्षकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरती। कपल केस अंक का समाप्त होना शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा झटका है। महिलाएँ शिक्षिकाएँ हों या पुरुष शिक्षक, सभी अपने परिवार के साथ रहने का अधिकार चाहते हैं। बच्चों की शिक्षा, माता-पिता की देखभाल और पति-पत्नी के संयुक्त जीवन का महत्व केवल शिक्षक ही समझ सकता है।

लेकिन सरकार ने इन सभी संवेदनाओं को दरकिनार कर दिया है। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षक और उनका परिवार नहीं बल्कि केवल राजनीतिक लाभ और प्रशासनिक दिखावा है।

### नीयत और नीति दोनों संदिग्ध

सरकार ने बार-बार घोषणा की कि नई पॉलिसी पारदर्शी और डिजिटल होगी, लेकिन जब तक नीयत साफ नहीं होगी, तब तक कोई भी नीति शिक्षकों के लिए लाभकारी नहीं हो सकती। नीति की भाषा और सरकार के वादे जितने चमकदार हैं, उसकी वास्तविकता उतनी ही खोखली है। यही कारण है कि शिक्षकों का भरोसा सरकार से उठता जा रहा है।

नीति के हर प्रावधान में असंगति और विरोधाभास दिखाई देता है। कपल केस अंक हटाना संवेदनहीनता है, ब्लॉक ठहराव अव्यावहारिक है और चरणवार प्रक्रिया जटिल है। इन सबके बीच सबसे बड़ी समस्या यह है कि सरकार ने शिक्षकों की आवाज को अनसुना किया है। संवाद और सहमति के बजाय एकतरफा निर्णय लेकर नीति थोप दी गई है।

### आगे की राह

हरियाणा की नई शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी शिक्षकों की अपेक्षाओं और शिक्षा व्यवस्था की जरूरतों - दोनों पर खरी नहीं उतरती। इसमें न तो पारिवारिक जीवन की सुरक्षा का ध्यान रखा गया है और न ही पेशेवर स्वतंत्रता का। यह नीति केवल कोर्ट-कचहरी के मामलों को जन्म देगी और शिक्षकों को निराशा और हताशा के गर्त में धकेलेगी। सरकार को चाहिए कि वह शिक्षकों की आवाज को गंभीरता से सुने और एक ऐसी नीति बनाए जो वास्तव में पारदर्शी, न्यायपूर्ण और व्यावहारिक हो। कपल केस अंक को पुनः बहाल करना, ब्लॉक ठहराव की अवधि पर पुनर्विचार करना और नीति को सरल तथा स्पष्ट बनाना आज की आवश्यकता है। अन्यथा यह नीति भी केवल जुमलेबाजी और खोखले वादों का पिटारा साबित होगी, जिससे न शिक्षा व्यवस्था को लाभ होगा और न ही शिक्षकों को राहत।

# बिहार से बंगाल तक घुसपैठ पर प्रधानमंत्री की गहरी चोट

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बिहार एवं पश्चिम बंगाल के प्रवास के दौरान जिस एक बात पर प्रमुखता से जोर दिया वह है घुसपैठ। उन्होंने जब यह कहा कि भारत का भविष्य घुसपैठिए तय नहीं करेंगे, बिहार के युवाओं का रोजगार छीना नहीं जाएगा और बंगाल को घुसपैठ से मुक्त कराना है, तो यह सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं कहा जाएगा। वस्तुतः यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक संरचना और लोकतंत्र की बुनियाद से जुड़ी आज की एक अहम चिंता है, जिसका कि समाधान हर हाल में होना जरूरी है। उन्होंने जनता से सीधे पूछा है कि क्या आप यह बर्दाश्त करेंगे कि कोई घुसपैठिया आपकी जमीन पर कब्जा कर ले, आपका रोजगार छीन ले और आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा पर हमला कर दे?

देखा जाए तो यह सवाल सिर्फ बिहार और बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर राज्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है, जहां पर आज घुसपैठियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। प्रधानमंत्री ने इसे डेमोग्राफी मिशन के रूप में सामने रखा है और स्पष्ट किया है कि जल्द ही यह मिशन शुरू होगा, हर घुसपैठिए की पहचान होगी और उन्हें देश से बाहर निकालकर ही दम लिया जाएगा।

वैसे घुसपैठ देश के सामने केवल सुरक्षा चुनौती नहीं है, यह हमारी सामाजिक संरचना, संसाधनों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा हमला है। इसकी भयावहता आप इससे समझ सकते हैं कि देश के अकेले राज्य बिहार के सीमांचल क्षेत्र के ज़िलों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में पिछले दो दशकों के दौरान जनसंख्या का संतुलन बदल चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी जमीन पर कब्जे हो रहे हैं और रोजगार पर बाहरी लोग हावी हो रहे हैं। बंगाल में मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जैसे ज़िलों की तस्वीर पहले ही बदल गई है! यही सच; प्रधानमंत्री के शब्दों में गूंजता है, जब वे कहते हैं कि हम बिहार और बंगाल की डेमोग्राफी को घुसपैठियों के हाथों बदलने नहीं देंगे।

ताजा आंकड़े बताते हैं कि समस्या बहुत गंभीर है। गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 में जुलाई तक पश्चिम बंगाल में 723 घुसपैठियों को पकड़ा गया। 2024 में यह संख्या 1,694 थी और 2023 में 1,547। यह भले ही गिरावट दिखाता है, लेकिन यह तो उन लोगों का आंकड़ा है, जिन्हें बहुत प्रयासों से ढूंढ़ ढूंढ़ कर पकड़ा गया है। वस्तुतः यह एक राज्य की स्थिति है, इसी प्रकार से हर राज्य में साल भर में जितने घुसपैठिए पकड़े जाते हैं, यदि उनकी संख्या जोड़ेंगे तो यह हजारों और लाखों तक जा पहुंची है। आज इस बात के पुख्ता प्रमाण है कि हजारों हजार लोग सीमा पार कर भारत में घुस रहे हैं। असम सरकार ने तो हाल ही में बड़ा कदम उठाते हुए अक्टूबर 2025 से वयस्कों के आधार पंजीकरण को रोकने तक का आदेश दिया है ताकि घुसपैठिए पहचान-पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बनने का रास्ता न निकाल सकें। इसके लिए विशेष एसओपी तैयार की गई है, जिसमें विदेशी ट्रिब्यूनल, पुलिस और खुफि या एजेंसियों से जांच होगी। यह फैसला दिखाता है कि राज्य सरकारें अब कितनी सतर्क हो गई हैं।

देशव्यापी स्तर पर देखें तो 2017 से 2022 के बीच 14,346 विदेशी नागरिकों को भारत से निर्वासित किया गया। मगर यह केवल हिमशैल का ऊपरी हिस्सा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में 2 से चार करोड़ के बीच बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हो सकते हैं। इसके अलावा भारत में करीब 40,000 से एक लाख तक रोहिंग्या मुसलमान भी रह रहे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार सुरक्षा खतरे के रूप में चिन्हित कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने साफ कहा है कि पूरे देश में घुसपैठियों की सटीक संख्या बताना असंभव है क्योंकि वे दस्तावेज जालसाजी करके पहचान-पत्र बना लेते हैं और समाज में घुलमिल जाते हैं। इसके बाद भी अनुमान और पकड़े गए मामलों से यह तस्वीर साफ होती है कि समस्या बहुत व्यापक और गंभीर है।

हाल ही में बिहार के भागलपुर में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम मतदाता सूची में पाए गए। इसी प्रकार से समय समय पर कई फर्जी नाम सामने आते रहे हैं, वस्तुतः यह कोई मामूली घटना नहीं बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है। पश्चिम बंगाल में कई बार रिपोर्ट आई है कि मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम दर्ज हो रहे हैं। यह केवल वोटों की चोरी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ धोखा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि कांग्रेस और आरजेडी जैसे दल बिहार के लोगों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

ऐसा नहीं है कि ये घुसपैठ की समस्या सिर्फ भारत के साथ ही है, वस्तुतः दुनिया के तमाम विकसित देश भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर लाखों अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए दीवार खड़ी की जा रही है, यूरोप में सीरिया और अफ्रीका से आए शरणार्थियों ने राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। ब्रिटेन और फ्रांस में अवैध प्रवास चुनावी मुद्दा बन चुका है। यहां सभी के लिए समझने वाली बात यह है कि जब दुनिया के बड़े देश घुसपैठ को लेकर इतने सख़्त हो सकते हैं तो भारत कैसे आंखें मूँद सकता है? प्रधानमंत्री का यह कहना कि भारत भी अब ज्यादा बर्दाश्त नहीं कर सकता, बिल्कुल सही है।

## दैनिक पंचांग

24 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.24 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 09.35 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.50 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 14.06 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 16.11 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.57 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 19.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 21.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 22.41 बजे से |
| | | मिथुन | 00.39 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कर्क | 02.52 बजे से |
| | | सिंह | 05.09 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 236 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** प्रतिपदा 11.49 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 02.06 बजे को रात्र समाप्त।
**योग** शिव 12.30 बजे को समाप्त।
**करण** बव 11.49 बजे तदनन्तर बालव 00.08 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 0.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11°05'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872446
**जूलियन दिन** 2460911.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर **तारीख** 29
**विशेष** चंद्र दर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### विश्व उद्यमिता दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**बोकारो** : स्वदेशी जागरण मंच बोकारो द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर इंडस्ट्रियल एरिया,बालीडीह, बोकारो के श्मीडे और मशीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह ने कहा की वर्तमान समय में भारत की प्रमुख समस्याओं का जड़ बेरोजगारी गरीबी सामाजिक एंव आर्थिक असमानता तथा पर्यावरण संरक्षण है बिना इसके समाधान का भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना कठिन है। इसके लिए हमें सजग होने की आवश्यकता है, समाधान का रास्ता ढूंढने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिये उपयुक्त मार्ग उद्यमिता हैं और उद्यमता को प्रोत्साहन देना होगा। सिंह ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था युवाओं को नौकरी की ओर ले जा रहा है, नौकरी केवल पेट भर सकता हैं पर समस्या का समाधान नहीं, युवाओ को आगे बढ़कर इस चुनौती को स्वीकार करना ही पड़ेगा। स्वदेशी जागरण मंच सभी उद्यमियों को प्रोत्साहन के लिए उद्यमिता पखवाड़ा 21 अगस्त से लेकर 21 सितंबर तक का आयोजन कर रहा है। नौकरी ही रोजगार का साधन नहीं है बल्कि उद्यमिता एवं स्वावलंबन के मार्ग पर हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते हैं। कार्यक्रम में प्रांत सम्पर्क प्रमुख अजय कुमार चौधरी ,बोकारो जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा , तथा उद्यमी उमेश कुमार पांडेय, ललन सिंह, राम अयोध्या सिंह, अश्वनी सिंह, पप्पू पाण्डेय एवं अन्य उद्यमी बंधु उपस्थिति रहें।

### हाईवे पर ब्रेकडाउन ट्रक में दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले की कुजू ओपी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर शनिवार की तड़के सुबह भयंकर सड़क हादसा हुआ। एनएच-33 पर पैंकी मोड़ के पास ब्रेकडाउन ट्रक में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुजू पुलिस ने राहत बचाव कार्य शुरू किया। जोरदार टक्कर की वजह से वाहन का चालक केबिन में ही फंस गया। जिसे भारी मशक्कत के बाद निकाला गया। साथ जी स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह पैंकी मोड़ के निकट एक बारह चक्का ट्रक ब्रेक डाउन हो गया था। इसी बीच हजारीबाग की ओर से रांची जा रहे ट्रक ने खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मारी। इससे टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक केबिन में ही फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कुजू पुलिस मौके पर पहुंची और गश्ती दल में शामिल एएसआई रवि शर्मा ने अन्य लोगों के सहयोग से चालक को करीब एक घंटे बाद भारी मशक्कत के बाद निकाला। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।

### भारी बारिश से नष्ट हो रही है खेती, नदी-नाले ऊफान पर

**खूंटी** : जिले में लगातार और मूसलाधार बारिश से एक ओर जहां खेती को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं आम-जन जीवन भी बुरी तरह प्रभवित हो रहा है। लोगों का कहना है कि पिछले 50-60 वर्षों में कभी ऐसी बारिश नहीं हुई थी। लगातार बारिश के कारण किसानों के अरमान पानी में बहते जा रहे हैं। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। बारिश ने सब्जी उत्पादक किसानों की भी कमर तोड़ दी है। खेतों में पानी भरने के कारण टमाटर, भींड़ी, परवल, शिमला मिर्च सहित अन्य सब्जियों के पौधे खेतों में ही खराब हो रहे हैं।

# एटीएस ने दी बड़ी सफलता, आजबैजान से रांची पहुचा गैंगस्टर मयंक सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** विदेश से गिरफ्तार हुए कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को झारखंड एटीएसकी टीम वापस भारत लेकर आ गई है। गैंगस्टर मयंक को विमान के जरिए कड़ी सुरक्षा के बीच रांची एयरपोर्ट लाया गया। इसके बाद एटीएस की टीम उसे लेकर रामगढ़ के लिए रवाना हो गई है जहां उसकी कोर्ट में पेशी होगी। बता दें, इससे पहले अजरबैजान गणराज्य के बाकू में कैद गैंगस्टर मयंक की प्रत्यर्पण की प्रक्रिया के बाद झारखंड एटीएस की टीम उसे अपने साथ दिल्ली लेकर पहुंची। वहीं आज शनिवार (23 अगस्त 2025) को टीम मयंक को लेकर करीब 9 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंची। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच रांची स्थित एटीएस कार्यालय लिया गया। अब कोर्ट में पेशी के लिए टीम उसे लेकर रामगढ के लिए रवाना हो गई है। बता दें, झारखंड एटीएस पुलिस अधीक्षक ऋषव कुमार झा के नेतृत्व में एटीएस की टीम ने दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूरी की और उसे भारत वापस लाने के लिए आजरबैजान गणराज्य का दौरा किया। इधर, राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाए जाने के बाद झारखंड एटीएस रढ ने मीडिया करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस के इतिहास में यह सबसे पहला सफल प्रत्यर्पण है। हमें पूरी उम्मीद है कि विदेश में छिपे सभी अपराधियों को भी जल्द ही प्रत्यर्पण या निर्वासन करते हुए भारत वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है और इसका श्रेय हमारे पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री और राज्य व केंद्र सरकार के सहयोग को जाता है। बता दें, झारखंड पुलिस पहली बार विदेश में पकड़े गए कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को लेकर झारखंड पहुंची है मयंक को लाने के लिए एंटी टेररिस्ट स्क्वाड की टीम अजरबैजान गई थी। इस मिशन का पूरा खर्च राज्य सरकार ने उठाया है एटीएस के एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम अजरबैजान गई थी और अजरबैजान की सरकार से प्रत्यर्पण संधि के तहत मयंक सिंह को झारखंड लाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई थी। दरअसल, एटीएस के रिक्वेस्ट पर इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इसी नोटिस के आधार पर मयंक सिंह को अजरबैजान से गिरफ्तार किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, मयंक सिंह लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस को चुनौती देता रहा है मयंक सिंह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू के बीच की कड़ी रहा है।

## कोटपा-2003 के तहत सेक्टर 4 थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शनिवार को उपायुक्त बोकारो के आदेशानुसार डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सेक्टर 4 थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4, व 6ए, 6बी, 6सी के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेन्टर, लक्ष्मी मार्केट, अम्बेडकर चौक एवं स्कूल व अस्पताल के आसपास के कुल 57 दुकानों की जांच की गई जिसमें 12 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 5900 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 तहत कोटपा कानून व अर्थदण्ड में बदलाव किया गया है जो निम्न है। धारा-4 सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को रू.1000/ (एक हजार रुपए) तक का जुर्माना। धारा-4ए हुक्काबार पर पूर्ण प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 3 वर्ष तक का कारावास जोकि 1 वर्ष से कम नही होगी तथा रू.100000/ (एक लाख रुपए) तक का जुर्माना जोकि रू. 50000/- (पचास हजार रुपए) से कम नही होगी। धारा-5 सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध। प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या रू.1000/(एक हजार रुपए) तक का जुर्माना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 5 वर्ष तक का कारावास या रू. 5000/.(पांच हजार रुपए) तक का जुर्माना अथवा दोनो। धारा-6ए 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को रू.1000/(एक हजार रुपए) तक का जुर्माना। धारा-6बी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को रू.1000/(एक हजार रुपए) तक का जुर्माना। धारा-6सी खुला सिगरेट बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को रू.1000/(एक हजार रुपए) तक का जुर्माना। धारा-7 बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध। (उत्पादक/विनिमार्ता को) प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या रू. 5000/(पांच हजार रुपए) तक का जुर्माना अथवा दोनो।

## डीएवी-4 के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** दो दिवसीय आयोजन 22 और 23 अगस्त ,2025 डीएवी स्पोर्ट्स मेगा मीट का आज दूसरा और समापन दिन हार-जीत, खुशी -गम, आशा- निराशा और सफलता और असफलता के विविध रंग और भाव संजोए कहीं खिलाड़ियों के चेहरे पर कामयाबी की मुस्कान तो कहीं कौशल में कमी की कशक की व्यग्रता के साथ पूर्ण हो गया। समापन समारोह का विशेष आकर्षण बच्चों की नृत्य प्रस्तुति 'आर्यावर्त की शौर्य गाथा' रही जिसमें सैनिकों के पराक्रम से लेकर खेल जगत की उपलब्धियां तक को दशार्या गया। डीएवी स्पोर्ट्स के इस खेल महाकुंभ के समापन पर डीएवी सेक्टर-4 के प्राचार्य सह क्लस्टर -6 के इंचार्ज एसके मिश्रा ने कहा कि नेशनल लेवल हेतु चयनित सभी विजयी खिलाड़ियों को मेरी यही शुभकामना होगी कि सभी इसी आत्मविश्वास,जज्बे, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें,जीत अवश्य सुनिश्चित होगी। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में चिन्मया विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा के अतिरिक्त अतिथिवृंद में अनुराधा सिंह प्रिंसिपल डीएवी -6, डॉ सुनील कुमार सिन्हा प्रिंसिपल डीएवी इस्पात 9/ई और आरके सिंह शिक्षक डीएवी महूदा विशेष रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने सभी मीडिया प्रर्सन्स को हार्दिक धन्यवाद देते हुए संपूर्ण आयोजन के शानदार कवरेज और प्रमुखता से उन्हें अपने अखबार में स्थान देने के लिए आभार जताया साथ ही संपूर्ण आयोजन के समायोजन, क्रियान्वयन और सफलता में सक्रिय भागीदारी हेतु सेक्टर-4 के चीफ कोऑर्डिनेटर एल के सिन्हा, वरीय खेल शिक्षक एसके मिश्रा, हरेंद्र, रंगेश, सुकांति और सुशील एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार की सराहना की और उन्हें बधाई दी।


## श्री श्याम सेवा मंडल की हुई बैठक, 12 सितंबर को होगा 11वां कीर्तन महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** शहर के बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में श्री श्याम सेवा मंडल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 12 सितंबर, दिन शुक्रवार को होने वाले 11वें कीर्तन महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करना और कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने की रणनीति तय करना रहा।बैठक में बताया गया कि इस वर्ष का आयोजन और भी भव्य स्वरूप में होगा। कार्यक्रम में भागलपुर के लोकप्रिय गायक राहुल सोनी और रांची की सुप्रसिद्ध गायिका तत्सा गुप्ता अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाएंगे। इसके साथ ही शहर के प्रसिद्ध कलाकारों के भजन और कोलकाता से आए प्रतिष्ठित म्यूजिकल ग्रुप की भजन संध्या आयोजन का विशेष आकर्षण होंगी।मंडल के सदस्यों ने जानकारी दी कि आयोजन के दिन बाबा श्याम का भव्य दरबार, मनोरम श्रृंगार, 56 भोग और इत्र वर्षा श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे। पूरा वातावरण श्याम भक्ति में सराबोर रहेगा और हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।बैठक की अध्यक्षता आशीष पवन चौधरी ने की। इसमें मुख्य रूप से जोशी कुमार,पप्पू कुमार, रितेश सिंहा, बबलू सिंह, रॉबिन्स, चीकू, मनीष, पंकज, दीपक पटेल, बिनीत पहाड़ी, संजय सूद, वीर गुप्ता, शिव शंकर, राम अनूज, विक्की, उमेश, राजेश, रिस्मन, अंकित, अभिषेक, पंकज दर्रे, सुधीर, सीताराम, गौरी, सुनील वर्मा, पिंकू मोदी, सूरज कसेरा सहित श्याम सेवा मंडल परिवार के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।बैठक का समापन दीपक चंद्रवंशी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मनाया गया दिवंगत राम दयाल मुंडा की जयंती दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड सेवा समिति की ओर से झारखंड के शिक्षाविद, साहित्यकार एवं लोक कलाकार पद्मश्री स्वर्गीय राम दयाल मुंडा की जयंती पर कांके स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्वर्गीय मुंडा को याद करते हुए उन्हें नमन और श्रद्धांजलि दी गई। जे नाची से बाची थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने लोकगीत और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। और राम दयाल मुंडा के योगदान को साझा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्या अंजली गांगुली ने कहा कि पढ़ाई के साथ कला संस्कृति के क्षेत्र में भी रुचि रखनेवाले छात्रों को आगे आना चाहिए। विद्यार्थी जिस कार्य को कुशलता के साथ कर सकते हैं उसे निश्चित तौर पर करना चाहिए। ताकि आगे मंजिल में कामयाबी मिल सके। जीवन में पढ़ाई लिखाई के साथ खेल कूद भी जरूरी है। गायन प्रतियोगिता में कक्षा आठ की दिव्या-श्वेता की जोड़ी ने ऊंचा नीचा पहाड़ पर्वत गीत, कामना कुमारी ने छोटा नागपुर और सुप्रिया-निशा-सुजाता ने करम गीत प्रस्तुत किया। रिंकी नाग, रौशनी कुमारी, श्रियंका-रानी और निधि-रितिका-खुशी-आयू षी ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। नृत्य प्रतियोगिता में खुशी कुमारी ने ढोल-मांदर पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा 12 की छात्राओं ने बेरा उगेला, अलका कुमारी समूह ने धन धन छोटा नागपुर और काजल कुमारी समूह ने मोर सुंदर झारखंड गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। संदीप, श्रुति, निकिता, बुशरा, संजीवनी और दीपशिखा के समूह ने भी आकर्षक नृत्य से सबका मन मोह लिया।

# राज्य स्तरीय भारोत्तोलन एवं नेटबॉल प्रतियोगिता का रजरप्पा में हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रजरप्पा :** डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में झारखंड जोन-डी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन एवं नेटबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन शुक्रवार को हुआ। 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।

**नेटबॉल प्रतियोगिता परिणाम**

14 वर्ष बालिका वर्ग : विजेता - डीएवी रजरप्पा, उपविजेता- डीएवी आरा। 14 वर्ष बालक वर्ग : विजेता - डीएवी आरा कुजू। 17 वर्ष बालक वर्ग : विजेता - डीएवी रजरप्पा, उपविजेता- डीएवी आरा। 17 वर्ष बालिका वर्ग : विजेता डीएवी रजरप्पा, उपविजेता डीएवी आरा । 19 वर्ष बालक वर्ग : विजेता डीएवी रजरप्पा, उपविजेता डीएवी गांधीनगर। 19 वर्ष बालिका वर्ग : विजेता डीएवी गांधीनगर। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. एस.के. शर्मा (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, झारखंड प्रक्षेत्रझडी) ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल भावना और अनुशासन के साथ खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का परचम लहराना ही उनका लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर यू.के. रॉय, आलोक कुमार, बी. बनर्जी और रामबृक्ष पांडे समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान को लेकर सौन्दा डी पंचायत भवन में हुई बैठक



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान कोई लेकर सौन्दा डी पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पतरातु मंडल सांसद प्रतिनिधि सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति ने एवं संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पुनम साहु, सांसद तीर्थ यात्रा कार्यक्रम प्रभारी जुगनू सिंह, बड़कागांव विधानसभा मिडिया सांसद प्रतिनिधि उमेश दांगी, सौन्दा डी पंचायत मुखिया उपेंद्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, भुरकुंडा भाजपा मंडल सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसमती से ये निर्णय हुआ कि दिनांक 01/09/2025 दिन सोमवार को सांसद तीर्थ यात्रा कार्यक्रम पतरातु मंडल के सौन्दा डी पंचायत से 60 ग्रामीण एवं 05 भाजपा कार्यकर्तओं को ले कर तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी। ये यात्रा बस के द्वारा बनारस काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम मंदिर, तीर्थराज प्रयागराज संगम, विंध्याचल विंध्यवासिनी मंदिर, चारों धाम की यात्रा कराएगी। जिसे बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने तालियां बजाकर निर्णय का स्वागत किया। बैठक में भाजपा पतरातु मंडल मंत्री अमरेश साव, भाजपा सौन्दा डी पंचायत संयोजक बिशुन राम, बुथ अध्यक्ष संजय सिंह,बुध अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य सुबोध रजक, बुथ सचिव बिशुन गुप्ता, राजाराम सिंह, शेष नारायण पाण्डेय, भोला राजभर, संजय कु, संतोष कुमार रजक, रामप्रसाद गंझु, बासुदेव मुंडा, सुदर्शन प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### भुरकुंडा शिव मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस सम्पन्न



**रामगढ़** : रामगढ़ जिला के भुरकुंडा पंचायत के सार्वजनिक शिव मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता बजरंग दल जिला सहसंयोजक नंदकिशोर राम ने एवं संचालन देव गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी देवी देवताओ की जयकारे लगाकर किया गया` इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद के उद्देश्य एवं संगठन के द्वारा समाज के हित में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी गई। साथ लोगों को बताया गया की विश्व हिंदू परिषद का उद्देश्य समाजिक कार्य करना है न की वोट की राजनिति जब भी देश में विपत्ती आई है विश्व हिंदू परिषद ने बिना भेदभाव के सभी लोगो की मदद किया है इस कार्यक्रम में युवा बुजुर्ग एवं महिलाओं ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए संकल्प लिया। मौके पर राहुल आनंद, संतोष कुमार, सतीश ठाकुर, डब्लू गुप्ता, अंजू ठाकुर ,राहुल यादव, अभिषेक गुप्ता, विक्की नायक, रॉकी पासवान, यश गुप्ता सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### श्री राणीसती मंदिर में भादी महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**झुमरीतिलैया** : श्रीराणीसती जी महोत्सव समिति के तत्वावधान में शनिवार की सुबह श्री राणीसती मंदिर में मंगला आरती के साथ भादी महोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इसके उपरांत मंदिर परिसर में धोक पूजा, पाटा पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में जय दादी के गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा। खीर-पूड़ा और छप्पन भोग का वितरण किया गया। इसके अलावा राजस्थानी समाज के झुमरीतिलैया, कोडरमा, डोमचांच के निवास स्थलों पर भी पूजा अर्चना हुई। इसके अलावा कई घरों में मंगलपाठ एवं भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दादीजी का अलौकिक श्रृंगार भी किया गया। मंदिर परिसर में भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इसमें कोलकाता से आए प्रियंका सोनकर और राहुल राणा ने किसने सजाया दादीजी बड़ी प्यारी लागे, बड़ा सोणा लागे, हम दादीवाले हैं हम झूनझूनवाले हैं। इसके अलावा स्थानीय गायक ममता चौधरी ने दादी थाणे टावरिया याद कर जैसे भजनों पर भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन समाज, मारवाड़ी युवा मंच, प्रेरणा शाखा, श्याम मित्र मंडल, मां की लाडली, सेक्रेड हार्ट स्कूल, मोहन आधारशिला विद्यालय के पदाधिकारी और सदस्यों को चार दिवसीय कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरधारी सोमानी ने किया, वहीं दूसरी ओर चांडक कॉम्पलेक्स स्थित विनोद बजाज के निवास स्थल पर ढांढ़ण सती दादी जी का दरबार सजाया गया। यहां कोलकाता से आए दयाशर्मा के अलावा स्थानीय नवीन पांडया के अलावा अन्य भजन गायकों ने राजस्थानी, भोजपुरी, क्लासिकल आधारित भजन प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति सागर में गोता लगाने को मजबूर कर दिया।

### ग्रिजली विद्यालय की बालिका वॉलीबॉल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर-3 चैंपियनशिप में किया कमाल

**धनबाद** : बड्स गार्डन स्कूल, धनबाद में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-3 अंडर-14 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 (बालिका वर्ग) में ग्रिजली विद्यालय, कोडरमा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम का नेतृत्व कोच अमित दास और टीम मैनेजर नेहा कुमारी ने किया। विद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों स्वस्तिक श्री, अनिषा कुमारी, आणवि मोदी, प्रकृति सिंह, आर्य कुमारी, क्षिति राज, हनीफा अनाम, परिधि बरनवाल और हेमाश्री झ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### कलीसिया समिति की बैठक में नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा हुई

**साहिबगंज** : जिले के बोरियो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शेड में राजमहल कलीसिया समिति की बैठक शनिवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता सामू पहाड़िया ने की। बैठक में समिति के सचिव अधिवक्ता रामा पहाड़िया उपस्थित थे। बैठक की जानकारी देते हुए अधिवक्ता रामा पहाड़िया ने बताया कि समिति की बैठक में आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के लोगों में नशा मुक्ति अभियान चलाने पर चर्चा हुई। आदिम जनजाति समुदाय को नशा से मुक्ति दिलाने हेतु अभियान हेतु जन जागरूकता चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजमहल की पहाड़ी के बचाव जल, जंगल, जमीन, एवं पहाड़ों के संरक्षण के लिए आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले दिनों बोरियो अंचल मौजा में पहाड़ों के दिए गए लीज को रद्द करने की मांग की गई। वहीं बैठक में रामा मालतो ने कहा कि आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय की लड़कियों के साथ गैर आदिवासी युवक द्वारा शादी पर अविलंब रोक लगनी चाहिए। मौके पर बैठक में सुन्दरा पहाड़िया, गंगू पहाड़िया, सुकरा पहाड़िया, मतला किस्कू, आदि उपस्थित थे।

### कल्याण कोष से अधिवक्ता के आश्रितों को दी गई मुआवजा राशि



**दुमका** : जिला अधिवक्ता संघ ने दिवंगत अधिवक्ता के आश्रितों को शनिवार को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया। मुआवजा राशि झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष, रांची से दिया गया। मुआवजा राशि अधिवक्ताओं के आश्रितों को महासचिव राकेश कुमार और संयुक्त सचिव सोमनाथ दे ने संयुक्त रूप से चेक के रूप में दिया। दिवंगत अधिवक्ता निर्भय कुमार झा के आश्रितों को 3.20 लाख रुपए का चेक दिया गया। इसमें दिवंगत अधिवक्ता के पुत्र मुकेश कुमार झा और पुत्री प्रियंका कुमारी को 1.60-1.60 लाख रुपए का नगद चेक दोनों को दिया गया। वहीं दिवंगत अधिवक्ता कृष्णानंद गोस्वामी की धर्मपत्नी को 3.40 लाख रुपए का नगद चेक दिया गया।

### दो परीक्षा केंद्रों में इंटर संपूरक परीक्षा शुरू

**साहिबगंज** : जिला के राजस्थान इंटर विद्यालय ओर संध्या महाविद्याल परीक्षा केंद्रों में शनिवार को इंटर संपूरक परीक्षा दो पाली में शुरू हुई। प्रथम पाली में सोशोलॉजी की परीक्षा में कुल चार परीक्षार्थी थे, सभी उपस्थित हुए। द्वितीय पाली में साइकोलॉजी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 15 परीक्षार्थी थे, सभी उपस्थित हुए। डीईओ दुगार्नंद झा ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

---

**समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक**

# म्यूटेशन 30 दिनों में निपटाएं, पारदर्शिता सुनिश्चित करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले के समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में म्यूटेशन, भूमि सीमांकन, सर्टिफिकेट केस, ऑनलाइन लगान, आरसीएमएस परिशोधन, भूमि विवाद एवं अन्य अहम बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। वहीं उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक म्यूटेशन आवेदन का निष्पादन 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी आवेदन को 30 दिनों से अधिक समय लग रहा है अथवा अस्वीकृत किया जा रहा है, तो कारणों का स्पष्ट एवं उचित उल्लेख करें जिससे पारदर्शिता बनी रहे और आवेदक को संतोषजनक जवाब मिल सके। भूमि स्वामित्व से संबंधित परिशोधन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि आवेदकों को सही दस्तावेजीकरण हेतु मार्गदर्शन किया जाए, स्पष्ट चेकलिस्ट साझा की जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। बैठक में राजस्व वाद प्रबंधन प्रणाली, भूमि सीमांकन, ऑनलाइन लगान, विभिन्न विभागों द्वारा भूमि अधियाचना से संबंधित प्राप्त आवेदन, भूमि विवाद समाधान दिवस में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। राजस्व वाद प्रबंधन प्रणाली (फ्लटर) की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लंबित वादों की नियमित रूप से निगरानी की जाए और संबंधित पदाधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भूमि सीमांकन कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि चिन्हित लंबित सीमांकन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए ताकि भूमि विवादों का निपटारा हो। ऑनलाइन लगान भुगतान की प्रगति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक भू-स्वामियों को डिजिटल भुगतान हेतु प्रोत्साहित करें और ऑनलाइन लगान प्रणाली को जनहितकारी एवं पारदर्शी रूप में लागू किया जाए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा भूमि अधियाचना से संबंधित जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावों की विधिसम्मत जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि समय पर उपलब्ध कराई जा सके। उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी को 23 अगस्त, 25 अगस्त एवं 26 अगस्त को सभी अंचलों में राजस्व शिविर लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में उत्पाद, निबंधन, परिवहन, नगर परिषद, खनन, सहकारिता, मत्स्य, विद्युत विभाग समेत विभिन्न इकाइयों द्वारा राजस्व संग्रह की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई।उपायुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रह राज्य की आर्थिक मजबूती का आधार है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध शत-प्रतिशत राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, सभी सीओ व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग की ओर से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा** : प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत एवं पश्चिमी प्राणपुर, पंचायत अंतर्गत, गोलढाब चुआंर, बानू टोला, तैमूर टोला, असराउल टोला, अजमत टोला में शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिविल सर्जन रामदेव पासवान, और अनुमंडल अस्पताल राजमहल प्रभारी डॉक्टर उदय टुडू, उधवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ रवि कुमार शामिल हुए। सभी ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। वहीं शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों की सुगर, टीवी, फीवर, मलेरिया, टाइफाइड, खाद खुजली, जैसी अन्य बीमारियां जांच की और मुफ्त दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर पूछे जाने पर डॉ रवि कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर जैसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बहुत लाभदायक हैं। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए बेहद उपयोगी हैं। मौके पर बीपीएम विकास उराव, सालेह नाज, वार्ड सदस्य मोहम्मद ताहिरउद्दीन सहित अन्य लोग एवं डॉक्टर उपस्थित

## रेलवे कॉलोनियों में फैली गंदगी कर्मचारियों को हो रही परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टेशन और आसपास के रेलवे क्वार्टर क्षेत्रों में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साउथ कॉलोनी, नॉर्थ कॉलोनी और झरना कॉलोनी समेत अन्य क्षेत्रों में फैले कचरे के कारण रेलवे क्वार्टर में रहने वाले कर्मचारियों और उनके परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे जहां एक ओर स्वच्छता अभियान चलाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर साहिबगंज रेल क्षेत्र में कचरे की भरमार रेलवे की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही है। लगभग 1000 क्वार्टरों में निवास करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभायी जा रही हैं। रेल कर्मचारी जयराम महतो, मुकेश कुमार, अमरेंद्र यादव, दिनेश यादव, ललिता देवी और सुषमा कुमारी ने बताया कि न तो नियमित सफाई की जा रही है और न ही कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था है। बरसात के मौसम में इस गंदगी से बीमारियों का खतरा और बढ़ गया है। हाल ही में रेल मंडल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता द्वारा सफाई अभियान और श्रमदान कार्यक्रम की शुरूआत की गयी थी। लेकिन स्थानीय स्तर पर इन प्रयासों का असर नजर नहीं आ रहा है। इस संदर्भ में स्टेशन प्रबंधक और सीएचआई का कहना है कि सफाई कार्य नियमित कराया जा रहा है, परंतु कर्मचारियों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे।

## सिविल सर्जन ने दुर्गम क्षेत्र में नाव से गंगा नदी पार कर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : शनिवार को सिविल सर्जन साहिबगंज की अध्यक्षता एवं नेतृत्व में राजमहल प्रखंड अंतर्गत प्राणपुर एचएससी के गोलढाब चूवार गाँव में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गोलढाब चुवार गंगा नदी के उस पार स्थित एक अत्यंत दुर्गम क्षेत्र है, जहाँ पहुँचने के लिए नाव से लगभग 1 घंटे का कठिन सफर तय करना पड़ता है। इसके बावजूद सिविल सर्जन साहिबगंज स्वयं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वहाँ पहुँचे और शिविर का नेतृत्व किया।

**शिविर में उपलब्ध कराई गई प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ**

शुगर और ब्लड प्रेशर की जाँच,हाइपरटेंशन और स्किल सेल की जाँच एवं परामर्श,गर्भवती महिलाओं (एएनसी) की जांच एवं परामर्श,नवजात व बच्चों का टीकाकरण (आरआई),टीबी की स्क्रीनिंग, ओपीडी सेवाएँ एवं अन्य परामर्श, ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पहल का स्वागत किया और कहा कि गंगा के उस पार बसे इस सुदूर क्षेत्र में इतनी व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ मिली हैं। उन्होंने विशेष रूप से सिविल सर्जन साहिबगंज के व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने और शिविर का नेतृत्व करने के लिए आभार जताया। इसके पश्चात सिविल सर्जन साहिबगंज स्वयं टीम के साथ प्लासगाछी पंचायत अंतर्गत तैमूर टोला में भी पहुँचे और वहाँ भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह आयोजन सिविल सर्जन साहिबगंज की दूरदृष्टि और जनहित में निरंतर किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है, जो यह सुनिश्चित करने की दिशा में है कि हर व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचे, चाहे वह कितनी भी दूर और कठिनाई भरे क्षेत्र में क्यों न रहता हो।

## जिला उप विकास आयुक्त के आदेश पर मुखिया को पदभार का शपथ ग्रहण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/पतना** : प्रखंड अंतर्गत लखीपुर पंचायत का मुखिया शिवधार मड़ैया को उप विकास आयुक्त के आदेश पर आज शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। ब्लॉक पंचायत राज्य पदाधिकारी सह लखीपुर पंचायत सचिव मोतिलाल मुर्मू द्वारा मुखिया शिवधर मड़ैया को पदभार की शपथ दिलाई। मुखिया शिवधार मड़ैया ने शपथ ग्रहण लेते ही उन्होंने कहा कि जो भी पंचायत के अंतर्गत जितने गांव का समस्याएं है उसका समाधान करने का भरपूर कोशिश करेंगे और जो मुझे दुबारा समय मिला है। इस समय को ज्यादा से ज्यादा जनताओ के हित में ही काम करेंगे। उक्त मौके पर पतना प्रखंड के प्रमुख छीता बास्की, प्रमुख प्रतिनिधि बड़का हेंब्रम, झामुमो पंचायत अध्यक्ष शिवलाल टुडू, रोजगार सेवक महफूज आलम झामुमो वरिष्ठ कार्यकर्ता अब्दुल रहीम अंसारी, साथ में झामुमो कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने राहत सामग्री देने को लेकर, सदर प्रखंड में धरना प्रदर्शन किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : मुखिया संघ के तत्वाधान में शनिवार को सदर प्रखंड कार्यालय के समक्ष सदर प्रखंड के मुखिया, प्रमुख, उपप्रमुख, समिति व वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री देने की मांग को लेकर धरना दिया। अध्यक्षता संघ अध्यक्ष कंचन कुमार मंडल ने किया। इस दौरान मुखिया संघ के सह उपाध्यक्ष संतोष कुमार गोंड ने बताया कि गंगा किनारे बसा झारखंड का एक मात्र जिला साहिबगंज बाढ़ प्रभावित है। प्रत्येक वर्ष जिला में बाढ़ से सदर प्रखंड, उधवा व राजमहल प्रखंड सबसे अधिक प्रभावित होता है। पड़ोसी राज्य में बाढ़ प्रभावित 19 जिलों में वहां की सरकार 7 हजार रुपये प्रति परिवार दे रही है। लेकिन यहां बाढ़ पीड़ितों को मुट्ठी भर दाल-चावल देकर ठगने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार को पूर्ण रूप से सदर प्रखंड को बाढ़ प्रभावित घोषित करना चाहिए। अन्यथा पीड़ित आंदोलन करते रहेंगे। यहां घर, परिवार व बच्चों को छोड़ कर धरना पर लोग बैठे हैं। इन्हें ना दवा मिली है, ना पानी की व्यवस्था है और ना ही इन्हें एक चुटकी अनाज मिला है। प्रशासन दावा कर रही है कि हमने सभी को राहत पहुंचाया है। जब प्रशासन ने पहुंचाया है तो जन प्रतिनिधि किस काम के लिए हैं। हम लोगों को एक पंचायत में 30 पैकेट ही चूड़ा दिया गया है। पिछली बार एक वार्ड में 30-35 पैकेट चूड़ा दिया गया था। प्रशासन मुखियाओं को पंचायत में अवहेलना करवाने का काम करवा रही है। पिछली बार की तरह राहत वितरण की व्यवस्था होनी चाहिए। धरना के उपरांत एक शिष्टमंडल ने अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# तय समय पर योजनाओं को पूरा करें अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुईए जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को तय समय में पूरा करें और यह सुनिश्चित करें कि लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को 15 सितंबर तक चार एकलव्य मॉडल विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू कराने, आवश्यक तैयारियों की समीक्षा और समय रहते सुधार सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने सामाजिक और धार्मिक स्थलों की भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने और कल्याण विभाग के विद्यालयों एवं अस्पतालों की सेवाएं बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने जनजातीय समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और चिकित्सा देने पर जोर देते हुए धरती आबा अभियान और पीएम जनमन योजना की सभी योजनाओं को 2 अक्टूबर से पहले पूरा करने के निर्देश दिया। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हेल्थ कार्ड बनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच और 12,373 बच्चों के बैंक खाते जल?द खुलवाने का निर्देश भी संबंधित विभागों को अधिकारियों को दिया गया। बैठक में गैरविद्युतीकृत विद्यालयों में 30 सितंबर तक बिजली, सौर ऊर्जा और पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जमीन चिन्हित करने, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करने क निर्देश दिया गया। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एएनसी जांच और शिशु मृत्यु दर को शून्य करने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक में पेंशन, आयुष्मान भारत, पशु शेड, श्रमिक निबंधन आदि योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिले के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक अभियुक्त को तालझारी पुलिस ने गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार कबूतरखोपी निवासी स्वर्गीय राम अवतार चौधरी का पुत्र जालंधर चौधरी को तालझारी थाना कांड संख्या 8/23, दिनांक 5 फरवरी 2023, धारा 395 भादवि अप्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया है। पुलिस कागजी प्रक्रिया करने के उपरांत सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक रियासत में जेल भेज दिया है।

### बरहरवा प्रखंड सभागार में खरीफ कार्यशाला का हुआ आयोजन




**साहिबगंज** : बरहरवा प्रखंड सभागार में खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को खरीफ सत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं, तकनीकी जानकारियों तथा आधुनिक कृषि पद्धतियों से अवगत कराना था। कार्यशाला में सबसे पहले डिजिटल क्रॉप सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस सर्वे के माध्यम से किसानों की फसल संबंधी सटीक जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही अतिवृष्टि एवं जल जमाव से होने वाली फसल क्षति के आकलन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त मिलेट मिशन योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने कहा कि मोटे अनाज की खेती से न केवल पोषण सुरक्षा मिलेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और किसान समृद्धि योजना के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसानों को समय पर आवेदन करने और अपने बैंक खातों को आधार से लिंक कराने की सलाह दी गई। कार्यशाला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर भी विस्तृत जानकारी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बीमा योजना के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक आपदा, कीट एवं रोग से होने वाली फसल क्षति से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, उप परियोजना निदेशक, बीएओ, बीटीएम, एटीएम, बीपीएम, जेएसएलपीएस, कृषक मित्र एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को लाभकारी बताया और कृषि से संबंधित नवीन जानकारियों को अपने खेतों में लागू करने की प्रतिबद्धता जताई।

### सड़क किनारे तंबू में जीवन काटने को मजबूर दो बाढ़ प्रभावित परिवार



**साहिबगंज** : जिला क्षेत्र अंतर्गत राजमहल प्रखंड के शोभापुर गांव में दो बाढ़ प्रभावित परिवार पिछले 15 दिनों से फोर लेन सड़क किनारे तंबू लगाकर रह रहे हैं। 70 वर्षीर्या पार्वती वेवा और 50 वर्षीर्या जोशना देवी, जो अपने दिव्यांग पति दुर्योधन राय के साथ रह रही हैं, बाढ़ के पानी घटने के बावजूद अब तक अपने घर नहीं लौट सकी हैं। इन परिवारों ने बताया कि घरों में अब भी कीचड़ भरा है, जिससे रहना संभव नहीं है। ऐसे में सड़क किनारे तिरपाल लगाकर चौकी पर रातें गुजारनी पड़ रही हैं। किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता या राहत सामग्री अब तक नहीं मिली है। तिरपाल भी उन्होंने अपनी निजी खर्च से खरीदी है। रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही से जान का खतरा बना रहता है और नींद पूरी नहीं हो पाती है। पार्वती वेवा ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अब तक कोई सुध नहीं ली है, जबकि अन्य क्षेत्रों में राहत सामग्री बांटी जा चुकी है। इन परिवारों की मांग है कि जिला प्रशासन जल्द से जल्द उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराए और पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### बीएड प्रशिक्षुओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पाकुड़** : ज़िले में प्रोजेक्ट परख 2.0 के तत्वावधान में बीएड प्रशिक्षुओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि आपका आचरण ऐसा होना चाहिए कि बच्चों पर उसका अच्छा प्रभाव पड़े। शिक्षक की भूमिका सबों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। बच्चे राष्ट्र के धरोहर व देश के भविष्य हैं। इन्हें संवारना शिक्षकों का काम है। उसे अपना अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य की भी शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को समाज की विसंगतियां दूर करने के लिए आगे आना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपने को स्थापित करें। जीवन में कभी निराश नहीं हों। सफलता एक दिन जरूर मिलेगी, ऐसा ध्येय बनाए रखे। शिक्षक को लोग हमेशा से सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षुओं से अपील किया कि हम चाहते हैं की आप सभी जिला के विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों को शिक्षा दें, ताकि 2026 बोर्ड परीक्षा में पाकुड़ जिला पूरे राज्य में इस बार नंबर वन आएं।

# पीएम मोदी की सभा में एक परिवार का दिखा जलवा



मंच पर दिखे पिता-पुत्र, समधन और बहु

गयाजी। बोधगया की ऐतिहासिक धरती पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा में जहां एनडीए के कई दिग्गज नेता मंच पर मौजूद थे, वहीं सबसे अधिक चर्चा का विषय हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) पार्टी के एक ही परिवार के चार प्रतिनिधियों की एक साथ उपस्थिति रही। हम पार्टी के संस्थापक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी और इमामगंज विधायक दीपा मांझी। ये चारों प्रधानमंत्री की सभा के मंच पर एक साथ नजर आए। इस दृश्य ने न सिर्फ कार्यकताओं का ध्यान खींचा, बल्कि पूरे राजनीतिक गलियारे में भी चर्चा छेड़ दी। कई नेताओं ने आपसी बातचीत में कहा कि यह नजारा हम पार्टी की आंतरिक एकजुटता और परिवार की राजनीति में मजबूत पकड़ को दशार्ता है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी बिहार की राजनीति के एक अनुभवी चेहरा हैं। उनके पुत्र डॉ. संतोष सुमन राज्य सरकार में मंत्री हैं। वहीं, समधन ज्योति मांझी और बहू दीपा मांझी दोनों सक्रिय विधायक हैं। सभा में आए कई एनडीए कार्यकताओं ने इसे पारिवारिक राजनीतिक ताकत की मिसाल बताया। कुछ ने तो इसे राजनीतिक संतुलन और रणनीति का केंद्र भी करार दिया। सभा में हम पार्टी के कार्यकताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी, उनकी अनुशासित मौजूदगी और प्रधानमंत्री के स्वागत की जोरदार तैयारी ने पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को भी सामने ला दिया। राजनीतिक जानकारों की मानें तो मांझी परिवार की यह उपस्थिति सिर्फ एक मंच साझा करना नहीं था, बल्कि बिहार की राजनीति में बदलते समीकरणों और जातीय प्रतिनिधित्व की रणनीति का भी संकेत था। आने वाले समय में इसका असर एनडीए के भीतर और बाहर, दोनों स्तर पर देखा जा सकता है।

## पीएम मोदी के हाथों से घर की चाबी लेते ही खिला मुस्तरी खातून का चेहरा



गयाजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गरीबों ओर जरूरतमंदों के सपनों को साकार करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित घरों की चाबी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 48 के मानपुर स्थित जोड़ा मस्जिद मोहल्ला के मुस्तरी खातून को सौंपी। बोधगया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से ही पीएम ने प्रतीकात्मक रूप में चाबी थमाई तो परिवार गदगद होकर भावुक हो उठे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर गरीब का सपना है कि उनका भी एक पक्का घर हो, जिसमें परिवार सुरक्षित जीवन जी सके। केंद्र सरकार का संकल्प है कि देश का कोई भी परिवार बेघर न रहे। चाबी पाकर मुस्तरी खातून के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि जीवन का सबसे बड़ा तोहफा है। प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा है। उन्होंने कहा कि अब वे अपने बच्चों को सुरक्षित छत के नीचे पाल-पोस सकेंगी। आंखों में खुशी के आंसू थे। कभी सोचा भी नहीं था कि अपना पक्का का घर होगा। मुस्तरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तरह दो लाख रुपये की राशि सरकार द्वारा दिया गया था। पहले मिट्टी का घर था। राशि मिलने के बाद दो कमरे का पक्का का घर बना लिया। कुछ राशि लगाने के बाद घर पक्का का बना गया है। घर बनने से हमें आराम मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घर की चाबी देने की सूचना पांच दिन पहले नगर निगम के कर्मियों द्वारा दिया गया था। उन्होंने कहा मैंनें सोचा नहीं था कि प्रधानमंत्री अपने हाथों से घर की चाबी देंगे। सूचना मिलने में मन पूरी तरह से गदगद हो उठा। उन्होंने कहा घर के साथ-साथ बिजली, पानी, शौचालय आदि सुविधाएं भी सरकार ने उपलब्ध कराई है। बिजली बिल का एक पैसा अब नहीं लगता है।

# प्रशांत किशोर ने बोला लालू परिवार पर हमला



बोले- 9वीं फेल बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं लालूजी

पटना। प्रशांत किशोर ने अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत पटना के पालीगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि लालू जी का बेटा 9वीं पास भी नहीं किया है, फिर भी वह चाहते हैं कि उनका बेटा राजा बने और दूसरी तरफ बिहार के लोग जिनके बच्चे मैट्रिक, बीए, एमए कर चुके हैं, फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। प्रशांत किशोर ने पालीगंज की जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि इस बार अपने बच्चों का चेहरा देखकर वोट कीजिए। छठ के बाद दुल्हिन बाजार के, पालीगंज के या पटना के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। बिहार भर के ऐसे 50 लाख युवाओं को वापस बुलाकर उन्हें यहीं 10-12 हजार रुपये का रोजगार दे दिया जाएगा। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। साथ ही जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके। प्रशांत किशोर ने जनता से अपील की कि इस बार उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें।

## बांका में पुल के नीचे मिला अज्ञात शव

बांका। अमरपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत गोरगम्मा गांव के पास शीशवा बहियार स्थित बुढ़वा डांढ की पुल के नीचे शुक्रवार की शाम एक अज्ञात युवक का शव मिला। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। शव मिलने की खबर फैलते ही गोरगम्मा, भरको, कापरीचक, कासपुर और नानायचक सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। पुल के नीचे पानी भरे रहने के कारण शव काफी फूल गया था और क्षत-विक्षत अवस्था में होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। मृतक की पहचान न हो पाने से क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### मुंगेर में ज्वेलरी शॉप में भीषण चोरी, 10 लाख से अधिक का माल गायब, चेंबर ने आंदोलन की चेतावनी दी



मुंगेर। हवेली खड़गपुर नगर क्षेत्र के हाट बाजार स्थित मां शारदा ज्वेलर्स में बीती शुक्रवार की रात चोरों ने सटर तोड़कर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। अनुमान है कि चोरों ने 10 लाख रुपये से अधिक की ज्वेलरी व अन्य सामान पर हाथ साफ किया है। घटना की सूचना पर हवेली खड़गपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दुकान मालिक शशिधर वर्मा रोजाना की तरह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो देखा कि पीछे से शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया है। चोरों ने लॉकर को तोड़कर उसमें रखी सभी ज्वेलरी और ज्वेलरी बनाने के सामान भी चोरी कर लिए। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बाजार में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले एक इलेक्ट्रिकल दुकान में भी चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस अब तक उस मामले का भी उद्भेदन नहीं कर पाई। चेंबर ऑफ कॉमर्स शाखा हवेली खड़गपुर के अध्यक्ष अंजनी ठाकुर ने पुलिस गश्ती और निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारी चिंतित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो चेंबर चरणबद्ध आंदोलन करेगा। वहीं, थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस को चोरी की घटना की सूचना मिली है। मौके पर जांच की जा रही है। अभी तक दुकानदार की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी और चोरों की पहचान कर मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

### जमुई में घर में घुसा 7 फीट लंबा अजगर, मचा हड़कंप, एक्सपर्ट ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



जमुई। जिले के बरहट प्रखंड के जावातरी गांव में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में करीब 7 फीट लंबा अजगर घुस गया। अचानक अजगर को देखकर घर वालों की सांसें अटक गईं। परिजनों ने हिम्मत जुटाते हुए एक-एक कर घर से बाहर निकलकर शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और डर के मारे अजगर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अजगर गंभीर रूप से घायल होकर अधमरा हो गया। इसी बीच ग्रामीणों ने मलयपुर के रहने वाले सांप पकड़ने के एक्सपर्ट बंटी सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही बंटी सिंह मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक अजगर को पकड़कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि यह अजगर अभी छोटा था और लोगों के हमले से घायल हो गया था। बंटी सिंह ने कहा कि वे पिछले पांच महीनों में इलाके से दर्जनों सांपों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ चुके हैं। उनका मानना है कि इन बेजुबान जीवों की जान बचाना एक मानवीय कर्तव्य है और इससे उन्हें सुकून मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सांप दिखने पर उन पर हमला न करें बल्कि तुरंत सूचना दें, ताकि उनकी जान बचाई जा सके।

# जमुई जेल में रंगदारी नहीं देने पर कैदी की हत्या



जमुई। एक कैदी की रंगदारी न देने पर हत्या कर दी गई। मृतक डब्लू कुमार चौधरी को सिमुलतला थाना पुलिस ने 18 अगस्त को गिरफ्तार किया था। 19 अगस्त को जेल भेजे जाने के बाद उसी दिन दोपहर में जेल से फोन नंबर 8809855964 से उसकी बहन से 5000 रुपए की रंगदारी मांगी गई। रंगदारी न देने पर डब्लू को रात भर बाथरूम में रखा गया। 20 अगस्त को परिजनों ने एक कैदी संतोष यादव के पे-फोन पर 2000 रुपए भेजे। इसके बाद डब्लू को रहने की जगह दी गई। 21 अगस्त को फिर जेल से फोन कर 3000 रुपए और मांगे गए। मृतक की मां और बहन ने केवल 1000 रुपए देने की बात कही। डब्लू ने अपने परिजनों को बताया था कि जेल में अन्य कैदी उसके साथ मारपीट करते हैं। शुक्रवार की दोपहर दबंग कैदियों ने उसकी पिटाई की और गला घोंटकर हत्या कर दी। जेल प्रशासन ने मामले को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कैदी की तबीयत अचानक खराब हुई और सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की बहन सावित्री कुमारी ने आरोप लगाया कि 1000 रुपए न देने पर दबंग कैदियों ने उसके भाई की हत्या की है और जेल प्रशासन मामले को दबाने में लगा है। जबकि उसके भाई के गले पर दबाने का निशान, पीठ पर मारपीट के दौरान जख्म के निशान मिले है। हालांकि पुरे मामले की जानकारी के बाद अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर सैयद नौशाद अहमद के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम के द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

# बारिश से नालंदा-गयाजी-जहानाबाद में बाढ़

## फल्गु पर बना तटबंध टूटा, 25 गांवों में घुसा पानी, गयाजी में महिला की मौत





पटना। बिहार में फिर मानसून सक्रिय हो गया है। शनिवार सुबह सारण, पटना और औरंगाबाद में तेज बारिश हुई। भागलपुर में एक घंटे से ज्यादा देर तक तेज बारिश हुई, जिससे कई जगह पानी भर गया। वहीं झारखंड में भारी बारिश हुई है। झारखंड से हो रही बारिश के कारण सीमा से लगे गयाजी, जहानाबाद के कई इलाके बाढ़ से प्रभावित हो गए है। वहीं, नालंदा में लोकायन नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे एकंगरसराय और हिलसा प्रखंड में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एकंगरसराय के केला बीघा गांव में बाढ़ के पानी में घर देखते ही देखते समा गए। जहानाबाद में फल्गु नदी का तटबंध चार जगहों से टूट गया है। इससे आसपास के 25 गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। शुक्रवार रात करीब 2 बजे नदी में अचानक पानी का बहाव बढ़ने से ऐसी स्थिति बनी है। भारथू, नंदना, तुलसीपुर, मेटरा, बेलदरिया, अतियावा, शाहपुर और सबाजपुर समेत कई गांव की करीब 50 हजार आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। इधर, गयाजी के मोहनपुर प्रखंड के कई गांव में बाढ़ का पानी भर चुका है। मुहाने नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से सैकड़ों घर डूब गए हैं। खेत-खलिहान पानी में समा गए। मोहनपुर गजाधरपुर निवासी मुसमूरउला देवी की बाढ़ में डूबकर मौत हो गई। लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को गोद में उठाकर सुरक्षित जगह भाग रहे हैं। कई परिवार बेघर हो गए। बिहार में फिर मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी शनिवार को प्रदेश के 18 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें 5 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज और 13 जिलों में हल्की और मध्यम बारिश यलो अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर हवा आ रही है। इसके साथ ही मानसून ट्रफ लाइन उत्तर प्रदेश और बिहार के कई हिस्सों से गुजर रही है। इसके कारण प्रदेश में अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना है। वहीं, शुक्रवार को पटना, आरा, जमुई, सुपौल और औरंगाबाद में तेज बारिश हुई। राजधानी पटना में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इसके साथ ही नालंदा में भी हल्की बूंदाबादी हुई। हालांकि, मानसून सीजन की बात करें तो अब तक बिहार में सामान्य से 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 'इस बार मानसून की रफ्तार सुस्त रही, लेकिन अगस्त के अंतिम सप्ताह में मानसून सक्रिय होगा, जिससे बारिश की कमी पूरी हो सकती है। राजधानी में अगले 4 दिनों तक रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि शहर में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कभी-कभी तेज बारिश हो सकती है। 26 अगस्त तक बिहार के दक्षिण और मध्य जिलों में भारी बारिश की संभावना है, जबकि उत्तर बिहार में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जहानाबाद में फल्गु नदी में अचानक पानी आने के कारण कई गांव प्रभावित हुए है। स्कूलों में भी बाढ़ का पानी घुसा गया है, जिसके कारण पठन-पाठन भी प्रभावित हुआ है। फसलें बर्बाद होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार दोपहर बक्सर में मौसम बदला और काले बादल छा गए। तेज बारिश हो रही है। हवा भी चल रही है। शनिवार दोपहर समस्तीपुर में झमाझम बारिश हुई। बिहार में मानसून फिलहाल एक्टिव है। मोहनपुर गजाधरपुर निवासी मुसमूरउला देवी की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गई।

# हीरो एशिया कप 2025: बिहार के राजगीर में पहुंची मलेशियाई टीम



राजगीर। शनिवार सुबह मलेशिया की राष्ट्रीय हॉकी टीम प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 में हिस्सा लेने के लिए राजगीर पहुंची। पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी। इस बार टीम खिताब जीतने के इरादे से उतरी है। टीम के कप्तान मरहान जलील ने आगमन पर उत्साह जताते हुए कहा कि राजगीर आकर बेहद खुशी हो रही है। हमारी तैयारियां मजबूत रही हैं और हम शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा, क्योंकि उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों का सामना किया है और उनके पास बेहतरीन अनुभव है। जलील ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को भी खतरनाक प्रतिद्वंद्वी बताया। उन्होंने कहा कि कोरिया बेहद मजबूत टीम है। इस साल हमने उनके खिलाफ खेला है और वे काफी फिट और तेज नजर आ रहे हैं। हमारा पहला लक्ष्य सुपर-4 में जगह बनाना है। टीम के मुख्य कोच सरजीत कुंदन ने गर्मजोशी भरे स्वागत पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो हम इस शानदार स्वागत के लिए आभारी हैं। हमें खुशी है कि हम समय से पहले यहां पहुंचे और कुछ अभ्यास मैच भी खेल पाएंगे। हमारी टीम युवा है और हमारा मुख्य लक्ष्य 2028 ओलंपिक व अगले साल के एशियाई खेलों की तैयारी करना है। हाल ही में हमने ऑस्ट्रेलिया और कोरिया का दौरा किया और अब सुल्तान अजलान शाह टूर्नामेंट भी खेलना है। उन्होंने कहा कि यहां हमारा मकसद अच्छा प्रदर्शन करना है। हम इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त टीम हैं और पदक जीतने का इरादा रखते हैं। गौरतलब है कि मलेशिया 29 अगस्त को टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। मलेशिया पूल-बी में कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे के साथ है, जबकि पूल-ए में भारत, जापान, चीन और कजाखस्तान शामिल हैं।

# राहुल गांधी का सोना-खाना कंटेनर में

## यात्रा खुली जीप से, रोजाना खर्च हो रहे 1 करोड़ रुपये



भागलपुर। मुर्गे अभी बांग भी नहीं दिए होते कि राहुल गांधी की आंखें खुल जाती हैं। तड़के चार बजे दिनचर्या का प्रारंभिक समय वे अपने तन-मन पर व्यतीत करते हैं और उसके बाद की पूरी गतिविधि कांग्रेस और महागठबंधन के लिए होती है। इन दिनों अमूमन रात 11 बजे तक वे बिहार में विजय का ताना-बाना बुन रहे। उसके बाद ही रात्रि विश्राम की मोहलत मिल रही। बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा पर निकले राहुल की यही दिनचर्या है। नित्यक्रिया से निवृत्त होकर राहुल जब जागिंग के लिए निकलते हैं, तो सुरक्षा कारणों से सहयात्रियों को कंटेनर में ही रहने की हिदायत होती है। अभी प्रतिदिन कम-से-कम 10 किलोमीटर की जागिंग कर रहे। हालांकि, सामान्य दिनों में वे 20 किलोमीटर जागिंग करते हैं। जागिंग के बाद जब वे कंटेनर में चले जाते हैं, तब सहयात्री कैंप में आवाजाही के लिए स्वतंत्र होते हैं। स्नादि से पहले कभी-कभी राहुल व्यायाम भी करते हैं। यात्रा के लिए निकलने से पहले अपनी टीम के साथ उनकी बैठक, बहुधा झंडोत्तोलन से पहले होती है। प्रतिदिन सात बजे राष्ट्रध्वज फहराने के साथ राष्ट्रगान होता है। उसके बाद आधा घंटा के भीतर सभी को नाश्ता कर यात्रा पर निकल जाना होता है, क्योंकि समय के पाबंद राहुल आठ बजे तक खुली जीप में सवार हो गए होते हैं।तेलंगाना में यात्रा के दौरान मसालेदार भोजन से राहुल को परेशानी हुई थी, इसीलिए इस बार सादा और पौष्टिक भोजन प्राथमिकता में है। हालांकि, उन्हें मांसाहार भी पसंद है, लेकिन इन दिनों शाकाहारी भोजन विशेषकर फल - सलाद आदि, ले रहे। मटर- कटहल के गरिष्ठ व्यंजनों के साथ जंक फूड से परहेज हैं। 'वोट अधिकार यात्रा' पर उन्होंने अभी तक मांसाहार नहीं लिया। कैंप में सहयात्रियों के लिए बनने वाले नाश्ता भोजन पर ही निर्भरता है, जिसे राहुल अपने कंटेनर में ही ग्रहण करते हैं। कैटरिंग की चार टीमें हैं। उनके वातानुकूलित कंटेनर में टायलेट- बाथरूम के साथ बेड, सोफा, स्टडी व डाइनिंग टेबल आदि की व्यवस्था है। इसके अलावा सहयात्रियों के लिए तीन श्रेणी में वातानुकूलित कुल 45 कंटेनर हैं। ये कंटेनर किसी गैर व्यावसायिक परिसर या दूसरे खुले स्थानों पर लगाए जा रहे आवश्यकतानुसार कैंप में चार-पांच छोटे और एक बड़ा टैंट भी लगता है। रोशनी आदि की अपनी व्यवस्था है भोजन-आवासन, परिचालन आदि को जोड़कर इस यात्रा पर प्रतिदिन लगभग एक करोड़ रुपये खर्च हो रहे। राहुल के कंटेनर से लगी उनकी वैनिटी वैन होती है। उसमें टायलेट के साथ कांन्फ्रेंस हेतु व्यवस्था है। इसी में बैठकर राहुल रणनीति बनाते हैं। इसके साथ एक और वातानुकूलित बस है, जिसमें राहुल का निजी कार्यालय व्यवस्थित है। एक कंटेनर में व्यायाम आदि के उपकरण और दूसरे जरूरी सामान साथ चलते हैं। वोटर अधिकार यात्रा नाश्ता : भोजन की व्यवस्थाः सुबह में नाश्ताः कांग्रेस के वरिष्ट नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ ठहरने करने वाले और दूसरे आगंतुकों को मिलाकर दो से ढाई सौ लोगों के लिए। दोपहर में भोजन : राहुल और उनके साथ विशिष्ट श्रेणी के छह से सात सौ लोगों का भोजन अलग बनता है। इसके अलावा पांच से छह हजार कार्यकताओं के लिए भोजन बनाने का दायित्व पटना के नामी होटल को। रात में भोजन लगभग तीन सौ लोगों के लिए। उनमें अधिसंख्य कैंप में ही ठहरने वाले होते हैं।

# बच्चें को बार-बार पेट दर्द हो तो हो जाएं सतर्क, ये हो सकता है इस गंभीर बीमारी का संकेत



अगर आपका बच्चा बार-बार पेट दर्द की शिकायत करता है तो इसे सिर्फ गैस या अपच समझकर नजरअंदाज न करें। यह एपेंडिक्स की बीमारी यानी एपेंडिसाइटिस भी हो सकती है। जी हां, यह बीमारी सिर्फ बड़ों को ही नहीं, बल्कि बच्चों को भी हो सकती है और अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो ये जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए जरूरी है कि आप इस बीमारी के लक्षणों को समय रहते पहचानें ताकि सही समय पर डॉक्टर की मदद ली जा सके और बच्चा सुरक्षित रहे।

क्या होता है एपेंडिक्स और कैसे होती है ये बीमारी?

एपेंडिक्स एक छोटी थैली जैसी अंग होती है जो हमारे पेट में बड़ी आंत से जुड़ी होती है। जब इसमें सूजन आ जाती है तो उसे एपेंडिसाइटिस कहा जाता है। सूजन के पीछे कारण हो सकते हैं जैसे -

आंत में मल का जमा हो जाना
किसी तरह का संक्रमण
या फिर कोई रुकावट

जब एपेंडिक्स में सूजन आ जाती है, तो उसमें तेज दर्द होता है और दूसरी परेशानियां भी शुरू हो जाती हैं।

बच्चों में एपेंडिसाइटिस कितनी आम है?

एपेंडिसाइटिस किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है लेकिन 5 साल से बड़े बच्चों में यह बीमारी ज्यादा देखी जाती है। हालांकि, 1 से 3 साल के छोटे बच्चों यानी टॉडलर्स में भी यह बीमारी हो सकती है। छोटे बच्चों की सबसे बड़ी परेशानी यह होती है कि वे अपने दर्द और लक्षण ठीक से बता नहीं पाते जिससे बीमारी की पहचान में देर हो जाती है।

बच्चों में एपेंडिसाइटिस के लक्षण

बच्चों में एपेंडिसाइटिस के कुछ खास लक्षण इस प्रकार हैं :

पेट के निचले दाएं हिस्से में बार-बार या लगातार दर्द
हल्का या तेज बुखार
उल्टी या मतली आना
भूख कम हो जाना या खाना खाने से मना करना
पेट फूला हुआ लगना
बच्चा बहुत चिड़चिड़ा हो जाना
बिना वजह थकान महसूस करना

इन लक्षणों में से अगर एक या एक से ज्यादा दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

क्यों है समय पर इलाज जरूरी?

अगर समय रहते इलाज नहीं किया गया, तो एपेंडिक्स फट सकता है, जिससे पेट के अंदर गंभीर संक्रमण (पेरीटोनाइटिस) हो सकता है। यह स्थिति जानलेवा बन सकती है। खासकर 5 साल से छोटे बच्चों में यह खतरा बहुत अधिक होता है क्योंकि लक्षण जल्दी बढ़ते हैं।

डॉक्टर कैसे करते हैं जांच?

एपेंडिसाइटिस का पता लगाने के लिए डॉक्टर निम्नलिखित जांच करते हैं शारीरिक जांच, खून की जांच (इंफेक्शन देखने के लिए), अल्ट्रासाउंड। कुछ मामलों में सीटी स्कैन, हालांकि छोटे बच्चों में इसका इस्तेमाल कम किया जाता है, क्योंकि इससे रेडिएशन का खतरा होता है। सबसे जरूरी है कि किसी अनुभवी पीडियाट्रिक सर्जन द्वारा बच्चे की जांच की जाए।



# बच्चे को बनाना है तेज और समझदार तो पेरेंट्स आज से अपनाएं ये 5 आदतें

हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा पढ़ाई में अच्छा करे, आत्मविश्वासी हो, समझदार बने और जीवन में आने वाली हर चुनौती का सामना पूरे फोकस और समझदारी से करे। बच्चों का दिमाग जितना तेज और समझदार होता है, वे उतनी जल्दी चीजें समझ पाते हैं, सही फैसले ले पाते हैं और खुद को अच्छे से दूसरों के सामने रख पाते हैं। बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट को बेहतर बनाने के लिए 5 जरूरी आदतों के बारे में बताया है, जिन्हें हर पैरेंट को अपने बच्चे की परवरिश में शामिल करना चाहिए। आइए इन बातों पर एक-एक करके नजर डालते हैं।

घर का माहौल रखें पॉजिटिव और शांत

बच्चे जिस माहौल में पलते हैं, उनका दिमाग उसी के अनुसार बनता और बढ़ता है। अगर घर का माहौल शांति और प्यार से भरा होगा तो बच्चा भी मानसिक रूप से मजबूत और खुशहाल बनेगा। मम्मी-पापा और बच्चों के बीच एक गहरा जुड़ाव (बॉन्ड) होना बहुत जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि पूरा परिवार रोज थोड़ा समय एक-दूसरे के साथ बिताए। चाहे वो साथ में खाना खाना हो, कोई मस्ती भरा गेम खेलना हो, एक साथ गाना गाना या डांस करना हो, पिलो फाइट या पकड़म पकड़ाई जैसा कोई खेल हो। ये सभी छोटी-छोटी चीजें बच्चों के मानसिक विकास में बड़ा रोल निभाती हैं।

बच्चों को दें फ्री प्ले टाइम

दूसरी सबसे जरूरी चीज है बच्चों को खुलकर खेलने का समय देना। हर बच्चे को रोज शाम को कम से कम 1 घंटा बाहर खुले मैदान में खेलने का मौका जरूर मिलना चाहिए। बच्चा अगर दौड़ता है, कूदता है, चढ़ता है या फिजिकल एक्टिविटीज करता है तो इससे उसका नर्वस सिस्टम मजबूत होता है जो दिमाग के विकास में बहुत मदद करता है। इसके अलावा, यह खेलने का समय बच्चे की क्रिएटिव सोच, आत्मविश्वास और सोशल स्किल्स को भी बढ़ाता है।

बच्चों का न्यूट्रिशन रखें बैलेंस्ड

बच्चों के खाने-पीने का खास ध्यान रखा जाए। घर का बना ताजा खाना ही सबसे अच्छा होता है। बच्चों को प्रोसेस्ड, पैकेज्ड या बाहर का



फास्ट फूड बिल्कुल न दें। फल, सब्जियां, दाल, रोटी, दूध, नट्स और देसी खाना बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी होता है। सही पोषण ना सिर्फ शरीर को ताकत देता है, बल्कि दिमाग को भी एक्टिव और फोकस्ड बनाए रखता है।

रूटीन ना करें गड़बड़

एक और बहुत जरूरी बात जो अक्सर पैरेंट्स नजरअंदाज कर देते हैं - बच्चे का स्लीप रूटीन। अगर बच्चा कभी 12 बजे, कभी 1 बजे और कभी 2 बजे सोता है, तो ये बदलाव उसके दिमाग के लिए झटके की तरह होते हैं। बच्चे का हर दिन एक तय समय पर सोना और एक तय समय पर उठना बहुत जरूरी है। सही रूटीन से बच्चे को नींद भरपूर मिलती है और उसका दिमाग फ्रेश और एक्टिव रहता है। रूटीन गड़बड़ होने से बच्चा चिड़चिड़ा, थका हुआ और कम ध्यान देने वाला बन सकता है। इसलिए पेरेंट्स को चाहिए कि सोने और खाने का रूटीन बच्चे के लिए पहले दिन से ही तय करें और उसे लगातार फॉलो कराएं।


पैरेंट्स खुद इन बातों को लें सीरियसली

अगर आप ऊपर बताई गई 5 आदतों को नजरअंदाज करते हैं, तो उसका सीधा असर आपके बच्चे के व्यवहार पर पड़ सकता है। ऐसा बच्चा बार-बार चिड़चिड़ा हो सकता है, जरूरत से ज्यादा जिद या टैंट्रम दिखा सकता है, पढ़ाई या एक्टिविटीज में फोकस नहीं कर पाएगा। इसलिए जरूरी है कि माता-पिता इन बातों को हल्के में न लें और बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए इन सभी बातों को अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बनाएं।

बच्चों का दिमाग एक स्पंज की तरह होता है जितना अच्छा आप उसमें भरेंगे, उतना अच्छा वो आगे जाकर करेगा। अगर आप ये 5 आसान बातें अपने रोजमर्रा में शामिल कर लें, तो आपका बच्चा न सिर्फ पढ़ाई में, बल्कि पूरी जिंदगी में शानदार प्रदर्शन करेगा।

# बरसाती मौसम में हो गया है आई फ्लू तो ये गलती ना कर बैठें, खासकर बच्चे के साथ...





बरसाती मौसम (मानसून) में आंखों में संक्रमण, लालगी और सूजन की समस्या आम हो जाती है। इस मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फंगल इंफेक्शन तेजी से फैलते हैं, जिससे कंजंक्टिवाइटिस (आंख आना), जिसे आम भाषा में आई फ्लू या पिंक फ्लू भी कहा जाता है। स्टाई (आंख पर फुंसी), एलर्जी और ड्राई आई सिंड्रोम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। चलिए आपको आंखों को संक्रमण, लालगी और सूजन से बचाने के कुछ कारगर उपाय बताते हैं।

### बरसात में आंखों को इंफेक्शन, लालगी और सूजन से बचाने के उपाय

आंखों को बार-बार छूने से बचें : गंदे हाथों से आंखों को छूने या मलने से बैक्टीरिया और वायरस आंखों में चले जाते हैं। आंखों को छूने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोएं।

गंदे पानी और बारिश के पानी से आंखों को बचाएं : बारिश में भीगने से बचें, खासकर जब पानी आंखों में जाने की संभावना हो। सड़क का गंदा पानी आंखों में न जाने दें।

साफ तौलिया और रूमाल का इस्तेमाल करें : आंख पोंछने के लिए हमेशा साफ और अलग रूमाल/तौलिया इस्तेमाल करें। परिवार में किसी को आंख का इंफेक्शन है तो उनके तौलिया, चश्मा न साझा करें।

आंखों में पानी से धोते रहें : दिन में 2-3 बार ठंडे पानी से आंखें धोएं, इससे धूल-मिट्टी और बैक्टीरिया निकल जाते हैं। गुलाब जल में कॉटन भिगोकर आंखों पर रखना भी राहत देगा।

आंखों में मेकअप प्रोडक्ट्स का सीमित इस्तेमाल करें : बरसात में आई-लाइनर, काजल आदि का ज्यादा प्रयोग न करें क्योंकि पसीना और नमी से इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है। यदि इस्तेमाल करें तो ब्रांडेड और हाइजीनिक प्रोडक्ट ही लें।

आंखों को बार-बार रगड़ें नहीं : यदि आंखों में जलन, खुजली या पानी आ रहा हो तो डॉक्टर से परामर्श लें। रगड़ने से स्थिति और बिगड़ सकती है।

आंखों को आराम दें : मोबाइल, लैपटॉप पर ज्यादा समय न बिताएं। हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए आंखें बंद करके आराम दें।

आंखों के चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस की सफाई पर ध्यान दें : चश्मे को दिन में 2-3 बार साफ करें। कॉन्टैक्ट लेंस को सही तरह स्टरलाइज करके ही पहनें और गंदे हाथों से न छुएं।

### डॉक्टरी सलाह कब लें?

आंखों में लगातार पानी आना, जलन या सूजन बढ़ना।
पीला या हरा मवाद निकलना।
नजर धुंधली हो जाना।
तेज सिरदर्द या बुखार के साथ आंखों में परेशानी होना।

घरेलू उपाय जो मदद करेंगे (सावधानी के साथ करें)

गुलाब जल और ठंडी पट्टियां से आंखों पर सेक करें।
त्रिफला जल से आंखों को धोना भी लाभकारी है (डॉक्टर से परामर्श के बाद)।
एलोवेरा जेल का इस्तेमाल आंखों के आस-पास हल्के से कर सकते हैं (आंखों के अंदर न जाए)।

### ये लोग विशेष सावधानी बरतें

आंखों से जुड़ा कोई भी आई ड्रॉप बिना डॉक्टरी सलाह के ना डालें। खासकर बच्चों की आंखों में ऐसी कोई दवा इस्तेमाल ना करें जो डॉक्टरी सलाह के अनुसार ना हो।

बच्चों और बुजुर्गों की आंखों की देखभाल पर विशेष ध्यान दें।

मानसून में आंखों का इंफेक्शन जल्दी फैलता है, इसलिए यदि किसी को कंजंक्टिवाइटिस है तो उनसे दूरी बनाए रखें।

# बच्चों में डायरिया को न करें नजरअंदाज, समय पर करें ये जरूरी इलाज



डायरिया, यानी दस्त की परेशानी, बच्चों में बहुत आम होती है खासकर गर्मी और बरसात के मौसम में। जब किसी बच्चे को बार-बार ढीला, पानी जैसा मल होने लगे तो यह डायरिया होता है। यह तब खतरनाक बन जाता है जब शरीर में पानी और जरूरी मिनरल्स की कमी होने लगे जिसे डिहाइड्रेशन कहा जाता है। बच्चों का शरीर छोटा होता है इसलिए पानी की कमी बहुत जल्दी हो सकती है। यही कारण है कि डायरिया को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह किसी अन्य बीमारी या संक्रमण का संकेत भी हो सकता है।

### कब चिंता की बात होती है?

कभी-कभी हल्का डायरिया सामान्य होता है, जैसे कि जब बच्चा नई चीजें खाता है या मौसम बदलता है। लेकिन अगर बच्चा दिन में 3-4 बार से ज्यादा पतले दस्त कर रहा है, तो यह चिंता का कारण बन सकता है।

डायरिया के सामान्य कारण :

गंदा खाना या पानी
हाथ साफ न होना
बोतल या बर्तन साफ न होना
संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आना
खुले में शौच जाना
गंदे खिलौने या चीजें मुंह में डालना
दूध न पच पाना भी हो सकता है कारण

कई छोटे बच्चों को लैक्टोज इन्टॉलरेंस होता है यानी वे दूध ठीक से नहीं पचा पाते। इससे भी डायरिया हो सकता है। इसके अलावा, कभी-कभी नई चीज खाने पर या ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं लेने पर भी दस्त हो सकते हैं। बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होती है, इसलिए वे जल्दी बीमार पड़ सकते हैं।

### डायरिया होने पर सबसे ज़रूरी है - पानी और नमक की पूर्ति

जब बच्चा डायरिया से पीड़ित होता है तो उसके शरीर से बहुत सारा पानी, नमक और जरूरी तत्व (इलेक्ट्रोलाइट्स) बाहर निकल जाते हैं। इस स्थिति में सबसे जरूरी है कि बच्चे को ओआरएस (ह्रऋ) का घोल पिलाया जाए। हर बार दस्त के बाद ह्रऋ देना चाहिए, ताकि शरीर में पानी और नमक की कमी न हो। छोटे बच्चों को माँ का दूध जरूर देते रहें, क्योंकि यह पोषण भी देता है और डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

### क्या खाना दें?

बच्चे को हल्का और आसानी से पचने वाला खाना देना चाहिए, जैसे :

खिचड़ी
दाल-चावल
केला
सेब की चटनी
दही

भारी, तली-भुनी चीजें या दूध जैसी चीजों से परहेज करें।

अगर बच्चा खाना नहीं चाहता तब भी उसे थोड़ा-थोड़ा खाते रहने को कहें। साथ में खूब सारा साफ पानी, नारियल पानी या नींबू पानी पिलाएं।

साफ-सफाई है सबसे जरूरी

डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

बच्चों को खाने से पहले और टॉयलेट के बाद हाथ धोने की आदत डालें।
बोतल, बर्तन और खिलौने रोज साफ करें
साफ और उबला हुआ पानी पिलाएं
बाहर का खाना देने से बचें

खुले में खेलने के बाद भी हाथ जरूर धुलवाएं। साफ-सफाई और सतर्कता से डायरिया से बचा जा सकता है।

### नवजात और छोटे बच्चों में डायरिया - ज्यादा खतरा

अगर बच्चा 6 महीने से छोटा है, और उसे दस्त हो जाएं, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। इतने छोटे बच्चों में डिहाइड्रेशन बहुत जल्दी हो सकता है और उनका शरीर इसे सह नहीं पाता। समय पर इलाज न मिलने से कमजोरी, वजन कम होना, कुपोषण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अगर बच्चे को 24 घंटे से ज्यादा दस्त हों, तो देरी न करें।

कब डॉक्टर से तुरंत मिलना चाहिए?

अगर बच्चा बहुत सुस्त हो जाए, आंखें धंसी हुई लगें, पेशाब कम आए, बार-बार उल्टी हो, खून के साथ दस्त हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डिहाइड्रेशन बढ़ने पर बच्चे को अस्पताल में भर्ती भी करना पड़ सकता है। डायरिया को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, खासकर छोटे बच्चों में। सही समय पर ओआरएस देना, हल्का खाना, साफ पानी और साफ-सफाई से न केवल इलाज किया जा सकता है, बल्कि इसे रोका भी जा सकता है। सावधानी और सही देखभाल से आपका बच्चा जल्दी ठीक हो सकता है।



# भारतीय महिला टीम विश्वकप 2025 की प्रबल दावेदार: रीमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं और इसी बीच पूर्व ऑलराउंडर रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अब तक की सबसे मजबूत टीम करार दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा और हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना अभियान गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से शुरू करेगी। रीमा का मानना है कि इस टीम में अनुभव और युवाओं का ऐसा संतुलन है, जो घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने का दमखम रखता है। उन्होंने कहा कि इस बार हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे युवा चेहरे भी टीम को मजबूती दे रहे हैं।

चर्चा का बड़ा विषय शेफाली वर्मा का टीम से बाहर होना रहा, लेकिन रीमा ने दिल्ली की बल्लेबाज प्रतिका रावल को शामिल किए जाने को सही बताया। प्रतिका ने 14 वनडे में 754 रन बनाए हैं और उनके प्रदर्शन में निरंतरता साफ दिखाई देती है। इसके उलट शेफाली के आंकड़े इस फॉर्मेट में औसत ही रहे हैं। रीमा ने कहा कि चयनकर्ताओं ने इस बार बड़े नाम के बजाय भरोसेमंद प्रदर्शन को तरजीह दी है, जो टीम के हित में है।

बल्लेबाजी को हमेशा से भारत की ताकत माना गया है, लेकिन इस बार गेंदबाजी भी टीम की असली पहचान बन सकती है। रेणुका ठाकुर, अमनजोत और अरुंधति रेड्डी तेज गेंदबाजी विभाग को संतुलित कर रही हैं, जबकि स्पिन में दीप्ति शर्मा, राधा यादव और स्नेह राणा का अनुभव और हुनर बड़ा हथियार साबित हो सकता है। रीमा ने कहा कि खासकर स्नेह राणा सफेद गेंद क्रिकेट में परिपक्व हो चुकी हैं और वनडे फॉर्मेट में उनकी उपयोगिता बहुत बढ़ गई है।

भारत महिला टीम विश्व कप के इतिहास में दो बार फाइनल में पहुंची है लेकिन खिताब जीतने का गौरव प्राप्त नहीं हुआ हैं। 2005 में ऑस्ट्रेलिया और 2017 में इंग्लैंड ने भारत को फाइनल में मात दी थी। रीमा का कहना है कि यह टीम उन पिछली असफलताओं से अलग है और इस बार आत्मविश्वास से भरी हुई है। हाल ही में श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन टीम की तैयारी का सबूत है। उन्होंने माना कि हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन निर्णायक होगा क्योंकि वह दबाव में बेहतर




खेलती हैं और टीम को बड़ी जीत दिला सकती हैं। जेमिमा रोड्रिग्स के पांचवें नंबर पर खेलने से बल्लेबाजी में गहराई आई है, जबकि अमनजोत और अरुंधति ने पूजा वस्त्राकर की चोट से बनी कमी को पूरा किया है। रीमा का मानना है कि कागजों पर यह टीम सबसे मजबूत है और घरेलू समर्थन के साथ इस बार भारत खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है।

# रोहित-विराट 2027 वनडे विश्व कप तक खेलें तो भारतीय क्रिकेट को होगा फायदा : रॉस टेलर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं में अब न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर की भी एन्ट्री हो गई हैं रॉस टेलर ने रोहित और विराट को लेकर बड़ा बयान दिया है। टेलर का मानना है कि ये दोनों खिलाड़ियों को वनडे प्रारूप में खेलते रहना चाहिए और अगर वे 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रहते हैं, तो यह भारतीय क्रिकेट और विश्व क्रिकेट दोनों के लिए बेहद अहम होगा।

गौरतलब है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। हालांकि, दोनों ने वनडे प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा जाहिर की है। अक्टूबर में वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी मैदान पर खेलते नजर आ सकते हैं। इसके लिए दोनों ने अपनी फिटनेस और लय वापस पाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। नोएडा में आयोजित चैम्पियंस लीग टी-10 ट्रॉफी के दौरान रॉस टेलर ने कहा, 'अच्छा, आप विराट और रोहित को ही देख लीजिए, वे अब भी फिट हैं और रन बना रहे हैं। इतना क्रिकेट खेलना उनके शरीर के लिए थकाऊ जरूर है, क्योंकि वे दोनों पैरेंट्स भी हैं और लंबे समय तक घर और बच्चों से दूर रहते हैं। लेकिन दुनिया उन्हें मैदान पर देखना चाहती है। विश्व क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट के नजरिए से उम्मीद है कि वे दोनों 2027 तक खेलते रहेंगे।'

टेलर ने विराट कोहली के करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कोहली को शुरुआती दिनों से ही बढ़ते हुए देखा है। टेलर ने कहा, ÷जब विराट 18-19 साल का था तो थोड़ा मोटा था। उस समय कैमरन व्हाइट ने कहा था कि यह लड़का वर्ल्ड क्लास बनेगा। आज वह शानदार खिलाड़ी बन चुका है। वह न केवल आरसीबी के लिए वफादार रहा है, बल्कि भारतीय क्रिकेट और विश्व क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है। आरसीबी का आईपीएल खिताब जीतना और आखिरकार ट्रॉफी उठाना भी उसके करियर का अहम पल है।÷ टेलर का यह बयान उस समय आया है जब भारतीय क्रिकेट में लगातार यह बहस छिड़ी हुई है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को अब धीरे-धीरे युवा खिलाड़ियों को जगह देनी चाहिए या 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रहना चाहिए। टेलर की राय से यह साफ है कि वह अनुभव और क्लास को लंबे समय तक भारतीय टीम में देखने के पक्षधर हैं।

# रोहित-विराट के फेयरवेल मैच की बातें करना निरर्थक है : राजीव शुक्ला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के रिटायरमेंट को लेकर चल रही अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि दोनों खिलाड़ी अभी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए फेयरवेल मैच की बातें करना निरर्थक है। गौरतलब है कि रोहित और विराट पहले ही टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऐसे में 38 वर्षीय रोहित और 36 वर्षीय विराट के भविष्य पर लगातार चर्चाएं हो रही थीं। कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक कहा गया कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप टीम प्रबंधन की योजनाओं में दोनों का नाम शामिल नहीं है और ऑस्ट्रेलिया दौरा दोनों के लिए विदाई सीरीज साबित हो सकता है।



यूपी टी20 लीग द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में जब शुक्ला से सवाल पूछा गया कि क्या रोहित और विराट को सचिन तेंदुलकर जैसा फेयरवेल मिलेगा, तो उन्होंने जवाब दिया, 'वे रिटायर कहां हुए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे खेल रहे हैं। जब रिटायर नहीं हुए तो फेयरवेल की बात क्यों हो रही है। उन्होंने केवल दो फॉर्मेट से संन्यास लिया है। लेकिन वे अभी भी वनडे खेल रहे हैं, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है।'

शुक्ला ने बीसीसीआई की नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि बोर्ड कभी किसी खिलाड़ी को रिटायर होने के लिए बाध्य नहीं करता, यह पूरी तरह व्यक्तिगत निर्णय होता है। इंटरव्यू के दौरान फैंस की ओर से यह मांग भी रखी गई कि जब भी दोनों दिग्गज वनडे क्रिकेट से संन्यास लें तो उन्हें शानदार फेयरवेल दिया जाए। इस पर शुक्ला ने कहा, 'जब वो समय आएगा तो देखेंगे। अभी से विदाई की बातें करने की जरूरत नहीं है। विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में हैं और काफी फिट हैं। रोहित शर्मा भी अच्छा खेल रहे हैं। ऐसे में विदाई को लेकर अभी चिंता करना जल्दबाजी है।'

रोहित और विराट ने आखिरी वनडे मैच मार्च 2025 में खेला था, जब भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला था। अब भारतीय टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। ऐसे में यह दोनों सीनियर खिलाड़ी एक बार फिर से मैदान पर नजर आएंगे और टीम प्रबंधन उनके अनुभव का पूरा फायदा उठाना चाहेगा।

# एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल, दलीप ट्रॉफी से बाहर

**मैके (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया टेस्ट टीम के कप्तान और युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल एशिया कप 2025 से पहले बीमार पड़ गए हैं। उनकी तबीयत ठीक न होने के कारण वे दलीप ट्रॉफी से हट गए हैं। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गिल नॉर्थ जोन की कप्तानी करने वाले थे। लेकिन अब उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान अंकित कुमार टीम की बागडोर संभालेंगे। गिल को टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है और बोर्ड के लिए उनकी फिटनेस सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के फिजियो ने हाल ही में गिल की जांच की और बीसीसीआई को हेल्थ रिपोर्ट सौंप दी। वर्तमान में वह चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर आराम कर रहे हैं। चयन समिति और बोर्ड के अधिकारियों ने गिल की उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सूत्रों ने



इस बात की पुष्टि की हैं कि गिल दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वैसे भी वह पूरी प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध नहीं रहते क्योंकि एशिया कप की तैयारियों के चलते उन्हें टीम इंडिया से जुड़ना था। ऐसे में गिल केवल शुरुआती मैच के लिए ही उतर पाते।

गिल का हालिया फॉर्म की बात करें तो भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ी राहत रहा है। इंग्लैंड दौरे पर खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में उन्होंने 754 रन बनाए और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। यह उनके कप्तानी करियर की पहली टेस्ट सीरीज थी जिसमें उन्होंने भारत को 2-2 की बराबरी दिलाई और अपने नेतृत्व कौशल से सबको प्रभावित किया। उनकी अनुपस्थिति दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन के लिए जरूर झटका है, हालांकि चयनकर्ताओं ने पहले ही शुभम रोहिल्ला को बैकअप के रूप में शामिल किया था।

नॉर्थ जोन का पहला मुकाबला 28 अगस्त को ईस्ट जोन से होगा। वहीं, एशिया कप टीम का हिस्सा अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी केवल शुरुआती मैच के बाद टीम से अलग हो जाएंगे। दलीप ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गिल जैसे बड़े खिलाड़ी का न खेलना निश्चित रूप से निराशाजनक है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए उनका पूरी तरह फिट होना कहीं ज्यादा जरूरी है। एशिया कप 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहा है और भारतीय टीम को गिल की बल्लेबाजी और उनकी नेतृत्व क्षमता दोनों की सख्त जरूरत होगी। फिलहाल सभी की निगाहें उनके स्वास्थ्य और एशिया कप से पहले उनकी फिटनेस पर टिकी हैं।

# रिंकू सिंह ने बैट विवाद पर तोड़ी चुप्पी, एशिया कप में चमकने को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स और भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल 2024 के दौरान वायरल हुए उस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें वह विराट कोहली से बैट मांगते नजर आए थे। कोहली ने उन्हें जो बल्ला दिया था, वह टूट गया और इसके बाद रिंकू दोबारा नया बैट मांगते दिखे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था और रिंकू काफी सुर्खियों में आ गए थे। अब मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू ने इस पूरे मामले को लेकर खुलासा किया है।

27 वर्षीय रिंकू इन दिनों यूपी टी20 लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में मुस्कुराते हुए कहा कि बैट वाले मामले में वह थोड़ा ज्यादा बदनाम हो गए थे। उन्होंने बताया कि वह सामान्य तौर पर विराट कोहली से मिलने जाते थे और बैट भी मांग लेते थे, लेकिन कैमरे में कैद होने से मामला ज्यादा फैल गया। उन्होंने कहा कि यह चीज उनके लिए और कोहली दोनों के लिए ठीक नहीं रही। रिंकू ने आगे बताया कि इस बार यानी आईपीएल 2025 में उन्होंने कोहली से बैट नहीं लिया बल्कि एमएस धोनी और रोहित शर्मा से बल्ला लिया, जो उनके लिए बड़ी बात है।



रिंकू ने कहा कि बड़े खिलाड़ियों का बैट पाना उनके करियर के लिए बेहद खास है। वह इसे एक यादगार पल मानते हैं। वहीं, उन्होंने एशिया कप 2025 में जगह मिलने पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए बड़ा मौका है। पिछले साल वह वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने से चूक गए थे और सिर्फ स्टैंडबाय खिलाड़ी थे।

## इस बार एशिया कप की प्रबल दावेदार है श्रीलंका : थिसारा परेरा

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर थिसारा परेरा ने कहा है कि इस बार उनकी टीम एशिया कप में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। यूएई में 9 सितंबर से होने वाले एशिया कप में श्रीलंकाई टीम को ग्रुप-बी में रखा गया है। परेरा ने कहा, मुझे लगता है कि इस समय श्रीलंकाई टीम काफी संतुलित है उसके पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है। इससे उम्मीद है कि वह बेहतर प्रदर्शन करेगी। मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं कि वह अपने देश के लिए अपना सौ फीसदी योगदान दें। मुझे लगता है कि हमारे पास आज जो टीम है वह किसी भी विरोधी टीम को टक्कर दे सकती है। एशिया कप में श्रीलंका को ग्रुप-बी में रखा गया है। इस ग्रुप में श्रीलंका के साथ बांग्लादेश, हांगकांग और अफगानिस्तान जैसी टीमें भी हैं।

# एशिया कप टीम के लिए श्रेयस अय्यर का टीम से बाहर होना अनुचित : दिनेश कार्तिक

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यूएई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया। हालांकि, इस टीम में श्रेयस अय्यर का नाम शामिल न होने पर कई दिग्गज खिलाड़ियों ने हैरानी जताई है। इसी तारतम्य में पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने इसे अनुचित बताते हुए चयनकर्ताओं से सवाल किया है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'श्रेयस अय्यर कहां हैं? ये बड़ा सवाल है। वह कैसे बाहर हो सकता है? टीम ने पिछले 20 में से 17 मैच जीते हैं, ठीक है, लेकिन उन्हें 15 खिलाड़ियों में जगह न देना, यहां तक कि स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल न करना सही नहीं है। क्या इसका मतलब है कि टी20 विश्व कप को देखते हुए उनके लिए दरवाजे बंद हो चुके हैं? यह अनुचित होगा।' इससे पहले भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अय्यर को टीम से बाहर करने के फैसले की आलोचना की थी। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह संकेत है कि भविष्य में टी20 प्रारूप में अय्यर के लिए जगह सीमित हो सकती है। श्रेयस अय्यर ने हाल ही में पंजाब किंग्स के कप्तान के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया और टीम को 2014 के बाद पहली बार फाइनल तक पहुंचाया। हालांकि, निर्णायक मुकाबले में पंजाब को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दिनेश कार्तिक ने अय्यर की कप्तानी और दबाव में बेहतर बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि चयनकर्ताओं को उन्हें पूरी तरह नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए था। उन्होंने उम्मीद जताई कि अय्यर के लिए दरवाजे अभी भी खुले रहेंगे।



# सीपीएल 2025: टी20 में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने ताहिर

**गुयाना (एजेंसी)।** सीपीएल 2025 में शनिवार को गुयाना अमेजन वॉरियर्स और एंटीगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस के बीच खेले गए एक मुकाबले में अनुभवी स्पिनर और कप्तान इमरान ताहिर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए नया इतिहास रच दिया। ताहिर की घातक स्पेल की बदौलत गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने मुकाबले में जीत दर्ज की, वहीं ताहिर टी20 क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए। मैच में इमरान ताहिर ने अपने चार ओवर के स्पेल में एक मेडन डालते हुए मात्र 22 रन देकर पांच विकेट झटके। इससे पहले यह रिकॉर्ड मलावी के मोअज्जम अली बेग के नाम था, जिन्होंने सितंबर 2004 में कैमरून के खिलाफ 22 रन देकर पांच विकेट लिए थे। ताहिर ने इस उपलब्धि को हासिल कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

इतना ही नहीं, ताहिर अब टी20 क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट लेने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 46 साल 149 दिन की उम्र में हासिल की। उनसे आगे केवल कुक आइलैंड के तोमाकानुटे रीतावा हैं, जिन्होंने 2022 में फीजी के खिलाफ 46 साल 299 दिन की उम्र में पांच विकेट लिए थे। इमरान ताहिर का टी20 करियर बेहद शानदार रहा है। 2006 से अब तक वे अंतरराष्ट्रीय और लीग क्रिकेट मिलाकर 436 टी20 मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 419 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 554 विकेट हासिल किए हैं। इस आंकड़े के साथ वे टी20 इतिहास के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। उनसे आगे राशिद खान, ड्वेन ब्रावो और सुनील नरेन का नाम आता है।

ताहिर के नाम टी20 में एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा अब तक पांच बार दर्ज है। इस मामले में वे शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार और शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची में सबसे ऊपर डेविड वीजा हैं, जिन्होंने सात बार यह कारनाम कर दिखाया है। पाकिस्तान मूल के इमरान ताहिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए उन्होंने 20 टेस्ट में 57, 107 वनडे में 173 और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 63 विकेट लिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी ताहिर का जादू लीग क्रिकेट में बरकरार है और उनका अनुभव आज भी टीमों के लिए जीत की कुंजी साबित हो रहा है।




# इंडिया-ए की राघवी और जोशीथा ने खेली धुंआधर पारी, गेंदबाजों ने किया कमाल


**-टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट खोकर 158 रन बनाए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज राघवी बिष्ट ने 93 रन की पारी खेली, जबकि निचले क्रम की बल्लेबाज वीजे जोशीथा (51) ने अंत में शानदार अर्धशतक लगाया, जिससे इंडिया-ए ने शुक्रवार को एकमात्र महिला अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ पहली पारी में 299 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। इसके बाद इंडिया-ए ने दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया-ए के 158 रन तक पांच विकेट गिरा दिए थे। इंडिया-ए की टीम बारिश के कारण पहले दिन पांच विकेट पर 93 रन बनाकर मुश्किल में पड़ गई थी, लेकिन बिष्ट ने 26 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए राधा यादव के 33 रन के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी की। इसके बाद उन्होंने मीनू मणि के साथ 28 रन के साथ 75 रन की साझेदारी कर भारत को उबारा। निचले बल्लेबाजों के साथ शानदार बल्लेबाजी करने वाली बिष्ट ने 153 गेंद की अपनी पारी में 16 चौके लगाए, लेकिन शतक बनाने से महज सात रन से चूक गईं।

मध्यम गति की गेंदबाज मैटलन ब्राउन ने 63वें ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया। मणि को भी जल्द ही ब्राउन ने पवेलियन भेज दिया, लेकिन जोशीथा और टिटास साधु (23) ने हार नहीं मानी और नौवें विकेट के लिए 75 रन की अहम साझेदारी करके इंडिया-ए को 300 रन के करीब पहुंचाया। ऑफ स्पिनर लिली मिल्स ने जोशीथा को बोल्ड किया। इस भारतीय बल्लेबाज ने 72 गेंद की पारी में सात चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए मध्यम गति की गेंदबाज जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 37 रन देकर और ब्राउन ने 65 रन देकर तीन तीन विकेट झटके।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया-ए टीम 43 ओवर में 158 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। भारत-ए के लिए मध्यम गति की गेंदबाज साइमा ठाकोर ने 21 रन देकर दो विकेट और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने 40 रन देकर दो विकेट लिए जबकि साधु ने 27 रन देकर एक विकेट झटका। कप्तान तहलिला विल्सन ने 49 रन बनाए और रशेल ट्रेनमैन (21) के साथ पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। स्टंप उखड़ने तक विकेटकीपर निकोल फाल्टम 30 और सियाना जिंजर 24 रन बनाकर क्रीज पर जमी हुई थीं।

# भारत में पहली बार मेसी की कप्तानी में खेलेगी अर्जेंटीना टीम



तिरुवनंतपुरम। भारत में अब फुटबॉल का बुखार चढ़ने वाला है, क्योंकि दुनिया के सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार लियोनेल मेसी की अगुआई में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम इस साल नवंबर में भारत का दौरा करेगी। यह टीम केरल में एक दोस्ताना मैच खेलने आ रही है। इस ऐतिहासिक पल की आधिकारिक जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने ईमेल के जरिए इस दौरे की पुष्टि कर दी है। मेसी के भारत आने की खबर के बाद फुटबॉल प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, खासकर केरल में, जहां दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल और अर्जेंटीना टीम के लिए गहरी दीवानगी है। यहां मेसी की लोकप्रियता बेहद ज्यादा है और अब राज्य उस ऐतिहासिक क्षण की तैयारियों में जुट गया है, जिसे प्रशंसक अपने 'सपनों के सच होने' जैसा मान रहे हैं। 2022 में फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खासतौर पर केरल के फुटबॉल फैंस को धन्यवाद भी दिया था। अब इस दोस्ताना मुकाबले की तैयारियां भी तेज हो चुकी हैं। केरल फुटबॉल संघ (केएफए) और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मिलकर आयोजन स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। संभावना जताई जा रही है कि यह मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच अर्जेंटीना के लिए 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले की तैयारी का हिस्सा होगा। उम्मीद है कि मेसी टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि टीम की अंतिम सूची की घोषणा मुकाबले की तारीख नजदीक आने पर ही की जाएगी। राज्य सरकार सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आतिथ्य सत्कार को लेकर विशेष इंतजाम करने की योजना बना रही है। पर्यटन विभाग का मानना है कि मेसी के भारत दौरे से केरल की अंतरराष्ट्रीय पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी और देश-दुनिया से प्रशंसक व पर्यटक यहां आकर्षित होंगे। केरल सरकार ने इस दोस्ताना मैच के लिए विशेष रूप से अर्जेंटीना टीम को आमंत्रण भेजा था और अब यह आयोजन राज्य के लिए गौरव और ऐतिहासिक अवसर बन गया है।

## दबंग दिल्ली के कप्तान बने रहेंगे आशु मलिक

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग का 12 सत्र इस माह 29 अगस्त से शुरु होने जा रहा है। इस सत्र के लिए दबंग दिल्ली केसी ने आशु मलिक को अपनी टीम का कप्तान बनाये रखा है। दबंग दिल्ली के अनुसार मलिक का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है और हर सत्र के साथ ही उनकी कप्तानी में भी निखार आया है। उनके जुझारु रवैये से प्रभावित होकर ही उन्हें एक बार फिर कप्तानी सौंपी गयी है। ही मलिक ने पिछले साल काफी अच्छा शानदार प्रदर्शन किया था। बतौर खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर इस खिलाड़ी ने टीम की ओर से महत्तपूर्ण भूमिका निभाई थी। दिल्ली केसी के मुख्य कार्यकारी ने कहा कि से सत्र सीजन हमारे लिए काफी विशेष है। हम लगातार 6 प्लेऑफ प्रदर्शनों से आगे बढ़ते हुए एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करना चाहते हैं। इसके लिए हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही मजबूत नेतृत्व की भी आवश्यकता है जिसमें मलिक पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने लचीलापन, परिपक्वता और टीम को प्रेरित करने की क्षमता दिखाई है। उनके नेतृत्व में हमें ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा है। वहीं कोच जोगिंदर नरवाल ने कहा कि कप्तान लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और एक मजबूत नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। मुझे भरोसा है कि इस साल फिर से टीम का मार्गदर्शन करेंगे। हमारा लक्ष्य प्लेऑफ से आगे बढ़ते हुए खिताब के लिए बढ़ना है।




# पूर्व ओपनर सदागोपन रमेश का गौतम गंभीर पर निशाना, लगाए पक्षपात के आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में गौतम गंभीर की नियुक्ति के बाद से ही लगातार टीम इंडिया में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज स्तंभ रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद गंभीर की नीतियों को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। जहां कुछ लोग उनके फैसलों का समर्थन करते हैं, वहीं कई पूर्व खिलाड़ी उनके कामकाज पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में टीम इंडिया के पूर्व ओपनर सदागोपन रमेश का नाम भी जुड़ गया है।

रमेश ने अपने यूट्यूब चैनल पर गौतम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं जो उन्हें पसंद हैं। उन्होंने कहा, 'गौतम गंभीर जिन खिलाड़ियों को पसंद करते हैं, उनका समर्थन करते हैं और जिन्हें पसंद नहीं करते, उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर देते हैं।'' रमेश ने यह भी जोड़ा कि इस तरह का रवैया टीम संतुलन और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए सही नहीं है।

हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। इस परिणाम को लेकर रमेश की अलग राय है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में ड्रॉ सीरीज को बड़ी उपलब्धि की तरह दिखाया जा रहा है, लेकिन असल में यह इसलिए खास लग रही है क्योंकि पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में हमारा प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। विदेशी धरती पर जीत की शुरुआत पहले ही विराट कोहली और रवि शास्त्री के समय हो चुकी थी। ऐसे में ड्रॉ सीरीज को गंभीर के ट्रैक रिकॉर्ड में उपलब्धि के रूप में गिनना सही नहीं है।'

रमेश ने टीम चयन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एशिया कप 2025 के लिए श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया जाना चाहिए था। रमेश के अनुसार, 'श्रेयस अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन गंभीर उनका समर्थन नहीं कर रहे हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी, जो टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं, उन्हें सभी फॉर्मेट में मौका मिलना चाहिए। उन्हें सिर्फ स्टैंडबाय में रखना एक गलत कदम है।'

गंभीर की कोचिंग पर उठे ये सवाल टीम इंडिया के मौजूदा माहौल और चयन नीतियों पर




गहरी बहस छेड़ सकते हैं। जहां एक ओर गंभीर के समर्थक उन्हें टीम में नए प्रयोग और आक्रामक सोच लाने वाला मानते हैं, वहीं आलोचकों का कहना है कि उनके फैसले कई बार पक्षपात से प्रभावित नजर आते हैं।

## कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल

कोल्हापुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल हुए है। यह घटना सिद्धार्थनगर इलाके में हुई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब राजेबगस्वर फुटबॉल क्लब की 31वीं सालगिरह मनाने के लिए आयोजन हुआ था। इसके लिए बैनर, पोस्टर्स और साउंड सिस्टम लगाए गए थे। इन चीजों ने स्थानीय लोगों में गुस्सा भर दिया। लोगों का आरोप था कि इन चीजों से परेशानी हो रही है। जब स्थानीय लोगों ने आयोजन का विरोध किया, तब झगड़ा बढ़ गया। रात 10 बजे तक, दोनों तरफ से भारी संख्या में पथराव हुआ। दो कारों को आग लगा दी गई, जबकि ऑटो और खड़ी कारों सहित लगभग आठ से नौ वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि पत्थरों से गाड़ियों के शीशे टूट गए थे और मलबा अंदर बिखरा हुआ था। हंगामे के दौरान सड़क किनारे का पार्किंग क्षेत्र पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झड़प दोनों समूहों के बीच एक गलतफहमी का परिणाम थी। एसपी कोल्हापुर ने लोगों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि अफवाहों पर ध्यान न दें। हालात ठीक हैं। यह घटना अचानक हुई। उन्होंने दोनों समूहों के नेताओं ने भी अनुरोध किया है कि ऐसा कोई संदेश न फैलाया जाए। मैं उन सभी से अनुरोध करता हूं कि वे अफवाहों से प्रभावित न हों। फिलहाल मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर सरकार ने जमात-ए-इस्लामी से जुड़े 215 स्कूलों का प्रबंधन अपने हाथों में लिया

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर सरकार ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी से जुड़े 215 स्कूलों का प्रबंधन अपने हाथों में लिया है। उमर अब्बदुला सरकार ने कहा कि यह निर्णय हज़ारों छात्रों की शिक्षा की सुरक्षा के लिए लिया है, क्योंकि 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जमात पर प्रतिबंध लगाने के बाद स्कूल प्रबंधन समितियों के अभाव में इन स्कूलों का पंजीकरण रद्द हो रहा था। उमर सरकार द्वारा जारी एक आदेश में जलि मजिस्ट्रेटों को इन स्कूलों का प्रबंधन अपने हाथ में लेने के लिए अधिकृत किया गया है। कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि हज़ारों छात्रों की शिक्षा की सुरक्षा के लिए ऐसा किया है। मैंने इन स्कूलों का प्रबंधन करीबी सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों द्वारा करने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बताया कि जमात पर प्रतिबंध के बाद करीब 300 स्कूल जाँच के दायरे में हैं। खुफिया एजेंसियों की जाँच के आधार पर, 50 स्कूलों को क्लीन चिट दे दी गई है। हालाँकि, 215 स्कूलों की प्रबंधन समितियों के खिलाफ प्रतिकूल रिपोर्ट मिली हैं।

## लॉरेंस के करीबी गैंगस्टर मयंक को अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर देश लाई पुलिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का गैंगस्टर मयंक सिंह, जिस पर 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, अजरबैजान से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गैंगस्टर मयंक को अजरबैजान के बाकू से वापस लाया है। मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा पर झारखंड, राजस्थान, पंजाब और अन्य राज्यों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। एटीएस एसपी ऋषव कुमार झा के अनुसार, यह झारखंड पुलिस के इतिहास में पहला सफल प्रत्यर्पण है। आपराधिक गतिविधियों के कारण मयंक भारत से भाग गया था, लेकिन वह व्यापारियों को धमकाने और जबरन वसूली का धंधा चलाता रहा। इसकारण हमारी जांच एजेंसियों के एक्शन के बाद इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस सूची में डाल दिया गया था और अक्टूबर 2024 में मयंक को अजरबैजान में गिरफ्तार किया गया। पुलिस का मानना है कि मयंक के गैंगस्टर अमन साहू से करीबी संबंध हैं और वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के साथ भी जुड़ा रहा है। इन संबंधों की वजह से गिरोहों को अलग-अलग राज्यों में अपने अभियानों को चलाने में मदद मिलती थी। पुलिस ने 2024 में अमन साहू गिरोह के चार शूटरों को भी गिरफ्तार किया था। ऐसा माना जाता है कि ये शूटर मयंक सिंह के इशारे पर बिश्नोई और साहू गिरोहों के लिए काम करते थे और अपनी पहचान छुपाने के लिए कोडनेम का इस्तेमाल करते थे।

## देश के हर 10 में 4 सीएम के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज, शीर्ष पर रेवंत रेड्डी, दूसरे नंबर पर स्टालिन

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के हर 10 में 4 मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश के 40 फीसदी मुख्यमंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण में राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 30 वर्तमान मुख्यमंत्रियों के स्व-शपथ पत्रों पर गहन अध्ययन किया है। इसमें पाया गया कि 12 मुख्यमंत्रियों (40 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश में 10 मुख्यमंत्रियों के खिलाफ (33 प्रतिशत) हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी जैसे गंभीर अपराधों का आरोप है। इसमें कांग्रेस शासित तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी 89 मामलों के साथ सबसे ऊपर हैं। दूसरे नंबर पर तमिलनाडु के एम के स्टालिन हैं जिनके खिलाफ 47 मामले दर्ज हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ 19 मामले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 13 मामले और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ 5 मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने चार-चार मामले घोषित हैं। वहीं, केरल के पिनाराई विजयन ने दो और पंजाब के भगवंत मान ने एक मामले की घोषणा की है। यह निष्कर्ष तब सामने आया है, जब राजनीतिक रूप से काफी गरमागरम माहौल है। मोदी सरकार ने हाल ही में संसद में तीन विधेयक पेश किए हैं। इसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को स्वत: पद से हटाने की बात कही गई है। इसके बाद यदि वे कम से कम पांच साल की जेल की सजा वाले आरोपों में 30 दिन या उससे अधिक समय तक हिरासत में रहते हैं, तब उन्हें पद से हटाया जा सकेगा।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव को देश की प्रगति और विकास के लिए जरुरी, अब हर देशवासी ये मान रहा: चौहान




नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली, (ईएमएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को देश की प्रगति और विकास के लिए जरुरी बताकर इसका समर्थन किया है। उनका कहना है कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी करते हैं, जिससे देश में चल रहे विकास कार्य बाधित होते हैं।

उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव की परिस्थिति को देश के विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि आज एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए सभी वर्ग सामने आ रहे हैं। सभी का मानना है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश का विकास तेज गति से होगा। बार-बार चुनाव को लेकर जो झगड़े होते हैं, वे समाप्त हो जाएंगे और विकास के कामों को गति मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव राष्ट्रहित में है और इस भारत के करोड़ देशवासी भी मान रहे हैं।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि चुनावों के दौरान कलेक्टर सभी को ड्यूटी देते हैं, सब चुनाव आयोग के अधीन आते हैं, शिक्षक, इंस्पेक्टर, सब मतदाता सूची तैयार करने में व्यस्त होते हैं। जब हर 5 साल में एक बार चुनाव होने पर, तब मतदाता सूची एक ही बार बनेगी, जिससे मतदाता सूची पर विवाद खत्म हो जाएगा। हर 4 महीने में चुनाव होने के कारण, अनुमान है कि 5 साल में इन चुनावों पर 4.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुए हैं और यह लगातार बढ़ रहा है। यह 7 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि यह करदाताओं का पैसा है। इसीलिए, एक राष्ट्र, एक चुनाव देशहित में है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए दर्ज एफआईआर पर जोरदार पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देशवासियों के दिलों में बसते हैं और लोग उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने तेजस्वी के बयान को निंदनीय करार देकर कहा कि ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियां उचित नहीं है।

## 27 अगस्त तक महाराष्ट्र समेत देश भर में भारी बारिश की चेतावनी

मुंबई (एजेंसी)। सप्ताह की शुरुआत में मुंबई समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हुई थी। उसके बाद, मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि गणेशोत्सव के दौरान कुछ दिन के लिए रुकी बारिश फिर से सक्रिय हो जाएगी। अगले 7 दिनों तक कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है, जबकि 25 और 26 अगस्त को कोंकण में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, अगले 5 दिनों तक गुजरात तट पर तेज़ हवाएँ (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 25 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के साथ-साथ उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पास एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 24 अगस्त से पूर्वी भारत और आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही, अगले 7 दिनों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 26 और 27 अगस्त को विदर्भ में, 22 और 26 अगस्त के बीच ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल में, 22 अगस्त को पश्चिमी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल में, 22 और 23 अगस्त को झारखंड, बिहार में, 25 और 26 अगस्त को ओडिशा में और 25 और 27 अगस्त के बीच छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की संभावना है। 26 और 27 अगस्त को तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में, 25 और 26 अगस्त को तटीय केरल और तटीय आंध्र प्रदेश में भारी वर्षा होने की संभावना है। अगले 5 दिनों में तटीय तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## पाकिस्तान से क्रिकेट मैंच... सैनिकों के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अपमान

**-संजय राउत ने पीएम मोदी को खत लिखकर इसका विरोध किया**



नई दिल्ली (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का हवाला देकर भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप क्रिकेट मैच पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। राउत ने लिखा कि आंतकी हमले में मारे गए भारतीयों का खून अभी सूखा नहीं है और उनके परिवारों के आंसू अभी थमे नहीं हैं, इसके बाद भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना अमानवीय और असंवेदनशील कदम होगा।

राउत ने पत्र में कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैचों को हरी झंडी देने की खबर भारतवासियों के लिए बेहद दुखद है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बिना यह संभव नहीं होता। मैं आपके समक्ष देशभक्त नागरिकों की भावनाएं व्यक्त कर रहा हूं।

राउत ने कहा कि आप कहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। अगर पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष जारी है, तब हम क्रिकेट कैसे खेल सकते हैं?

क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर हम पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलते हैं तब कारोबार बंद कर दिया जाएगा। आपने कहा था कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। अब, क्या खून और क्रिकेट साथ-साथ बहेंगे? पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में बड़े पैमाने पर सट्टेबाजी और ऑनलाइन जुआ खेला जाता है, जिसमें कथित तौर पर कई भाजपा सदस्य शामिल हैं। गुजरात के एक प्रमुख व्यक्ति, जय शाह, वर्तमान में क्रिकेट मामलों की कमान संभाल रहे हैं। क्या इसमें भाजपा को कोई खास वित्तीय लाभ होता है? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना न केवल हमारे सैनिकों के शौर्य का अपमान है, बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कश्मीर के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रत्येक शहीद का भी अपमान है।

# तीन राज्यों में घटनाएं अलग-अलग लेकिन खौफ एक जैसा कुत्तों का आतंक

**-यूपी में युवती का चेहरा नोंच, मप्र में बच्ची पर हमला, महाराष्ट्र में युवक घायल**



नई दिल्ली (एजेंसी)। सड़क पर निकलो तो आवारा कुत्तों का खौफ आपका पीछा करता है। देश के कई शहरों में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। तीन अलग-अलग राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और यूपी से सामने आए खौफनाक वीडियो से लोगों की रूह कंपा गई। कानपुर में एक बीबीए छात्रा के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े हैं, मध्यप्रदेश के खरगोन में 10 साल की मासूम पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और पुणे में एक युवक पर कुत्तों ने अटैक कर दिया। इन हमलों से लोगों में डर है।

कानपुर में लड़की का चेहरा बिगड़ा, खरगोन में बच्ची की जान जाते-जाते बची और पुणे में युवक लहूलुहान हो गया। सवाल यह है कि इसका ठोस समाधान क्या है? 20 अगस्त की दोपहर...कानपुर की 21 साल की वैष्णवी साहू, बीबीए फाइनल ईयर की छात्रा, रोज की तरह कॉलेज से घर जा रही थी। घर से कुछ ही कदम दूर पार्क के पास अचानक तीन आवारा कुत्ते उस पर झपटे। कुछ ही सेकंड में कुत्तों ने उसे सड़क पर गिरा दिया। उसके गाल का मांस नोचकर दो हिस्सों में कर दिया। नाक पर गहरी चोट और पूरे शरीर पर काटने के निशान...लड़की की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह कुत्तों को भगाकर छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों को उसके चेहरे पर 17 टांके लगाए। अब वैष्णवी न तो ठीक से खा पा रही है और न बोल पा रही है। उसका परिवार आज भी दहशत में है और प्रशासन से गुहार लगा रहा है कि कुछ कीजिए, वरना कल किसी और के साथ ऐसा हो सकता है।

वहीं मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के करही नगर परिषद का इलाका में शाम करीब 4-30 बजे 10 साल की मासूम बच्ची कुछ सामान लेकर लौट रही थी। तभी एक कुत्ता उसके पीछे लपका। डर के मारे बच्ची दौड़ी, लेकिन पैर फिसल गया और वह पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। एक के बाद एक कई कुत्ते उस पर टूट पड़े। बच्ची चीखती रही, हाथ-पांव मारती रही, तभी पास से गुजर रहे दो राहगीरों ने पत्थर मारकर कुत्तों को खदेड़ा। उनकी हिम्मत न होती तो शायद जिंदगी खतरे में पड़ जाती। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई और सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। गांव वालों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। उनका कहना है कि हर हफ्ते कोई न कोई बच्चा इन कुत्तों का शिकार हो रहा है, आखिर प्रशासन कब जागेगा?

वहीं महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवड़, पुणे में सुबह करीब 5 बजे एक युवक काम पर जा रहा था कि तभी सात कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया। कुत्तों ने उसके हाथ काट लिए और घसीटकर ले जाने की कोशिश की। युवक ने बचने के लिए फ्लेक्स बोर्ड और सड़क के किनारे खड़ी बाइक का सहारा लिया, लेकिन झुंड लगातार आक्रामक होता गया। सीसीटीवी कैमरे में कैद यह वीडियो इतना डरावना है कि देखने वालों की रूह कांप जाए। युवक तो किसी तरह बच गया, लेकिन इलाके के लोग अब सुबह घर से निकलने में भी डर रहे हैं। बुजुर्ग और बच्चे घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं।

## केरल इकाई के भाजपा उपाध्यक्ष के बयान से विवाद, जीतने के लिए जम्मू-कश्मीर से भी लोगों को लेकर आएंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। तिरुवनंतपुरम, (ईएमएस)। विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग पर उठाए जा रहे सवालों के बीच केरल इकाई के भाजपा उपाध्यक्ष ने नया दावा करके विवाद पैदा कर दिया है। बी.गोपालकृष्णन ने दावा किया कि बीते साल के लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों से मतदाताओं को त्रिशूर में स्थानांतरित किया था। गोपालकृष्णन ने भविष्य के चुनावों के लिए भी इसी नीति को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा, जिन निर्वाचन क्षेत्रों में हम जीतना चाहते हैं, वहां हम जम्मू-कश्मीर से भी लोगों को लेकर आएंगे। हम उन्हें एक साल के लिए बसाएंगे और यह सुनिश्चित करने वाले हैं, कि वे मतदान प्रक्रिया में भाग लें। इसमें कोई संदेह नहीं है, हम भविष्य में भी ऐसा जरूर करने वाले है। पत्रकारों ने पूछा की बाहर से आने वाले कई लोगों के मकान मालिकों का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है? इसका जवाब देकर गोपालकृष्णन ने कहा कि यह गलतफहमी केवल इक्का-दुक्का मामलों में सामने आई है। यह गंभीर मुद्दा नहीं है।

इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष ने दावा किया कि त्रिशूर में किसी भी प्रकार का फर्जी मतदान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, फर्जी मतदान का मतलब है, किसी मृत व्यक्ति के नाम पर मतदान करवाना या फिर एक व्यक्ति द्वारा दो बार मतदान करना। इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में यूडीएफ और एलडीएफ ने भाजपा को हराने के लिए कई क्षेत्रों में सांठगांठ की है। अगर उस व्यवहार में किसी को नैतिकता की चिंता नहीं है, तब हमारे इस दृष्टिकोण में भी हमें नैतिकता की कोई दुविधा नजर नहीं आती है।

गोपालकृष्णन के बयान के बाद जारी विवाद को स्पष्ट कर भाजपा के राज्य सचिव एम टी रमेश ने कहा कि कानून के तहत अगर भारत का कोई भी व्यक्ति किसी स्थान पर 6 महीने से अधिक समय तक रहता है, तब वह वहां की मतदाता सूची में पंजीकरण करा सकता है। उन्होंने कहा, त्रिशूर में केवल त्रिशूर के निवासियों का ही पंजीकरण किया गया है, फर्जी वोट माकपा और कांग्रेस ने डाले हैं।

दोनों नेताओं के बयानों के बाद राज्य में बवाल खड़ा हो गया है। केंद्र में पहले से ही चल रहे वोट चोरी के आरोपों के बीच बयान ने उन आरोपों को नई हवा दे दी है। बता दें त्रिशूर लोकसभा सीट पर 2024 में भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी जीतकर 74,682 वोटों से जीते थे।

## उपराष्ट्रपति का चुनाव कोई लड़ाई नहीं, बल्कि दो विचारधारा का टकराव: सुदर्शन रेड्डी

**-एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से कोई मतभेद नहीं**



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के दावेदार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उपराष्ट्रपति का चुनाव कोई लड़ाई नहीं, बल्कि दो विचारधारा का टकराव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे इस विचारधारा से असहमत हैं, न कि एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से कोई मतभेद है। इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रेड्डी ने कहा कि यह कोई लड़ाई नहीं, बल्कि विचारों का टकराव है...दूसरा पक्ष यह प्रचार कर रहा था कि यहाँ एक व्यक्ति है जो जीवन भर आरएसएस का पूर्ण सदस्य रहा है, इसलिए मैं उस विचारधारा से असहमत हूँ, राधाकृष्णन जी से नहीं।

रेड्डी ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन से उनका कोई निजी विरोध नहीं है। हम एक-दूसरे से कभी मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं दिल से चाहता था कि यह एक सभ्य मुकाबला हो, व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच। रेड्डी ने वैचारिक मतभेदों को उजागर कर कहा कि मुझे किसी विचारधारा को पसंद या नापसंद करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन जिस तरह से यह (आरएसएस) काम करता है, उससे मेरे गंभीर मतभेद हैं, क्योंकि मैं एक उदार संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यक्ति हूँ। मैं धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और बाबासाहेब की बंधुत्व की विचारधारा में विश्वास करता हूँ।

बातें कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। राकांपा (एससीपी) प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव, द्रमुक सांसद तिरुचि शिवा, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और गठबंधन के कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

# मोदी सरकार ने बदली रक्षा रणनीति....नया भारत दुश्मनों को घर में घुसकर मारता



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते 11 सालों में मोदी सरकार के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में भारत का नजरिया काफी बदल चुका है और भारत अब आक्रमक रणनीति अपना रहा हैं। इस बदलाव के पीछे स्पष्ट सोच, मजबूत प्रतिरोध और आत्मनिर्भरता से मिली ताकत है। मोदी सरकार ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होगा।

इस परिवर्तन ने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों से निपटने में ज्यादा आत्मविश्वास के साथ आधुनिक और सक्रिय नजरिया अपनाने का मौका दिया है। इसी कड़ी में भारत ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लिए लक्ष्मण रेखा खींच दी हैं। अगर अब दुश्मन ने कभी भी उन सीमाओं को लांघने की कोशिश करता हैं, तब दुश्मन को तबाही से कोई नहीं बचा सकेगा। पीएम मोदी ने दो टूक कहा हैं कि अब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की एक भी घटना का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। पीएम मोदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ निलंबित हुआ है। मतलब जब भी जरूरत पड़ेगी, यह हमले फिर से शुरू हो सकते हैं। भारत अब पहलगाम जैसी किसी भी आतंकी घटना का ऑपरेशन सिंदूर से भी बढ़कर निर्णायक जवाब देगा।

पाकिस्तान में सरकार किसी की सरकार रहे, जब भी भारत के साथ विवाद हुआ है परमाणु हमले की धमकी देना पाकिस्तानी नेताओं की आदत रही है। लेकिन, अब भारत तय कर चुका है कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियां आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने से नहीं रोक सकेंगी। ऑपरेशन सिंदूर के साथ ही भारत परमाणु हमले वाली चिंता से बाहर निकल चुका है।

भारत अब आतंकवादियों और उन्हें पालने पोसने वाले में कोई फर्क नहीं करता। मतलब, किसी भी आतंकवादी घटना के लिए जितने जिम्मेदार आतंकी संगठन की होगी, उतना ही पाकिस्तान की भी होगी। मतलब, ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब भारत उन्हें सक्रिय समर्थन देने वालों से भी भेद नहीं करेगा। पाकिस्तानी सेना के लिए इससे बड़ी चेतावनी नहीं हो सकती।

भारत के लिए अब यह भी न्यू नॉर्मल है कि अगर कभी भी पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत होती है, तब यह पहले सिर्फ आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के मुद्दे पर ही होगी। मतलब, पाकिस्तान के लिए दरवाजे भारत की ओर से बंद हो चुक हैं। अगर वह कभी भी भविष्य में रिश्ते सुधारना चाहता है, तब आतंकवाद पर लगाम कसनी ही पड़ेगी और उसके लिए भारत के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाना नामुमकिन होगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**